राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 360
लखनऊ, बुधवार 2 सितंबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



शमसाबाद रेलवे स्टेशन पर किसानों ने दिया धरना 10

सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता व योग्यता को ही सर्वोच्च प्राथमिकता 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

गोल्ड 24 कैरेट = 1,54,240/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,41,400/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,15,720/10 ग्राम
चांदी = 2,50,000/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### फैक्ट्री विस्फोट: सात पुलिसकर्मी निलंबित

**कौशांबी।** अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 11 लोगों की मौत के बाद पुलिस ने सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। आरोप है कि लाइसेंस निलंबित होने के बावजूद फैक्ट्री में अवैध निर्माण और भंडारण की जानकारी होने पर भी कार्रवाई नहीं की गई। मुख्य आरोपी और फैक्ट्री संचालक नौशाद को मंगलवार तड़के पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार फायरिंग के दौरान पैर में गोली लगने से घायल नौशाद के पास से तमंचा बरामद हुआ। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### 17 करोड़ के नकली नोट मिलने से हड़कंप

**सहारनपुर।** जिले के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की करेंसी चेस्ट में करीब 17 करोड़ रुपये के नकली नोट मिलने का मामला सामने आया है। बैंक ऑडिट के दौरान खुलासा होने के बाद आरबीआई के छह अधिकारी जांच के लिए बैंक पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, करेंसी चेस्ट का हाउसकीपर सीसीटीवी में पैसे निकालते नजर आया है। मामले में तीन बैंक अधिकारियों को निलंबित किया गया है। आरबीआई की जांच जारी है।

### भारतीय टी-20 टीम घोषित

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। वैभव सूर्यवंशी को लगातार चौथी टी-20 सीरीज में मौका मिला है। श्रेयस अय्यर कप्तान बने रहेंगे, जबकि संजू सैमसन और ईशान किशन विकेटकीपर के तौर पर टीम में शामिल हैं। पहला मुकाबला 13 सितंबर को नई दिल्ली में होगा।

### गोवा-दिल्ली विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** गोवा से दिल्ली जा रही इंडिगो की उड़ान के इंजन में खराबी का पता करीब 14 हजार फीट की ऊंचाई पर चला। इसके बाद विमान की गोवा एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई गई। एयरलाइन के अनुसार, सभी जरूरी जांच और मंजूरियां मिलने के बाद ही विमान दोबारा उड़ान भरेगा।

### 400 यूनिट तक बिजली खपत पर मुफ्त सोलर पैनल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने संशोधित सोलर नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 400 यूनिट तक मासिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं के घरों पर 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल मुफ्त लगाए जाएंगे। सरकार ने मार्च 2027 तक 2.30 लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा है।

# नीट प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज सभी एफआईआर रद्द

## बड़ी जीत के बाद कॉकरोचों ने 5 सितंबर का मार्च वापस लिया

**सुप्रीम राहत**

- पांच राज्यों में 20 से 25 जुलाई के प्रदर्शनों से जुड़े सभी मुकदमे खत्म
- 2873 आपराधिक पृष्ठभूमि वालों पर नई एफआईआर की छूट
- आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा



**क्या है अनुच्छेद 142**

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 में मिली विशेष शक्ति का इस्तेमाल किया। इसका उद्देश्य मामले की परिस्थितियों में पूर्ण न्याय करना है। कोर्ट ने साथ ही स्पष्ट किया कि मौजूदा आदेश विशेष तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित है। इसलिए इसे भविष्य में इसी तरह के मामलों में स्वतः लागू होने वाली बाध्यकारी मिसाल नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को बातचीत और आपसी विश्वास बनाए रखने का संदेश भी दिया।

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

नीट-यूजी पेपर लीक के विरोध में सड़कों पर उतरे छात्रों को सर्वोच्च अदालत ने मंगलवार को बड़ी राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने 20 से 25 जुलाई के बीच हुए प्रदर्शनों से जुड़े मुकदमों को खत्म करने का आदेश दिया। दिल्ली के अलावा बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल और असम में दर्ज मामलों को भी इस राहत के दायरे में रखा गया है। हालांकि, यह राहत उन 2873 लोगों पर लागू नहीं होगी, जिनके बारे में सरकार ने आपराधिक पृष्ठभूमि होने की बात कही है। इनके खिलाफ नए सिरे से एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दी गई है। फैसले के तुरंत बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने पांच सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित मार्च वापस ले लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्ति का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने स्पष्ट किया कि फैसला मामले के विशेष तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित है। इसे भविष्य के मामलों के लिए बाध्यकारी मिसाल नहीं माना जाएगा।

मामले की सुनवाई केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से मामलों को खत्म करने की पहल के बाद हुई। दिल्ली पुलिस से जुड़े 13 एफआईआर को वापस लेने के लिए केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम आवेदन दिया था। दूसरी ओर बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल और असम ने कुल 116 एफआईआर खत्म करने की मांग की थी। इनमें बिहार की 69, महाराष्ट्र की 34, बंगाल की आठ और असम की पांच एफआईआर शामिल थीं।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत में दिए गए आश्वासनों पर कायम है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत सकारात्मक और रचनात्मक रही है। कोर्ट ने भी कहा कि खुले मन से बातचीत और आपसी विश्वास से कठिन से कठिन समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

सरकार के आश्वासन और कोर्ट के आदेश के बाद सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने पांच सितंबर का प्रस्तावित मार्च वापस लेने की जानकारी दी।

**महंगाई की मार**

## सिलेंडर, दूध, कार व सीएनजी तक महंगी




**एजेंसी, नई दिल्ली।** सितंबर की शुरुआत आम लोगों के लिए महंगाई की नई चुनौती लेकर आई है। देश में एक सितंबर से कई अहम बदलाव लागू हुए हैं। कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट और कैटरिंग का खर्च बढ़ेगा, जबकि मुंबई में थोक दूध की कीमत में ?9 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। टाटा मोटर्स ने अपनी कारों की कीमतें ?25 हजार तक और हुंडई मोटर इंडिया ने करीब एक प्रतिशत तक बढ़ा दी हैं। मुंबई में सीएनजी और घरेलू पीएनजी भी महंगी हो गई है। वहीं विमान ईंधन यानी एटीएफ की कीमत में 5.46 प्रतिशत की बढ़ोतरी से आने वाले दिनों में हवाई टिकट महंगे होने की आशंका है।तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 11.50 रु. तक की बढ़ोतरी की है। पांच किलो वाला सिलेंडर भी 2 रु. महंगा होकर 764 रु. हो गया है। हालांकि 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कॉमर्शियल गैस महंगी होने का असर रेस्टोरेंट, ढाबों और कैटरिंग कारोबार पर पड़ सकता है। मुंबई में बॉम्बे मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने थोक दूध की कीमत 93 रु. से बढ़ाकर 102 रु. प्रति लीटर कर दी है। नई दर 28 फरवरी 2027 तक लागू रहेगी।

# भारत के लिए पुतिन का बड़ा डिफेंस ऑफर

## एस-500 से एसयू-57 तक खोला शस्त्रों का पिटारा

**एजेंसी, बिश्केक।**


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बिश्केक में मुलाकात के बाद भारत-रूस रक्षा संबंधों में नई हलचल दिखाई दे रही है। रूस ने भारत के सामने अपनी अत्याधुनिक रक्षा क्षमताओं का बड़ा पैकेज रखा है। इसमें एस-500 प्रोमेथियस एयर डिफेंस सिस्टम और एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान प्रमुख हैं।

इसके अलावा रूस ने भारत को पांच अतिरिक्त एस-400 स्क्वाड्रन देने की पेशकश भी की है।

रूस की यह पेशकश ऐसे समय आई है जब भारत अपनी वायु रक्षा और लड़ाकू विमान क्षमता को तेजी से मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू स्क्वाड्रनों की संख्या जरूरत के मुकाबले कम है।

वहीं स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के एएमसीए को तैयार होने में अभी समय लगेगा। ऐसे में एसयू-57 को लेकर रूस का प्रस्ताव तत्काल और दीर्घकालिक जरूरतों के बीच एक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। रूस का एस-500 प्रोमेथियस लंबी दूरी की वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली है।

इसे एस-400 से आगे की क्षमता वाला सिस्टम बताया जाता है।



- पांच अतिरिक्त एस-400 स्क्वाड्रन की पेशकश

### आतंकवाद पर प्रधानमंत्री मोदी का दो टूक

एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को लेकर सदस्य देशों को स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जा सकता। आतंकवाद के वित्तपोषण, कट्टरपंथ, आतंकियों की भर्ती और उन्हें सुरक्षित पनाह देने वाले नेटवर्क के खिलाफ सामूहिक और प्रभावी कार्रवाई जरूरी है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद को क्षेत्रीय शांति और विकास के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जो ताकतें आतंकवाद को अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करती हैं, उनके खिलाफ स्पष्ट रुख अपनाना होगा।

# क्रीमी लेयर पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

- ओबीसी आरक्षण क्रीमी लेयर के मापदंड पर कोर्ट करेगा विचार
- केंद्र की याचिका पर शीर्ष न्यायालय में सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर तय करने के मानदंड को लेकर सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। मंगलवार, 1 सितंबर को केंद्र सरकार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद इस मामले में महत्वपूर्ण स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। मामला इस सवाल से जुड़ा है कि ओबीसी अभ्यर्थी को क्रीमी लेयर में रखने या आरक्षण का लाभ देने के लिए माता-पिता की आय को किस हद तक आधार बनाया जा सकता है।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया था कि ओबीसी अभ्यर्थी की क्रीमी लेयर स्थिति का निर्धारण केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता। अभ्यर्थी के माता-पिता का पद, उनकी सरकारी सेवा की श्रेणी और अन्य संबंधित परिस्थितियों को भी ध्यान में रखना होगा। मामले की सुनवाई इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इससे ओबीसी आरक्षण के तहत क्रीमी लेयर और नॉन-क्रीमी लेयर की पहचान के नियमों पर असर पड़ सकता है। केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के बाद अदालत यह स्पष्ट कर सकती है कि मौजूदा मानदंडों को किस तरह लागू किया जाए। ओबीसी वर्ग में अपेक्षाकृत संपन्न और सामाजिक-आर्थिक रूप से आगे बढ़ चुके लोगों को क्रीमी लेयर के दायरे में रखा जाता है।

ऐसे अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। इसके विपरीत, निर्धारित शर्तें पूरी करने वाले नॉन-क्रीमी लेयर के ओबीसी अभ्यर्थी आरक्षण के पात्र होते हैं।

### ममता बनर्जी की भतीजी घर में फंदे से लटकी मिली आत्महत्या की आशंका

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के चचेरे भाई निहार मुखोपाध्याय की बेटी ब्रिष्टि मुखोपाध्याय मंगलवार को बीरभूम जिले के रामपुरहाट स्थित अपने घर में फंदे से लटकी मिलीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मानकर जांच कर रही है, हालांकि मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। पुलिस के मुताबिक, रामपुरहाट थाना क्षेत्र के कुसुंबा गांव स्थित घर की दूसरी मंजिल पर ब्रिष्टि का शव मिला। घटना की जानकारी परिवार के सदस्यों ने पुलिस को दी।

**अंतहीन त्रासदी**

# नेपाल में फिर बाढ़ का अलर्ट

- सात जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ा
- मौत का आंकड़ा हुआ 1000 के पार
- चितवन में सबसे ज्यादा 321 शव बरामद

**एजेंसी, काठमांडू।**



हिमालयी आपदा से उबरने की कोशिश कर रहे नेपाल में एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद अधिकारियों ने मंगलवार को सात जिलों में नया बाढ़ अलर्ट जारी किया। रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, तनहूं, नवलपरासी और चितवन में नदियों के किनारे बसे लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी गई है। इस बीच 26 अगस्त को हिमालयी क्षेत्र में आई विनाशकारी बाढ़ से नेपाल में मरने वालों की संख्या 987 पहुंच गई है। चीन में हुई मौतों को जोड़ने पर यह आंकड़ा 1,003 हो गया है।

ताजा आंकड़ों ने राहत और बचाव अभियान की चुनौती बढ़ा दी है। नेपाल की आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, 3,916 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें 583 विदेशी नागरिक शामिल हैं। राहत एवं बचाव दल अब तक करीब 11,814 लोगों को सुरक्षित निकाल चुके हैं। सड़क और पुल बहने तथा भूस्खलन के कारण कई इलाकों का संपर्क टूट गया है। ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए हेलीकॉप्टर और अन्य विमानों की मदद ली जा रही है।

आपदा में सबसे ज्यादा तबाही चितवन जिले में हुई है। यहां अब तक 321 शव बरामद किए जा चुके हैं। लगातार चल रहे तलाशी अभियान में मलबे, नदी किनारे और बाढ़ प्रभावित इलाकों से शव निकाले जा रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों के अब भी लापता होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, तनहूं, नवलपरासी और चितवन में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। स्थानीय प्रशासन नदी-नालों के किनारे बसे इलाकों की निगरानी कर रहा है। लोगों को नदी के आसपास न जाने और खतरा बढ़ने पर तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की सलाह दी गई है। नेपाल में 26 अगस्त को हिमालय के ऊंचे इलाकों में ग्लेशियर और विशाल चट्टानी मलबा ढहने के बाद यह भयावह आपदा आई थी। बर्फ, चट्टान और पिघले पानी का भारी मलबा तेजी से घाटियों की ओर आया और लेंडे नदी में मिल गया। इससे अचानक विनाशकारी बाढ़ की स्थिति पैदा हुई। इसका असर नेपाल के साथ तिब्बत के कई हिस्सों में भी पड़ा।

नेपाल एनवायरमेंट सोसाइटी की अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, रसुवा के लांगटांग लिरुंग क्षेत्र में करीब 5,200 मीटर की ऊंचाई से बर्फ, चट्टान और मलबे का विशाल हिस्सा नीचे गिरा। वैज्ञानिकों के अनुसार इस घटना से पैदा हुए भूकंपीय कंपन को करीब 5.2 तीव्रता के झटके के रूप में दर्ज किया गया।

प्रशासन के सामने अब दोहरी चुनौती है–एक तरफ हजारों लापता लोगों की तलाश और दूसरी तरफ बढ़ते नदी जलस्तर से प्रभावित इलाकों को नई बाढ़ से बचाना। हेलीकॉप्टरों से दुर्गम क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। बचाव दल मलबे और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं।

### अजय राय ने सीएम के खिलाफ दायर किया मानहानि का मुकदमा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। अयोध्या में उनके कथित तौर पर मछली खाने को लेकर लगाए गए आरोपों से आहत अजय राय मंगलवार को लखनऊ की सिविल कोर्ट पहुंचे और न्यायालय में मानहानि का दावा दाखिल किया। अजय राय का आरोप है कि मुख्यमंत्री की ओर से उनके संबंध में मछली खाने को लेकर लगाए गए आरोप झूठे, तथ्यहीन और आपत्तिजनक हैं।

# चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी

- धमकी भरा पत्र भेज कहा जल्द मार देंगे आतंकी
- गृह सचिव से जांच और सुरक्षा बढ़ाने की मांग



नई दिल्ली। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी मिली है। उनके कार्यालय को डाक के जरिए मिले एक गुमनाम पत्र में लिखा गया है कि उन्हें जल्द ही 'कट्टर आतंकवादियों' द्वारा मार दिया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए चिराग पासवान के कार्यालय ने केंद्रीय गृह सचिव को पत्र भेजकर तत्काल जांच और उनकी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने की मांग की है।

एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, चिराग पासवान के अतिरिक्त निजी सचिव आलोक कुमार सिंह ने मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने धमकी देने वाले की पहचान, संदेश की वास्तविकता और इसके पीछे की परिस्थितियों की तत्काल जांच कराने का अनुरोध किया है। साथ ही मंत्री की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जरूरत पड़ने पर उसे और मजबूत करने की मांग की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक धमकी भरे पत्र में अंग्रेजी में ' यू विल बी किल्ड शॉर्टली बाई हार्डकोर टेररिस्ट' लिखा गया था।

# 6 करोड़ के सेटलमेंट पर सुभाष चंद्रा को एनसीएलटी का झटका

- 6.25 करोड़ के भुगतान वाले प्रस्ताव पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

जी समूह के संस्थापक और एस्सेल समूह के चेयरमैन एमेरिटस सुभाष चंद्रा को व्यक्तिगत दिवालिया मामले में बड़ा झटका लगा है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की पांच सदस्यीय विशेष पीठ ने 25 अगस्त के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें चंद्रा की 6.25 करोड़ रुपये की पुनर्भुगतान योजना को मंजूरी दी गई थी। चंद्रा के खिलाफ स्वीकृत लेनदार दावों की कुल राशि करीब 22,006.57 करोड़ रुपये है।

एनसीएलटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने मामले में सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अंतिम निर्णय होने तक चंद्रा को अपनी संपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने या किसी अन्य तरीके से निपटाने पर भी रोक रहेगी।

मामले में दो सदस्यीय एनसीएलटी पीठ के सदस्यों की राय अलग-अलग होने के बाद इसे तीसरे सदस्य के पास भेजा गया था। 25 अगस्त को तीसरे सदस्य ने चंद्रा की पुनर्भुगतान योजना को मंजूरी देने के पक्ष में राय दी थी। इसके बाद मतभेद के चलते मामला एनसीएलटी अध्यक्ष के पास गया और पांच सदस्यीय विशेष पीठ का गठन किया गया।

**प्रतीक्षा खत्म**

**राम मंदिर के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव**

# राम मंदिर को मिलेगा पहला सीईओ, आज बैठक में होगा फैसला

- चयन समिति ने तीन नाम किए तय, आज ट्रस्ट को सौंपे जाएंगे
- सचिव, रिक्त सदस्य पद और समितियों पर भी होगा मंथन

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



राम मंदिर के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के नाम पर बुधवार को अंतिम मुहर लग सकती है। सीईओ के लिए चयन समिति ने तीन नाम तय किए हैं। मंगलवार को ये नाम ट्रस्ट को सौंपे जाएंगे। इसके बाद बुधवार दोपहर दो बजे मणिरामदास छावनी में होने वाली बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

सीईओ के चयन के साथ ट्रस्ट के सचिव पद, एक रिक्त सदस्य पद और नई समितियों के गठन पर भी बैठक में फैसला संभव है। ऐसे में बुधवार की बैठक ट्रस्ट के प्रशासनिक पुनर्गठन के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

सीईओ के चयन के लिए गठित समिति में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी और विशेषज्ञ सदस्य सुरेश हावड़े शामिल हैं। समिति के सदस्य अयोध्या पहुंच चुके हैं। तीन नाम तय होने के बाद अब अंतिम फैसला ट्रस्ट को करना है।

राम मंदिर में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के साथ दर्शन, सुरक्षा, निर्माण परियोजनाओं, कर्मचारियों और दूसरी व्यवस्थाओं का दायरा भी बढ़ा है। मंदिर से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं और प्रशासनिक कामकाज के बेहतर समन्वय के लिए सीईओ का पद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद प्रशासनिक जिम्मेदारियों को पेशेवर व्यवस्था के तहत संचालित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

बैठक में सचिव पद पर भी निर्णय हो सकता है। जानकारी के मुताबिक जगदीश ऑफले का नाम इस पद के लिए चर्चा में है। हालांकि अंतिम निर्णय ट्रस्ट की बैठक में ही होगा।

राजा अयोध्या विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन के बाद ट्रस्ट में एक सदस्य पद रिक्त है। इस पद को भरने पर भी बैठक में विचार संभव है। संभावित नामों में उनके पुत्र और साहित्यकार यतींद्र मिश्र के अलावा विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग लाल बांगड़ा का नाम चर्चा में है। ट्रस्ट की विभिन्न समितियों के गठन पर भी बैठक में फैसला हो सकता है। इन समितियों में तीन संतों को शामिल किए जाने की संभावना है। समितियों के जरिए मंदिर की धार्मिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अलग-अलग स्तर पर संचालित करने की तैयारी है। चढ़ावा चोरी के मामले के बाद ट्रस्ट में हुए बदलावों और पूर्व महासचिव चंपत राय व अनिल मिश्रा के इस्तीफे से प्रशासनिक स्तर पर कुछ रिक्तियां बनी हैं।

## हुनर को मिला अवसर, सपनों को मिली उड़ान

# सीएम ने आर्यन व प्रखर को बनाया सफल उद्यमी

- युवाओं को मिल रहा स्वरोजगार व रोजगार सृजन का अवसर
- दो युवाओं को मिले 5-5 लाख रुपये के ऋण

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।



मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना युवाओं के सपनों को साकार करने और उन्हें नौकरी तलाशने वाले से रोजगारदाता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आत्मनिर्भर युवा और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को धरातल पर साकार करते हुए योजना के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर और विचारों को व्यवसाय में बदलने का अवसर मिल रहा है। जनपद के आर्यन कुमार और प्रखर शुक्ला की सफलता की कहानी इसका प्रेरक उदाहरण है। दोनों युवाओं को योजना के तहत 5-5 लाख रुपये का ऋण मिला, जिसके माध्यम से उन्होंने अपनी रुचि और हुनर को सफल उद्यम का रूप दिया।

ग्राम दरावपुर निवासी आर्यन कुमार ने अपने पिता राजेंद्र कुमार से मिले मधुमक्खी पालन के अनुभव को आधुनिक उद्यम का स्वरूप देने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत आवेदन करने पर उन्हें 5 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने मधुमक्खी पालन एवं शहद आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों के व्यवसाय को आगे बढ़ाया। आर्यन के उद्यम में हनी विनेगर, हनी जिंग, ड्राई फ्रूट्स विद हनी तथा गार्लिक विद हनी जैसे मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। उनका प्रयास स्थानीय स्तर पर उत्पादित गुणवत्तापूर्ण शहद को बेहतर प्रसंस्करण, आकर्षक पैकेजिंग और मूल्य संवर्धन के साथ बड़े बाजार तक पहुंचाना है। साथ ही स्थानीय मधुमक्खी पालकों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने तथा इस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में भी वह कार्य कर रहे हैं। आर्यन बताते हैं कि सीएम युवा योजना के तहत मिले 5 लाख रुपये के ऋण और मार्गदर्शन ने उनके उद्यम को शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका लक्ष्य अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ना है। बाराबंकी निवासी प्रखर शुक्ला को बचपन से ही कंटेंट क्रिएशन और वीडियो एडिटिंग में गहरी रुचि थी, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी उनके सामने बड़ी बाधा थी। विभागीय कैंप के माध्यम से उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली।

योजना के तहत उन्हें भी 5 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। आर्थिक सहयोग मिलने के बाद उन्होंने तीन कंप्यूटर खरीदे और तीन लोगों को नियुक्त कर अपना व्यवसाय शुरू किया।

# 32 साल के युवक को घर से उठा ले गया बाघ

- 700 मीटर दूर मिला शव
- दोनों पैर खा गया, क्षत-विक्षत शव हुआ बरामद

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।



मंगलवार को एक बाघ 32 साल के युवक को घर के बाहर से जबड़े में दबाकर उठा ले गया। उसके दोनों पैर खा डाले। पेट फाड़ दिया और पंजों से गला आधा काट डाला। युवक की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। राम सिंह का क्षत-विक्षत शव उनके घर से 700 मीटर दूर खेत में बरामद हुआ। शव और चेहरे पर पंजों के गहरे निशान थे। खेत में अंतड़ियां फैली हुई थीं। घटना तड़के 3 बजे जिला मुख्यालय से 65 किमी. दूर मोतीपुर थाना क्षेत्र के महबूबनगर गांव की है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बाघ को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। तलाशी के दौरान मृतक के घर के आसपास बाघ के पंजों के निशान मिले हैं। इलाके में ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। जाल बिछाया जा रहा है। पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है। महबूबनगर गांव निवासी राम सिंह खेती-किसानी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। वह दो भाइयों में छोटे थे। उनके पिता मालती प्रसाद बीमार रहते हैं, जिस वजह से वह घर पर ही रहते हैं। राम सिंह सोमवार रात खाना खाकर घर के बाहर बने बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे। तड़के बाघ दबे पांव आया और राम सिंह पर हमला कर दिया। शोर सुनकर अंदर सो रहे परिजनों की नींद खुल गई। परिजन दौड़ते हुए बाहर आए तो राम सिंह चारपाई पर नहीं थे। जमीन पर बाघ के पंजों के निशान बने हुए थे। इसके बाद शोर मचाकर आसपास के लोगों को जगाया। पूरी बात बताई। ग्रामीण लाठी-डंडे और टॉर्च लेकर राम सिंह की तलाश में निकल पड़े।

## खबरें एक नजर में

### शिकायत का हुआ निस्तारण

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को लेकर अधिवक्ता विभोर गुप्ता द्वारा की गई शिकायत का निस्तारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कर दिया गया है। विभोर गुप्ता ने बीती 17 अगस्त को संपूर्ण समाधान दिवस एवं आइजीआरएस पर सीएचसी में आर्थोपेडिक चिकित्सक, रेडियोलॉजिस्ट व अल्ट्रासाउंड चिकित्सक की नियुक्ति न होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत का निस्तारण करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में बताया कि अस्पताल में ऑर्थोपेडिक चिकित्सके व रेडियोलॉजिस्ट का पद स्वीकृत नहीं होने के कारण उक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती यहां पर नहीं है। वही अल्ट्रासाउंड के लिए अभी हाल ही में हैदरगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुम्भा ऐट परीवां के लिए स्थानांतरित कर दिये गए डॉक्टर विश्वनाथ मद्धेशिया को को कार्य करने के लिए आदेशित कर दिया गया है।

### हादसों का कारण बन रहे आवारा पशु, एक युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सडक पर घूम रहे आवारा पशु हादसों का कारण बन रहे हैं। एक बार फिर आवारा पशुओं के कारण सड़क हादसा हो गया। जिसमें 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार एक अन्य युवक घायल हो गया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर नगर जनपद के थाना व कस्बा पनकी निवासी सौरभ कुमार पाल पुत्र शिवनाथ पाल 35 एवं कानपुर देहात जनपद के थाना शिवली के मोहनपुर भावपुर गांव निवासी बृजेंद्र कुमार पुत्र रामकुमार 30 मंगलवार सुबह मोटरसाइकिल से अमेठी जनपद के जगदीशपुर कस्बे से कानपुर जा रहे थे। मंगलवार सुबह लगभग साढ़े चार बजे जब उनकी बाइक लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर लोनीकटरा थाना क्षेत्र के छबील गांव के पास पहुंची तभी अचानक सड़क पर आई गाय से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

### धर्मांतरण का खेल, ईसाई बनाने का आरोप, दो गिरफ्तार

**कैसरगंज बहराइच।** थाना जरवलरोड क्षेत्र के ग्राम तप्पेसिपाह में प्रलोभन देकर और कपटपूर्ण तरीकों से धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया है और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम तप्पेसिपाह निवासी बाबा राम कुमार दास पुत्र शत्रोहन प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जरवल रोड थाना क्षेत्र के रहने वाले राधेश्याम गुप्ता निवासी नई बाजार तप्पेसिपाह , दिनेश यादव निवासी गुलामपुरवा तप्पेसिपाह और राम वृक्ष निवासी अटवा चहलुवा पूर्व में ईसाई धर्म अपना चुके हैं। आरोप है कि ये तीनों लोग गांव व आसपास के निवासियों को प्रलोभन देकर और गुमराह करके ईसाई धर्म स्वीकार कराने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे स्थानीय हिंदू समाज पर अनुचित प्रभाव पड़ रहा है। शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 5( 1) के तहत मामला पंजीकृत किया है। मामले की जानकारी देते हुए जरवल रोड थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि ग्रामीण की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों रामवृक्ष और दिनेश यादव को हिरासत में लेते हुए जेल भेजा गया था।

### रामलीला मैदान में सरदार भगत सिंह का जन्म दिवस मनाया गया

**बलरामपुर।** बलरामपुर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला बलरामपुर के तत्वावधान में रामलीला मैदान में सरदार भगत सिंह का जन्म दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया तत्पश्चात कललू चौहान जिला काउंसिल सदस्य ने राष्ट्रपति को संबोधित 13 सूत्रीय ज्ञापन उप जिला अधिकारी सदर बलरामपुर को सोपा ज्ञापन के अनुसार सांसदों विधायकों के निधि का जो पैसा प्राप्त होता है उसे विकास के लिए कारखाना बनाया जाए नौजवानों को नौकरी दिया जाए खेतिहर मजदूरों को काम देकर उनका प्लायन रोका जाए गरीब किसानों को 15 डिसमिल जमीन व 500000 मकान बनाने के लिए दिया जाए मनरेगा मजदूरों को पूरे वर्ष में 200 दिन का काम दिया जाए किसानों को 10000 प्रतिमा पेंशन दिया जाए बंद पेंशन को लागू किया जाए सीलिंग व ग्राम समाज की जमीन को कैंप लगाकर पात्रो में बांटा जाए रुका हुआ वृद्धा पेंशन बहाल किया जाए राम की नगरी अयोध्या के चंदा चोरी का धन वापस कराया जाए निजीकरण पर लोग लगाई जाए कुंभ मेला इलाहाबाद के भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं की पुन: जांच कराई जाए और उचित मुआवजा दिया जाए।

### डीएम ने किया मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखी और लोकार्पण से पहले की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बचे हुए फिनिशिंग के काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, बॉयज हॉस्टल और गर्ल्स हॉस्टल का निरीक्षण किया। उन्होंने भवनों में चल रहे निर्माण और फिनिशिंग के काम को देखा। संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि सभी बचे हुए काम अच्छी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरे किए जाएं। एकेडमिक ब्लॉक में क्लासरूम का निरीक्षण करते हुए डीएम ने कहा कि कक्षाओं के संचालन के लिए जरूरी फर्नीचर और अन्य सुविधाएं समय से तैयार कर ली जाएं। विश्वविद्यालय के अलग-अलग भवनों, कार्यालयों और विभागों की पहचान आसानी से हो सके, इसके लिए जरूरी साइनेज भी लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। परिसर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए जो भी काम बाकी हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाए। डीएम ने कहा कि मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का जल्द लोकार्पण प्रस्तावित है। इसलिए सभी संबंधित विभाग और कार्यदायी संस्था आपसी तालमेल से काम करते हुए समय पर सभी तैयारियां पूरी करें। लोकार्पण से पहले निर्माण, फिनिशिंग, फर्नीचर, साइनेज समेत किसी भी जरूरी काम में कमी या देरी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, कार्यदायी संस्था के अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में बैठक, कोल्ड स्टोरेज संचालकों व किसान बंधुओं को दी गई योजना की जानकारी

- प्रदेश सरकार का आलू किसानों के हित में बड़ा कदम

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।



प्रदेश सरकार द्वारा आलू उत्पादक किसानों के हित में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लागू 'भामाशाह भाव स्थिरता कोष' योजना के जनपद में प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन सहित कोल्ड स्टोरेज संचालकगण एवं किसान बंधु उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि आलू के बाजार भाव में गिरावट की स्थिति में किसानों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से भामाशाह भाव स्थिरता कोष के माध्यम से निर्धारित उत्पादन लागत एवं बिक्री दर के अंतर के आधार पर पात्र किसानों को अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्राप्त होगा तथा स्वीकृत अनुदान की धनराशि आधार-सीडेड डीबीटी के माध्यम से सीधे किसान के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। योजना के तहत प्रति किसान अधिकतम 2 हेक्टेयर आलू रोपित क्षेत्रफल तथा अधिकतम 200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान अनुमन्य होगा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को योजना की आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक अभिलेखों की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य है। आवेदन के साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र, आधार कार्ड, आधार से लिंक बैंक पासबुक/चेकबुक तथा आलू रोपित क्षेत्रफल दर्शाने वाली खसरा-खतौनी सहित आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने होंगे।

ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑनलाइन पंजीकृत पात्र किसानों को स्वीकृत अनुदान की धनराशि आधार-सीडेड/आधार प्रमाणित बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही किसानों को आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग एवं योजना से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में किसान बंधुओं एवं कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने भी भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना से संबंधित अपने सुझाव एवं समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के साथ ही योजना के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

## समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारीः जिलाधिकारी

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु, जिला उद्योग बंधु एवं जिला स्तरीय बैंकिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापार एवं उद्योग से जुड़ी समस्याओं के साथ ही शासन की स्वरोजगारपरक योजनाओं तथा बैंकिंग सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद व्यापारियों एवं उद्यमियों से संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों एवं उद्यमियों से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि जनपद में व्यापार और उद्योग के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उद्यमियों को अनुमतियों, योजनाओं और विभागीय प्रक्रियाओं में अनावश्यक परेशानी न हो तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लंबित आवेदन पत्रों की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक पात्र युवाओं को योजनाओं का लाभ समय से मिलना चाहिए। आवेदन से लेकर ऋण स्वीकृति एवं वितरण तक की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में न हो। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिक से अधिक पात्र युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया।

## जांच में रिकॉर्ड गायब! लाखों के भुगतान की फाइलें नदारद, बिना अभिलेख के जांच पर उठे सवाल




- बनघुसरा में 22-25 लाख के खर्च का हिसाब अधूरा
- नल मरम्मत से गौशाला और कायाकल्प तक रिकॉर्ड गायब

समृद्धि न्यूज़, विशेश्वरगंज बहराइच।

ग्राम पंचायत बनघुसरा में सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की जांच पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायतकर्ता पवन कुमार का आरोप है कि पांच वर्षों में नल मरम्मत समेत विभिन्न कार्यों में करीब 22 से 25 लाख रुपये निकाले गए, लेकिन जांच टीम को महज 25 नलों की अधूरी फाइल मिली, जिसमें करीब 6-7 लाख रुपये का ही ब्यौरा था। पंचायत भवन, गौशाला, कायाकल्प, ह्यूम पाइप और सोकपिट के नाम पर हुए भुगतानों का रिकॉर्ड भी जांच अधिकारियों के पास नहीं मिला। ऐसे में बड़ा सवाल है कि जब रिकॉर्ड ही गायब है तो जांच किस आधार पर हुई? जांच में डीडी एजी कृषि विभाग, एई डीआरडीए, जेई कृषि विभाग और उद्यान अधिकारी मौजूद रहे। शिकायतकर्ता ने पूर्व की जांचों पर भी सवाल उठाते हुए कथित फर्जी रिपोर्ट लगाए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ग्राम स्वराज पोर्टल के बिल-वाउचर उनके पास मौजूद हैं।

# मिहींपुरवा की बिजली पर फूटा जनाक्रोश तीसरे दिन भी नेताओं की बेरुखी

- अनशनकारियों की बिगड़ी हालत

समृद्धि न्यूज़, मिहींपुरवा, बहराइच।



बलहा विधानसभा क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन अब जनाक्रोश की चिंगारी से बड़े आंदोलन की आग में बदलता दिखाई दे रहा है। अनिश्चितकालीन आमरण अनशन के तीसरे दिन भी राहुल मदेशिया, ऋतिक सिंह, श्रेयांश यशस्वी, अभय यादव, उत्कर्ष प्रताप सिंह और नीरज सिंह समेत युवा अनशन पर डटे रहे। वहीं आंदोलनकारियों के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट की बात सामने आने से हालात गंभीर होते जा रहे हैं। आंदोलनकारियों के मुताबिक, अन्न-जल त्यागने के कारण उनका वजन और स्वास्थ्य लगातार प्रभावित हो रहा है। हालत बिगड़ने पर सीएमओ बहराइच की ओर से अनशनकारियों को भर्ती कराने की बात कही गई। इसके बावजूद आंदोलनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि वर्षों से बिजली की बदहाली झेल रही जनता को अब केवल आश्वासन नहीं, स्थायी समाधान चाहिए। 'वोट मांगने वालों को अब जनता की चीख क्यों नहीं सुनाई दे रही?' आंदोलन का सबसे तीखा सवाल जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर है। आंदोलनकारियों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि चुनाव के दौरान जनता के दरवाजे तक पहुंचने वाले नेता संकट की इस घड़ी में अनशन स्थल से दूर हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या जनता सिर्फ चुनाव के समय वोट देने वाली भीड़ है? दशकों से बिजली की समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि बार-बार शिकायतों और कथित आश्वासनों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते उन्हें आमरण अनशन जैसा कठोर कदम उठाना पड़ा।

## छठी रैंक पर अम्बेडकरनगर, फिर भी डीएम ने अफसरों को दिखाया आईना

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।



यूपी हेल्थ डैशबोर्ड पर प्रदेश में छठे स्थान की उपलब्धि के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कमियों ने जिलाधिकारी ईशा प्रिया का पारा चढ़ा दिया। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में योजनाओं की सुस्त रफ्तार और जमीनी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर डीएम ने अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि सिर्फ आंकड़ों में अच्छी रैंकिंग से काम नहीं चलेगा, अस्पताल में मरीज को बेहतर सेवा भी मिलनी चाहिए। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा हुई। जहां प्रगति ठीक मिली, वहां सुधार जारी रखने के निर्देश दिए गए, वहीं कमियां मिलने पर जिम्मेदारी भी तय की गई। डीएम ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने में किसी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। आयुष्मान भारत योजना में गोल्डन कार्ड बनाने की धीमी प्रगति ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए एमओआईसी भीटी का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। सभी एमओआईसी को प्रतिदिन कम से कम 50 गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया। संदेश साफ था-काम की गति बढ़ाइए, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहिए। बीमारी फैली तो सिर्फ बैठक नहीं, मैदान में उतरना होगा डेंगू और मलेरिया समेत संचारी रोगों की समीक्षा में डीएम ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। किसी इलाके में मरीज मिलते ही तत्काल साफ-सफाई, फॉगिंग, निरोधात्मक कार्रवाई और जागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीमारी फैलने के बाद कागजी खानापूर्ति नहीं, बल्कि समय रहते रोकथाम ही विभाग की असली परीक्षा है। 102 और 108 एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम में और सुधार के निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि आपात स्थिति में मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

पीएचसी और सीएचसी में ओपीडी तथा भर्ती सेवाओं की नियमित निगरानी के लिए प्रतिदिन का विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया। आशाओं के गृह भ्रमण, गर्भवती महिलाओं और बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच की भी समीक्षा की गई।

## सपा का 'मिशन-2027' का शक्ति प्रदर्शन, प्रबुद्ध सम्मेलन में दिखी ताकत



समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।

जलालपुर की सियासत में चुनावी आहट अभी दूर है, लेकिन समाजवादी पार्टी ने मिशन-2027 की तैयारी का बिगुल बजा दिया है। वल्लीपुर नेवादा में आयोजित प्रबुद्ध जन संवाद सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने सियासी तापमान बढ़ा दिया। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक सिंह के नेतृत्व में हुए सम्मेलन में क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सम्मेलन का मंच सामाजिक सम्मान, स्वाभिमान, अधिकार और विकास के मुद्दों से सजा, लेकिन संदेश साफ तौर पर 2027 की चुनावी सियासत से जुड़ा रहा। वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने और गांव-गांव संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया। समर्थकों ने आगामी विधानसभा चुनाव में सपा को मजबूत करने का संकल्प भी जताया। सम्मेलन में जुटी भीड़ को डॉ. अभिषेक सिंह की बढ़ती सक्रियता से जोड़कर देखा जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्वर्गीय जगदंबा सिंह के पुत्र लल्ला सिंह और पूर्व विधायक स्वर्गीय भगौती सिंह के दामाद ओमप्रकाश सिंह समेत क्षेत्र के कई प्रभावशाली चेहरे मौजूद रहे। शिक्षक, चिकित्सक, पूर्व प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी ने सम्मेलन को राजनीतिक वजन दिया। डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि 2027 का चुनाव सामाजिक न्याय, सम्मान, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई होगा। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना और उसके अधिकारों की आवाज बुलंद करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सम्मेलन में पहुंचे लोगों का आभार जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना विश्वास और स्नेह का संकेत है, लेकिन यह उनके लिए सम्मान से ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। सम्मेलन में सामाजिक एकजुटता को बूथ और गांव स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। समर्थकों ने जलालपुर में सपा को मजबूत करने और 2027 में पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प दोहराया।

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है की शिवम् कुमार यादव पिता श्री प्रेम नरायन यादव ग्राम बघहिया वभनन पुरवा कैसरगंज बहराइच का निवासी हूं मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2734278 है और इटरमीडियट का वर्ष 2021अनुक्रमांक 217185613 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र जो कहीं गायब हो गया है।

प्रार्थी
शिवम कुमार यादव
पिता प्रेम नरायन यादव
ग्राम बघहिया वभनन पुरवा कैसरगंज, बहराइच।

# हैदरगढ़ चीनी मिल में शरदकालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन

समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़ बाराबंकी।



हैदरगढ़ चीनी मिल परिसर में आज शरदकालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने तथा कृषकों को वैज्ञानिक गन्ना खेती की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से एक वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के 200 कृषकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक श्री ओमकार सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ. जे. सिंह तथा यूनिट हेड की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषकों को शरदकालीन गन्ने की बुवाई के लाभ, उन्नत प्रजातियों के चयन, स्वस्थ बीज सामग्री, बीज उपचार तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में यूनिट हेड द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण गन्ना उत्पादन के लिए समय से बुवाई, स्वस्थ एवं प्रमाणित बीज का प्रयोग, उन्नत गन्ना प्रजातियों का चयन तथा संतुलित उर्वरक एवं सिंचाई प्रबंधन अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कृषक यदि आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर गन्ने की खेती करें तो प्रति इकाई क्षेत्र उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने कृषकों से अपील की कि वे शरदकालीन गन्ने की बुवाई को प्राथमिकता दें तथा चीनी मिल एवं गन्ना विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि गन्ने की अच्छी फसल की शुरुआत समय पर बुवाई और गुणवत्तापूर्ण बीज से होती है। विभागाध्यक्ष (गन्ना) द्वारा कृषकों को शरदकालीन गन्ना बुवाई के दौरान चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं प्रोत्साहनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषकों को गन्ना बुवाई के लिए उपलब्ध बीज सामग्री, उन्नत गन्ना प्रजातियों, बीज उपचार, कृषि यंत्रों एवं अन्य विभागीय सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कृषकों से अपील की कि वे निर्धारित समय में गन्ने की बुवाई करें तथा बुवाई से पूर्व खेत की उचित तैयारी, बीज उपचार एवं अनुशंसित दूरी का विशेष ध्यान रखें।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र मो0 तौफीक व उसकी पत्नी अफसाना को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण उनसे अपने सारे संबंध समाप्त करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

प्रार्थी
मो0 वारिस पुत्र सुभान व
मुजीबन पत्नी मो0 वारिस
निवासीगण ग्राम कटरा बांसा,
थाना मसौली, जिला बाराबंकी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. रानी शान्ती देवी पत्नी स्व. राजा दान बहादुर सिंह निवासिनी ग्राम व पो. हथैधा, सोहिलपुर, बनीकोडर, तह. राम सनेही घाट, जनपद बाराबंकी ने एक अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 13.09.2016 को श्री अविनाश कुमार सिंह पुत्र स्व. रघुनाथ सिंह के पक्ष में निष्पादित किया था। स्व. रानी शान्ती देवी का देहान्त दिनांक 08.11.2017 को हो चुका है। वसीयत पंजीकृत हेतु दिनांक 25.08.2026 को श्री अविनाश कुमार सिंह ने उप निबंधक (तृतीय), लखनऊ के कार्यालय में निबन्धन हेतु प्रस्तुत की है। इस वसीयतनामें के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय उप निबंधक (तृतीय), लखनऊ में प्रकाशन तिथि से तीस दिन/01 माह (30) दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा विज्ञापन के प्रकाशन तिथि (30) दिन के अन्दर आपत्ति न प्राप्त होने पर मरणोपरान्त वसीयतनामें पर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

दिनांक:-31/08/2026

भवदीय
उप निबंधक (तृतीय)
लखनऊ।

चयनित अधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

# सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता व योग्यता को ही सर्वोच्च प्राथमिकता



- समूह ख की भर्ती में 8 महिलाएं भी रहीं शामिल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

अधिकारी अपनी तकनीकी दक्षता का इस्तेमाल पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने नवचयनित अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा विभागीय कार्यप्रणाली के साथ मैदानी स्तर की चुनौतियों को समझने के निर्देश दिए। बोर्ड में समूह 'ख' के 26 सहायक पर्यावरण अभियंता और 14 सहायक वैज्ञानिक अधिकारी समेत कुल 40 अधिकारियों का चयन किया गया है। इनमें 21 अधिकारी विभिन्न आइआइटी से शिक्षित हैं, जबकि अन्य ने देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है। चयनित अधिकारियों में आठ महिलाएं भी शामिल हैं। यह भर्ती चयन प्रक्रिया में किए गए बदलाव के बाद हुई है। पहले बोर्ड में समूह 'ख' के अधिकारियों की भर्ती मुख्य रूप से साक्षात्कार के आधार पर होती थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 1995 की पुरानी विनियमावली में संशोधन कर चयन प्रक्रिया को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार आधारित द्विस्तरीय व्यवस्था में बदला गया।

नई व्यवस्था में लिखित परीक्षा को 85 प्रतिशत और साक्षात्कार को 15 प्रतिशत अंक का वेटेज दिया गया, जिससे शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता को चयन का प्रमुख आधार बनाया गया। इन अधिकारियों को सीधे क्षेत्र में तैनाती देने के बजाय पहले एक माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत एक सप्ताह का कार्यक्रम आइआइएम, लखनऊ में आयोजित हो रहा है।

## योगी सरकार की 'हॉट कुक्ड मील' योजना ने बदली तस्वीर

उत्तर प्रदेश में बाल स्वास्थ्य और कुपोषण मुक्त भविष्य की नींव को मजबूत करते हुए योगी सरकार की 'हॉट कुक्ड मील' योजना आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर बदल रही है। 'सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0' अभियान के तहत प्रदेश के करीब 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के 32.88 लाख से अधिक नौनिहालों को प्रतिदिन ताजा, गर्म और संतुलित भोजन परोसा जा रहा है। यह पहल न केवल बच्चों में बचपन से ही स्वस्थ आहार की आदत डाल रही है, बल्कि राज्य में शिशु स्वास्थ्य मानकों को भी नए आयाम दे रही है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के मानकों के अनुसार, बच्चों की थाली में हर दिन विविधता का ध्यान रखा गया है। मेन्यू में रोटी, चावल, दाल और मौसमी हरी सब्जियों से भरपूर स्वादिष्ट तहरी शामिल है। भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर सरकार का रुख बेहद सख्त है। कोटेदार से मिलने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता की सख्त जांच के साथ-साथ सब्जियों को पकाने से पहले कई बार धोने के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों को भोजन परोसने से पूर्व दो वयस्कों–जैसे शिक्षक, रसोइया या माता समिति के सदस्यों द्वारा रोजाना इसका स्वाद व गुणवत्ता जांची जाती है।

# यूपीपीईटी-2026: अब अभ्यर्थी 7 तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने बढ़ाई अंतिम तिथि
- पहले 1 सितंबर थी आवेदन की अंतिम तारीख



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपी एसएसएससी) ने प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 (पीईटी-2026) के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने पीईटी-2026 के लिए पंजीकरण, शुल्क जमा करने और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर से बढ़ाकर 7 सितंबर 2026 कर दी है। इस संबंध में आयोग की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2026 (पीईटी-2026) का विज्ञापन 1 अगस्त 2026 को प्रकाशित किया गया था। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 3 अगस्त 2026 से शुरू हुई थी। पहले पंजीकरण, शुल्क जमा करने और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर 2026 निर्धारित की गई थी। अब आयोग ने अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अवसर देते हुए इस अंतिम तिथि को 7 सितंबर 2026 तक विस्तारित कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार पीईटी-2026 में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अब 7 सितंबर 2026 तक पंजीकरण कर सकते हैं, निर्धारित आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट कर सकते हैं। इससे उन अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के बाद अभ्यर्थियों को अपना आवेदन समय रहते पूरा करने का अतिरिक्त अवसर मिल गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि शुल्क समायोजन एवं आवेदन पत्र में संशोधन की अंतिम तिथि 8 सितंबर 2026 ही रहेगी। यानी अभ्यर्थियों को आवेदन सबमिट करने के बाद यदि निर्धारित प्रावधानों के तहत किसी प्रकार का संशोधन करना है तो उसके लिए 8 सितंबर तक का समय रहेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन की नई समय सीमा का ध्यान रखते हुए प्रक्रिया पूरी करें और अंतिम समय का इंतजार न करें। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल पंजीकरण, शुल्क जमा करने और ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि में बदलाव किया गया है। पीईटी-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, चयन का आधार, निर्धारित शर्तें एवं अन्य दिशा-निर्देश वही रहेंगे, जो आयोग द्वारा पूर्व में जारी विज्ञापन में प्रकाशित किए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### पुत्रों की दीर्घायु के लिए माताएं आज रखेंगी हलषष्ठी व्रत

**लखनऊ।** हरछठ (हलषष्ठी) व्रत भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। ये पर्व भगवान कृष्ण के बड़े भाई श्री बलराम जी के जन्म उत्सव के रूप में मनाया जाता है। षष्ठी तिथि का प्रारम्भ 2 सितंबर को प्रातः 06:12 से होगा और षष्ठी तिथि की समाप्ति 3 सितंबर को प्रातः 04:25 बजे पर होगी। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि उदया तिथि के अनुसार हल षष्ठी यानी हरछठ का पर्व 2 सितंबर को मनाया जाएगा। बलराम जी का शस्त्र हल और मूसल है। इसी कारण इनको हलधर भी कहते है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, बलराम जी शेषनाग के अवतार थे ये गदायुद्ध में विशेष प्रवीण थे। दुर्योधन इनका ही शिष्य था। इस दिन हल पूजन का विशेष महत्व है। इसे हल छठ पीन्नी छठ या खमर छठ भी कहते हैं पूरब के जिलों में इसे 'ललई छठ' भी कहा जाता है।

### सुंदरकांड पाठ के साथ शुरू हुई महानगर रामलीला की तैयारी

**लखनऊ।** श्री रामलीला समिति महानगर की ओर से सुंदरकांड के पाठ के साथ विधिवत रूप से रामलीला महोत्सव 2026 की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को कलाकारों का पूर्वाभ्यास (तालीम) प्रारंभ हो गया है। मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष रामलीला महोत्सव का प्रारंभ 14 अक्टूबर से होगा। रामलीला का निर्देशन महेंद्र पंत द्वारा किया जाएगा और दर्शकों को कुछ नए प्रसंग देखने को मिलेंगे। बारिश की फुहारों के बीच इस अवसर पर विशेष रूप से दीपक पांडे दीनू, विनोद पन्त बीनू, फ्लाइंग ऑफिसर बीपी पांडे, संजय श्रीवास्तव, अनिल जोशी, बृजेश मेहता,के के पांडे, कन्हैया,ललित भट्ट, दिवाकर राव, किशोर श्रीवास्तव, यशी लोहुमी, फाल्गुनी लोहुमी, अनुराधा मिश्रा,हरीश लोहुमी, भावना लोहानी, भावना लोहुमी,नवीन पांडे,आनंद सिंह, घनानंद जोशी,दीपेश पांडे, तारादत्त जोशी, गणेश जोशी,लक्ष्मण मिश्रा,कमल मिश्रा, भास्कर जोशी आदि ने सुन्दर काण्ड का पाठ किया।

### इस्कॉन मंदिर में 4 को धूमधाम से मनाया जाएगा जन्माष्टमी महामहोत्सव

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) में 4 सितंबर को जन्माष्टमी महा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने बताया कि जन्माष्टमी पर वृंदावन के विशेष कारीगरों द्वारा निर्मित जरी, मोती, मणि और माणिक्य से सुसज्जित भव्य पोशाक में श्री श्री राधा रमण बिहारी जी का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक भगवान का अभिषेक (दूध, दही, घी, शहद एवं 1008 पवित्र तीर्थों के जल से) होगा। इसके पश्चात रात्रि 10 से 12 बजे तक मुख्य पांडाल में महाअभिषेक संपन्न होगा। 16 माला जप एवं नियमों का पालन करने वाले निष्ठावान वैष्णव भक्तों द्वारा अत्यंत प्रेमपूर्वक निर्मित 256 प्रकार के व्यंजनों का छप्पन भोग भगवान को अर्पित किया जाएगा।

### अलीगंज के बड़ा भिंडियां टोला मोहल्ले में गंदगी और जलभराव

**लखनऊ।** ग्राउंड पर जब उतरो तो दावों की असल पोल पट्टी खुलकर सामने आती है। बारिश में ही दम है जो सच को सच दिखा देती है। नगर विकास के दावों की पोल खोलने के लिए अलीगंज का भिंडिया तोला काफी है। लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना जिस मोहल्ले के दौरा कर लेते हैं तो वहां थोड़ा बहुत सुधार हो जाता है क्योंकि वे सफाई और जलभराव जैसी मूलभूत सुविधाओं पर खास फोकस करते हैं लेकिन यह तोला उनसे न जाने क्यों अछूता है। अलीगंज लखनऊ के बड़ा भिंडियां टोला मोहल्ले की हालत बहुत ही खराब है।यहां के निवासियों के मुताबिक पहले गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगी हुई थी। लगभग एक माह पहले कुछ लेबर आए और बताया कि इसको हटा करके आरसीसी रोड बनाई जाएगी। इंटरलॉकिंग टाइल्स कई जगह से खराब गई थी।उन लोगों ने टाइल्स को निकलना शुरू कर दिया।लगभग एक सप्ताह तक यह कार्य जारी रहा। इसके बाद कार्य बंद करके सब मजदूर और मिस्त्री चले गए। इस कारण अब जगह-जगह पानी भर गया है। रोड पर वाहन छोड़िये, पैदल निकलने में भी भारी परेशानी हो रही है।गंदगी और प्रदूषित जल के जमाव के कारण मोहल्ले में तरह-तरह की बीमारियां फैल रही है।चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा है। नालियां भरी हुई है।कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं आता है।

# भाजपा राज में दलितों पिछड़ों के साथ हो रहा अन्याय: राम आसरे

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

भाजपा राज में पिछडो दलितों पर लगातार अन्याय अपमान हो रहा है। भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी है।जब तक भाजपा सरकार रहेगी तब तक पिछड़ों दलितों को न्याय नहीं मिलेगा।समाजवादी सरकार बनने पर ही सामाजिक न्याय के स्थापना होगी और पिछड़े दलितो आदिवासी शोषित वंचित समाज को उनका हक अधिकार मिलेगा तथा बराबरी का सम्मान और हिस्सेदारी मिलेगी।यह बातें गोरखपुर के विधानसभा गोरखपुर ग्रामीण के खोराबार मोहल्ला जमुना टोला सुबाबाजार में आयोजित पीडीए जनपंचायत में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कही।श्री विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा ने झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया। अच्छे दिन का सपना दिखाया सरकार बनाया लेकिन किसी के अच्छे दिन नहीं आये। भाजपा राज में लगातार मंहगाई बेरोजगारी गरीबी भुखमरी बढ़ी है।छात्रों नौजवानों के जन्तर मन्तर नयी दिल्ली पर आन्दोलन के समय दिल्ली पुलिस ने छात्रों नौजवानों को लाठियों से पीटा और छात्रों पर पैलट गन की गोली चलायी। अब भाजपा सरकार लाठी गोली चलाने वालों को बचाने में लगी है। भाजपा सरकार छात्रों नौजवानों की विरोधी है।भाजपा सरकार गरीब किसान नौजवान पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक विरोधी सरकार है इस सरकार को हटाने से ही सभी का भला होगा। प्रदेश में भाजपा संरक्षित अपराधियों और पुलिस की सांठगांठ से पीडीए वर्ग की हत्या बेटियों के साथ दुष्कर्म की लगातार घटनाएं हो रही है जिसे पुलिस रोकने में नाकाम है। भाजपा सरकार के पुलिस के द्वारा प्रदेश में जितने फर्जी इनकाउंटर किये गये फर्जी मुकदमे लिखे गये पुलिस हिरासत में मौतें हो रही है उनमें ज्यादातर पीडीए वर्ग के लोगों की हो रही है। योगी राज में पुलिस धर्म और जाति देखकर बुलडोजर चला रही है। 22 बुल्डोजर की कार्यवाही केवल पिछड़े दलित मुस्लिमों के घर गिराने में किये गये। यह सरकार पीडीए विरोधी सरकार है।भाजपा राज में पीडीए वर्ग के अकेले विश्वकर्मा समाज के 50 नौजवानों की हत्या और बेटियों के दुष्कर्म की घटनाएं हुई। अत्याचार करने वाले ज्यादातर भाजपा के सामन्ती वर्चस्ववादी सोच के लोग हैं। भाजपा का संरक्षण होने के कारण पुलिस ने अपराधियों के ऊपर कार्यवाही नहीं की उल्टे विश्वकर्मा समाज को न्याय दिलाने वाले समाजवादी पार्टी के लोगों के ऊपर मुकदमे लिखा गया। यह सरकार अपराधियों को बचा रही है जिससे विश्वकर्मा समाज को न्याय नहीं मिल रहा है।विश्वकर्मा समाज के हित में सपा सरकार में किये गये सभी कार्य जैसे विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी विश्वकर्मा समाज के नौजवानों को आईटीआई का प्रमाण पत्र कुटीर उद्योग हेतु जमीन का पट्टा का आदेश भाजपा सरकार ने निरस्त कर विश्वकर्मा समाज के साथ अन्याय किया है।

# युवा शक्ति के जरिए युवाओं के प्रतिभा का प्रदर्शन

- 10 महाविद्यालयों के 500 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

खुन खुन जी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में विज्ञान फाउंडेशन एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को दो-दिवसीय राज्यस्तरीय अंतर-महाविद्यालयीय युवा महोत्सव उड़ान 2026 का शुभारंभ हुआ। थीम 'युवा शक्ति' थी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि असीम अरुण, राज्य मंत्री, समाज कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) रहे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ डॉ. अश्विनी कुमार मिश्र थे। कार्यक्रम का शुभारंभ




दोनो अतिथियों दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। 10 से अधिक महाविद्यालयों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सांस्कृतिक क्लब 'कलायनम' द्वारा रंगोली, मेहंदी, फेस पेंटिंग व डिजिटल पोस्टर तथा खेल क्लब 'क्रियायनम' द्वारा चेस, कैरम, पंजा लड़ाना, रस्साकशी व कबड्डी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि असीम अरुण जी ने कहा कि जीत हारने वाले को प्रेरित करे और हार जीतने वाले को सिखाए। उन्होंने प्राचार्या डॉ अंशु केडिया की मांग पर महा विद्यालय मे ई लाइब्रेरी खोलने पर सहमति दी जिसके लिए कंप्यूटर लैब स्थापित करवाने का आश्वसान दिया द्य क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डा, अश्वनी मिश्र जी ने स्टूडेंट्स को प्रेरित करते हुए व्यक्तित्व मे मेहनत, लगन और नैतिक मूल्य समाहित करने हेतु प्रेरित किया जिसके लिए महापुरुषों के उदाहरण भी दिये। विज्ञान फाउंडेशन की ओर से संजय प्रताप सिंह तथा प्रबंध समिति की ओर से निरंजन शर्मा उपस्थित रहे। संयोजक प्रो. चेतना सामंत तोमर (खेल) व विजेता दीक्षित (सांस्कृतिक) रहीं। कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया के निर्देशन में संपन्न हुआ। यूथ फेस्ट मे 4 जिलों की किशोरियां सम्मिलित हुईं।

## मोदी-योगी सरकार अति पिछड़ों को दे रही है धोखा: बाबूराम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम पाल ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार पर अति-पिछड़े समाज को धोखा देने का बड़ा आरोप लगाया है। राष्ट्र उदय पार्टी कार्यालय में मीडिया से मुखातिब श्री पाल ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की संसद में जातिगत जनगणना का वादा किया था लेकिन 14 अगस्त को जारी अधिसूचना में ओबीसी जाति का कालम ही नहीं है। अति पिछड़ों के अलग आरक्षण कोटे के लिए बनी जस्टिस रोहिणी कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

# समय रहते फसल बीमा कराकर जोखिमों से सुरक्षित हों किसान: शाही

- फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ी
- केंद्र ने बढ़ाई समय सीमा, ऋणी किसानों को मिलेगा लाभ

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के किसानों के हित में राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने खरीफ 2026 मौसम के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं चयनित जनपदों में संचालित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत ऋणी कृषकों के फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर 10 सितंबर कर दी है। प्रदेश सरकार द्वारा किए गए अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार ने प्रदेश के सभी जनपदों के ऋणी कृषकों को राहत दी है। कृषि मंत्री ने पात्र किसानों से आह्वान किया है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी खेती को प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसमीय जोखिमों से सुरक्षित रखें। जनपदों में प्राकृतिक आपदा एवं प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण फसल नुकसान से किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजनाएं संचालित की जा रही हैं। शासन द्वारा वर्ष 2026-27 में भी इन योजनाओं को पूर्ववत लागू किया गया है। तिथि विस्तार की सूचना प्रदेश के सभी बैंकों और संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक पात्र ऋणी कृषकों को आच्छादित कर उन्हें आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके। प्रदेश में फसल बीमा योजना के जरिए किसानों को व्यापक आर्थिक संबल मिल रहा है। वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक प्रदेश के 69.22 लाख लाभार्थी किसानों को कुल 6,119.93 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति दी जा चुकी है। खरीफ2025 में 20.63 लाख बीमित कृषकों में से 7.27 लाख किसानों को 808.56 करोड़ रुपये तथा रबी 2025-26 में 1.67 लाख किसानों को 134.60 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है।

# सरकारी संस्थानों में हथकरघा उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देगी योगी सरकार: सचान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

योगी सरकार हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग को प्रोत्साहन देने तथा प्रदेश के बुनकरों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकारी संस्थानों में स्थानीय स्तर पर निर्मित हथकरघा उत्पादों की खरीद को बढ़ावा दे रही है। विधान भवन स्थित कक्ष संख्या-80 में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं सरकारी विभागों तथा शासकीय उपक्रमों में प्रयुक्त होने वाले बेडशीट एवं गॉज बैंडेज की खरीद और आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश के बुनकरों को सरकारी खरीद का बाजार उपलब्ध कराना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकारी संस्थानों में स्थानीय बुनकरों द्वारा निर्मित गुणवत्तापूर्ण वस्त्रों की खरीद बढ़ने से प्रदेश के लाखों बुनकर परिवारों को रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलेगी तथा प्रदेश में उत्पादित वस्त्रों के लिए स्थायी बाजार भी विकसित होगा। 7 अगस्त को लोकभवन में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग सहित सरकारी विभागों एवं शासकीय उपक्रमों में प्रमुख रूप से प्रयुक्त होने वाले बेडशीट एवं गॉज बैंडेज की खरीद के निर्देश दिए थे।

**बुनकरों की युवा पीढ़ी को परंपरागत व्यवसाय से जोड़ने का प्रयास**

## फीस वृद्धि की निंदा कर वीसी को सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

लखनऊ विश्वविद्यालय रणवीर सिंह बिष्ट छात्रावास के छात्रों के साथ हॉस्टल फीस के नाम पर 4 गुना बढ़ोतरी निंदनीय है। पहले इस छात्रावास की पिछले सत्र की फीस 7000 थी जिसे बढ़ाकर 27000 रुपए कर दी गई है।

जिसको लेकर आज छात्रावास के तमाम छात्रों के साथ वाइस चांसलर को ज्ञापन सौंपा गया।।

**तैयारी**

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार

# 10 नवीन परियोजनाओं को संस्तुति, किसानों व युवाओं को मिलेगा लाभ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन करने तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के निर्माण में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।उप मुख्यमंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, अनुदानों एवं प्रोत्साहनों की व्यापक जानकारी उद्यमियों तक पहुंचाने के लिए प्रभावी जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।



उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक उद्यमियों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि किसानों की उपज को बेहतर बाजार एवं उचित मूल्य मिल सके तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें। अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा की अध्यक्षता में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत गठित एप्रेजल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोर्टल पर प्राप्त नवीन निवेश प्रस्तावों का परीक्षण किया गया तथा समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 12 नवीन आवेदनों पर विचार हुआ। परीक्षण उपरांत 10प्रस्तावों को आवश्यक शर्तों की पूर्ति के अधीन स्वीकृति हेतु संस्तुति प्रदान की गई। संस्तुत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इनमें कैटल फीड, अनाज एवं रिफाइंड मसाले, मूंगफली प्रसंस्करण, फ्रोजन एवं अन्य खाद्य उत्पाद, रेडी-टू-कुक उत्पाद, तेल-आटा-दाल-बेसन निर्माण, दाल मिल तथा फ्रोजन फ्रूट्स एवं वेजिटेबल प्रोसेसिंग जैसी इकाइयां शामिल हैं। कई प्रस्तावों में इकाइयों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सोलर पावर प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव है।एप्रेजल समिति द्वारा संस्तुत परियोजनाओं में निर्धारित शर्तों का अनुपालन के निर्देश दिए गए हैं। इनमें स्थानीय किसानों से कच्चे माल की खरीद, आवश्यक प्लांट मैप, फायर एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी प्रमाण-पत्र, उत्पादन क्षमता के उपयोग तथा विद्युत बिल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना शामिल है।बैठक में एक प्रस्ताव को अभिलेखों के आधार पर पात्रता पूरी न होने के कारण निरस्त किया गया। वहीं, एक अन्य प्रस्ताव में प्लांट एवं मशीनरी से संबंधित आवश्यक विवरण उपलब्ध कराए जाने के बाद आगामी एप्रेजल समिति की बैठक में विचार किए जाने का निर्णय लिया गया।समिति ने यह भी निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत प्रथम किस्त प्राप्त करने वाली संस्थाओं इकाइयों को द्वितीय किस्त निर्गत अवमुक्त करने पर तभी विचार किया जाए, जब संबंधित इकाइयां आरओएफसी के माध्यम से अपने उत्पाद का परीक्षण कराकर परीक्षण आख्या उपलब्ध कराएं।

बैठक का उद्देश्य प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवीन निवेश को प्रोत्साहित करना, स्थानीय कृषि उपज का मूल्य संवर्धन बढ़ाना, किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नीति-2023 के अंतर्गत प्राप्त निवेश प्रस्तावों के समयबद्ध परीक्षण एवं आवश्यक अनुमोदन की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

# ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने पकड़ी ड्राइविंग लाइसेंस में गड़बड़ी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

बस्ती के उप संभागीय परिवहन कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में अनियमितता के मामले में परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने कार्रवाई की है। मोटरयान निरीक्षक संजय कुमार दास को निलंबित कर दिया है, मोटरयान निरीक्षक सीमा गौतम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए है। दोनों अधिकारियों के खिलाफ सतर्कता जांच के लिए भ्रष्टाचार निवारण संगठन को पत्र भेजा है।आरोपों की जांच में संजय कुमार दास द्वारा 785 और सीमा गौतम द्वारा 213 ड्राइविंग लाइसेंस बिना जरूरी जांच-पड़ताल के मंजूर किए जानें का मामला सामने आने पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि 998 लाइसेंस ऐसे पाए गए, जिनमें तय प्रक्रिया के मुताबिक आवश्यक जांच नहीं की गई।मामले की विस्तृत जांच के दौरान बस्ती कार्यालय के कम्प्यूटरीकृत रिकॉर्ड और एनआईसी लखनऊ से मिले डाटा की जांच की गई।



# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

- करीब एक माह पूर्व दिया था ज्ञापन
- समस्याओं का समाधान न होने पर हुए नाराज

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**



एक माह पूर्व दिए गए ज्ञापन के बाद समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न प्रदर्शन किया। जिसके बाद जिला कूच की तैयारी की। जिला कूच की खबर मिलते ही अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। जिसके बाद तत्काल अधिकारी मौके पर पहुंचे और निस्तारण का आश्वासन दिया।वहीं एक समस्या का तुरंत समाधान कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता डाक बंगला पर एकत्र हुए। जिसके बाद अर्धनग्न प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने जिला कूच की तैयारी कर दी। संगठन के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व उपजिलाअधिकारी को ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की थी। दिए गए ज्ञापन में बताया था कि समाज को दर्पण दिखाने वाले पत्रकारों का वेतन सुनिश्चित किया जाए।अमेरिका के साथ किसान विरोधी समझौतों को रद्द किया जाए। ब्लॉक के गांव उदना निवासी अनिल कुमार के खेत में अवैध जल निकास हो रहा है । जिससे किसान की फसल प्रभावित हो रही है। अवैध जल निकास को तत्काल बंद किया जाए। साथ ही गांव में चोक नालियां और टूटी पाइप लाइनों से सड़कों पर जल भराव हो रहा है जिसका समाधान किया जाए। क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइनों को ठीक कराया जाए। ज्ञापन में बताया था कि जल्द ही। जिसके एक माह बीत जाने के बाद भी किसी भी समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया तो कार्यकर्ता डाक बंगला पर एकत्र हुए और अर्धनग्न प्रदर्शन किया वहीं जिला कूच की तैयारी कर दी। जिसकी खबर अधिकारियों को होते ही मौके पर तहसीलदार पुलिस बल के साथ पहुंचे और खंड विकास अधिकारी को गांव उदना की समस्या का तुरंत निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। जिसके बाद खंड विकास अधिकारी आरपी राणा पुलिस बल के साथ गांव उदना पहुंचे और किसान के खेत में चल रहे अवैध जल निकास को बंद कर नाली निर्माण कराया गया। प्रदर्शन करने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा, अमित कुमार त्रिवेदी, संतोष त्रिपाठी, सत्येंद्र सिंह, नन्हेंलाल, जयप्रकाश, प्रेम किशोर, श्याम चरण, बृजपाल, राम अवतार, सरदार खान, रामकुमार, नत्थू पुजारी, सोनू कुमार, बेचेलाल, गुड्डी, सुनीता, मीना देवी, वीरवती आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 12 किमी मैराथन में बरेली के अनुराग यादव ने मारी बाजी

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह की स्मृति में मंगलवार को 12 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मुड़िया मोड़ स्थित सिंदूर फिजिकल अकादमी के ग्राउंड से शुरू हुई। मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने भगवा झंडा दिखाकर धावकों को रवाना किया। दौड़ उमरिया गांव तक जाकर वापस अकादमी के ग्राउंड पर संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बरेली के 20 वर्षीय अनुराग यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुजफ्फरनगर के दीपक कटारिया दूसरे और हथौड़ा बुजुर्ग के नमन दीक्षित तीसरे स्थान पर रहे। कैलाश ने चौथा, मोहम्मद शहबाज ने पांचवां, निगोही के अजय ने छठा तथा अयोध्या के विनय यादव ने सातवां स्थान हासिल किया।।प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल को जगह-जगह मुस्तैद किया गया। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मौके पर एंबुलेंस भी तैनात रही। प्रतियोगिता का आयोजन सिंदूर फिजिकल अकादमी के फौजी उमेश सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में रोहित कुमार, अर्पित यादव, निखिल सागर, मोहम्मद जैद, रहमान खान, गांधी गौतम, अतेंद्र यादव, धीरज सिंह और आशीष यादव का सहयोग रहा।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम की सरकारी गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग चोटिल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** एसडीएम की सरकारी बोलेरो की टक्कर लगने से बाईक सवार बुजुर्ग चोटिल हो गया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि रगड़ से बोलेरो का टायर फट गया। घायल का उपचार कराकर घर भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक सोमवार अपरान्ह करीब दो बजे एसडीएम की सरकारी गाड़ी बोलेरो तहसील की ओर वापस आ रही थी ! इसी दौरान तिलहर कोतवाली ठीक सामने एक बाईक में बोलेरो की जोरदार टक्कर लग गयी ! जिससे बाईक सवार घायल हो गया! टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो का एक टायर के परखच्चे उड़ गये। कोतवाल प्रभाष चंद ने बताया कि बाईक सवार अचानक बोलेरो के सामने आ गए थे , जो जैतीपुर क्षेत्र के गांव अगरोली निवासी सतीश गुप्ता पुत्र राम भरोसे लाल 62 घायल हुए उनका उपचार कराकर घर भेज दिया गया है।

### जानलेवा हमला का फरार तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**तिलहर- शाहजहांपुर।** एक माह पूर्व हुये जानलेवा हमले मामले के फ़रार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया! जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि नगर से लगे अम्बेडकर ग्राम मौजमपूर निवासी अर्जुन कुमार पुत्र संतोष कुमार ने बीती तीन अगस्त को तमंचे की बटों से मारपीट कर घायल कर हाथ की अंगुली तोड़ने व जेब से पांच हजार रुपये , एवं रियलमी मोबाइल लूट लेने तथा जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी थी। उक्त मामले में पुलिस ने फ़रार आरोपी विचित्र उर्फ नईया पुत्र रक्षपाल निवासी मोहल्ला बारहपत्थर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया! जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी अभिषेक पुत्र स्व सत्यभान निवासी मौजमपुर अम्बेडकरनगर तथा प्रदीप पुत्र रक्षपाल रस्तोगी निवासी मोहल्ला बारहपत्थर को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में सड़क पर उतरी युवा कांग्रेस

- राजीव भवन से जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन
- प्रशासन ने रोका तो न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



राहुल गांधी के खिलाफ उत्तराखंड में दर्ज एफआईआर के विरोध में मंगलवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ता राजीव भवन से जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए शहीदों की प्रतिमाओं के पास पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका को ज्ञापन सौंप दिया। ज्ञापन में उत्तराखंड में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई। साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यक्रम के बाद मंच के कथित 'शुद्धिकरण' की घटना पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया। राष्ट्रीय सचिव एवं ब्रज क्षेत्र प्रभारी कुणाल चौधरी ने कहा कि फर्जी मुकदमों और सामाजिक अपमान की घटनाओं पर चुप्पी लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर तथा खरगे के कार्यक्रम के बाद मंच के कथित शुद्धिकरण की घटना संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की भावना पर सवाल खड़े करती है। प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने कहा कि युवा कांग्रेस इन मुद्दों पर प्रदेशभर में आवाज उठाती रहेगी। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता 'मुन्ना' ने कहा कि प्रशासन द्वारा ज्ञापन देने से रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों में हस्तक्षेप है। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से न्यायिक मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि संगठन की मांग है कि दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस राहुल गांधी के खिलाफ कथित गलत कार्रवाई को स्वीकार नहीं करेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। प्रदर्शन में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष शाहनवाज खान, आलोक शर्मा, शिवओम मिश्रा, राहिल अंसारी, मोहम्मद आमिर, आदि मौजूद रहे।

### पंचायत भवन से चोरी

**शाहजहांपुर।** गाँव इटौरा निवासी ग्राम प्रधान आशाराम ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की रात गाँव में बने पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने दरवाजे पर पड़े ताले को तोड़कर घुस गए और उसमें रखा कम्प्यूटर, यूपीएस तथा आठ प्लास्टिक की कुर्सियों को चुरा ले गए हैं। यहाँ बताते चलें कि इससे पहले करीब पाँच माह पहले गाँव निवासी दलित अध्यापक गया प्रसाद के ट्यूबबेल पर लगे विद्युत चलित मोटर को चोर चुरा ले गए थे। जिसकी सूचना थाने पर देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई होने से चोरों के हौंसले बुलन्द हैं।

## कस्टमर ने डायल किया हेल्पलाइन नंबर, 24 घंटे में भरा लौंज का सैंपल



**शाहजहांपुर।** जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट न हो इसके लिए निरंतर जिलाधिकारी के आदेश पर खाद्य सुरक्षा विभाग छापेमारी अभियान चलाकर लोगों को जनजागरुक करता रहता है। इसी क्रम में शहर के व्यक्ति ने फूड हेल्पलाइन नंबर पर एक शिकायत दर्ज कराई। जिसमें बताया गया कि आकाश स्वीट हाउस पर मिठाई में कुछ मिलावट बगैरह हो रही है। जिस पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक्शन लेते हुए 24 घंटे के अंदर उक्त स्वीट शाप पर निरीक्षण कर सैंपल लौंज का भरा है। जिसको लखनऊ लैब जांच के लिए भेजा गया है। निरीक्षण कार्यवाही में फूड इंस्पेक्टर सौरभ सोनी, मानवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्रा से छेड़छाड़, आरोपी बोला- तुम मुझे पसंद हो और सपने में भी आती हो

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट आरोपी की तलाश जारी

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**

नगर क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय छात्रा ने एक युवक पर रास्ते में उसकी स्कूटी रोककर उसे जबरन सुनसान स्थान पर ले जाने और अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि छात्रा एक कंप्यूटर सेंटर में पढ़ती और पढ़ाती है। 29 अगस्त की सुबह करीब 9:30 बजे वह कंप्यूटर सेंटर में छुट्टी होने के कारण वह घर लौट रही थी। रास्ते में कस्बा निवासी अशोक शर्मा पहले से खड़ा था। आरोप है कि उसने छात्रा की स्कूटी रोककर उसे घर छोड़ने की बात कही। मोहल्ला के होने के कारण वह स्कूटी पर बैठ गई। छात्रा का आरोप है कि घर छोड़ने के बजाय आरोपी उसे ढकिया रोड हाईवे के पास एक सुनसान स्थान पर ले गया। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। आरोप है कि युवक ने छात्रा से कहा कि वह उसे पसंद करता है और वह उसके सपनों में आती है। उसने यह भी कहा कि वह कई महीनों से उसे चाहता है। बताया कि उसने घटना की जानकारी अपने पिता को देने के लिए फोन मिलाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने उसका मोबाइल छीन लिया और घर नहीं बताने की धमकी दी। इसके बाद छात्रा के रोने पर आरोपी ने मोबाइल वापस कर दिया और उसे शाहजहांपुर पुवायां रोड पर छोड़कर वहां से चला गया। छात्रा ने आरोप लगाया कि आरोपी ने घटना के बारे में घरवालों को बताने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने 30 अगस्त को थाना पुवायां में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाइवे पर छुट्टा पशु के अचानक सामने आ जाने से सवारियों से भरा टैंपो रोडवेज बस से भिड़ा, आधा दर्जन टैंपो सवार घायल

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**



कस्बे में मंगलवार अपराह्न लगभग तीन बजे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर सवारियों से भरे टैंपो के सामने अचानक छुट्टा पशु के आ जाने से टैंपो अनियंत्रित होकर सामने से आ रही रोडवेज से भिड़ गया। जिससे टैंपो में सवार टैंपो चालक सहित पांच यात्री घायल हो गए। इनमें कई की हालत गंभीर है। दुर्घटना की सूचना पर मिर्जापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने हमराहियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर टैंपो में फंसे घायलों को बाहर निकाला। किंतु सूचना के बाद भी एम्बुलेंस लगभग 45 मिनट बाद तक नहीं आई। आरोप है कि लगभग एक घंटे बाद मौके पर पहुंची एक ही एम्बुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी जरियनपुर (मिर्जापुर) पहुंचाया। जहां से घायलों के परिजन सरकारी चिकित्सा सेवाओं और एम्बुलेंस सेवा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने अपने घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं। जानकारी के मुताबिक जलालाबाद से सवारियों को भरकर टैंपो कलान जा रहा था। मिर्ज़ापुर कस्बे में कालीदेवी मंदिर के सामने अचानक हाइवे पर छुट्टा पशु के आ जाने से टैंपो अनियंत्रित होकर सामने से आ रही रोडवेज बस से भिड़ गया। जिससे टैंपो में सवार हरिश्चंद्र गुप्ता निवासी कलान, रामकन्या पत्नी नेकपाल निवासी धर्मपुर सथरा (कलान), सुमन पत्नी विवेक यादव निवासी ग्राम लखनपुर (कलान), ऊषा पत्नी कप्तान निवासी ग्राम नगरिया, थाना अलापुर (बदायूं), कप्तान की पांच वर्षीय पुत्री जानवी, कुंवरपाल व टैंपो चालक समीर निवासी सरैया (जलालाबाद) घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर घायलों के परिजन मौके पर आ गए, किंतु सरकारी एम्बुलेंस फिर भी नहीं आई। वे सरकारी एम्बुलेंस सेवा की लापरवाही को देखते हुए अपने अपने घायलों को सीएचसी से इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं।

## यूजीसी को लेकर करणी सेना का विरोध प्रदर्शन

- करणी सेना ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**



यूजीसी के प्रस्तावित नियमों को वापस लिए जाने के सम्बंध में क्षत्रिय करणी सेना ने राजीव चौक पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। साथ ही करणी सेना ने कहा कि अगर यूजीसी का काला कानून ओर आरक्षण सम्बंधित मांगे पूरी नही होगी तो हम दिल्ली कूंच करेंगे। मंगलवार को क्षत्रिय करणी सेना ने राजीव चौक पर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार आंनराज को ज्ञापन दिया। दिए हुए ज्ञापन में बताया की यूजीसी के प्रस्तावित नियमों को तत्काल वापस लिया जाए क्योंकि इस काले कानून से हमारे बच्चों को भविष्य में अनुचित तरीके से परेशान किया जा सकता है तथा बच्चों पर भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है, आरक्षण व्यवस्था जाति के आधार के बजाय आर्थिक स्थिति को आधार बनाकर लागू की जानी चाहिए, जिससे जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बिना किसी भेदभाव के इसका लाभ मिल सके, एससी-एसटी एक्ट को समाप्त करने तथा इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए उचित कानूनी व्यवस्था किए जाने की मांग भी की गई। संगठन का कहना है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो और सभी नागरिकों को समान रूप से न्याय एवं कानूनी संरक्षण मिलना चाहिए। साथ ही करणी सेना ने चेतावनी दी गई कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो संगठन आंदोलन करते हुए दिल्ली कूच करने के लिए बाध्य होगा। जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह, जिला सयोजक राजपाल सिंह, जिला सचिव प्रताप सिंह, जिलाउपाध्यक्ष रजत सिंह, अनूप सिंह, ब्लाक हरिनन्द सिंह, विपिन, ओमप्रकाश, राजीव सिंह, राजगीर सिंह, दुर्वेश सिंह, रोहित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## एआरटीओ कार्यालय देख एडीएम का चढ़ा पारा, जगह-जगह मिली पान-गुटखे की पीक

- डीएम के निर्देश पर एडीएम वित्त ने किया औचक निरीक्षण
- बड़े बकायेदारों की वसूली का ब्योरा अलग से मांगा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

आरटीओ कार्यालय में निरीक्षण के दौरान जगह-जगह पान-पुड़िया की पीक देखकर एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने नाराज़गी जताई। उन्होंने कर्मचारियों को कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के साथ पान-मसाला और गुटखा खाने वालों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर एडीएम वित्त ने एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने एक-एक कर विभिन्न पटलों पर पहुंचकर कर्मचारियों के कामकाज की जानकारी ली। कार्यालय में अपना काम कराने पहुंचे लोगों से भी बातचीत की। लोगों ने अपने काम होने की बात कही और किसी तरह की शिकायत नहीं बताई। निरीक्षण में कार्यालय की सामान्य साफ-सफाई व्यवस्था ठीक मिली, लेकिन जगह-जगह पान-मसाला और गुटखे की पीक के निशान देखकर एडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यालय को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। कहा कि नया भवन होने के बावजूद इस तरह गंदगी नहीं होनी चाहिए। एडीएम ने दिव्यांगजनों के लिए बनाए गए रैंप और शौचालय का भी निरीक्षण किया। दोनों व्यवस्थाएं सही मिलीं। इसके बाद उन्होंने पटल संख्या एक पर अमरेंद्र कुमार से कामकाज की जानकारी ली। वसूली पत्रों के रख-रखाव और राजस्व वसूली की स्थिति भी देखी। तहसीलवार वसूली रजिस्टर का अवलोकन किया गया। एडीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि बड़े बकायेदारों की वसूली का ब्योरा अलग से तैयार कर उनके कार्यालय में उपलब्ध कराया जाए, ताकि राजस्व वसूली की नियमित समीक्षा की जा सके। पटल संख्या दो पर विनीत कुमार सिंह कार्य करते मिले। एडीएम ने नए वाहनों के पंजीयन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली और संबंधित कार्य को नियमानुसार समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने स्पष्ट किया कि कार्यालय में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिले और सरकारी कार्यों में अनावश्यक परेशानी न हो।साफ-सफाई और व्यवस्था को लेकर भी कर्मचारियों को गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।

### कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट मुकदमा दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला में दहेज में चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता के मायके में घुसकर उसे पीटा और बचाने आए भाई पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला तकिया निवासी करमजीत कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी 8 मई 2026 को खुटार थाना क्षेत्र के कुरैया खान गांव निवासी जगदीप सिंह से सिख रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में मायके वालों ने करीब 20 लाख रुपये खर्च किए और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद, ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। 29 अगस्त को दोपहर करीब दो बजे उनके पति सहित ससुराल पक्ष के कई लोग उनके मायके पहुंचे। आरोपितों ने घर में घुसकर करमजीत के साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। इसी दौरान उनके हाथ पर तलवार से वार किया गया। शोर सुनकर बचाने पहुंचे उनके भाई बलविंदर सिंह के सिर पर भी तलवार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपित घर में रखे 1 लाख 50 हजार रुपये नकद और चार तोला सोना भी अपने साथ ले गए। करमजीत कौर ने पुलिस को बताया है कि उनके पास घटना का वीडियो भी है और उन्होंने किसी भी तरह का समझौता करने से इनकार किया है। वहीं कोतवाली प्रभारी आरके रावत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सरस्वती शिशु मंदिर परशुरामपुरी में पंचपदीय शिक्षण प्रणाली पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।**



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, परशुरामपुरी में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पंचपदीय शिक्षा प्रणाली से पाठ्ययोजना निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सतीश दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक और प्रभावी शिक्षण तकनीकों से लैस करना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता, विद्या भारती के प्रशिक्षित वर्ग से आए आचार्य दीपक ने शिक्षकों को सरल और सहज शैली में पंचपदीय पद्धति के विभिन्न चरणों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि कैसे इस प्रणाली के माध्यम से शिक्षक अपनी पाठ्ययोजना तैयार कर सकते हैं, जिससे विद्यार्थियों में तार्किक सोच और विषय की गहरी समझ विकसित हो सके। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रधानाचार्य सतीश दीक्षित ने सभी शिक्षकों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक माह की 25 तारीख को सभी आचार्य इसी पंचपदीय पाठ्य योजना के अनुसार बच्चों को पढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे स्वयं कक्षाओं में जाकर इस शिक्षण पद्धति के क्रियान्वयन का निरीक्षण करेंगे, ताकि इसकी गुणवत्ता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिसमें अनुराग पराशरी, अनिल अग्निहोत्री, पवन मिश्रा और अमन श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता कर इस शैक्षणिक नवाचार का लाभ उठाया। इस पहल से विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में और अधिक सुधार आने की उम्मीद है।

## किडजी एलिमेंट्री स्कूल में जन्माष्टमी पर बच्चों ने बांधा समां, इस्कॉन के संकीर्तन से भक्तिमय हुआ परिसर

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



किडजी एलिमेंट्री स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और ग्रैंडपेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी विशेष रूप से शामिल हुए। नन्हे बाल कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और इस्कॉन के संकीर्तन से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और बाल गोपालों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और बाल लीलाओं पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर वरिष्ठजनों ने करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद इस्कॉन शाहजहांपुर से आए साधु जीवन प्रभु ने संकीर्तन मंडली के साथ भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया। 'हरे कृष्ण' महामंत्र के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। अभिभावकों और ग्रैंडपेरेंट्स ने भी संकीर्तन में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों के जीवन में संस्कारों की नींव मजबूत करने में बुजुर्गों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के समापन पर श्रीकृष्ण की आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# पुलिस ने मारपीट करने वाले चार आरोपियों को पकड़ा

- सोमवार की देर शाम आईटीआई गेट पर हमला कर तीन लोगों को किया था घायल

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



क्षेत्र में रोजा आईटीआई गेट पर दो गुटों के बीच सोमवार देर शाम हुई मारपीट में पुलिस ने एक पक्ष के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लाठी भी बरामद की हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों पर विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जहां से चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना रोजा के गांव जमुका निवासी आदेश पुत्र वेदराम ने पुलिस को बताया कि सोमवार की देर शाम समय निवाजपुर स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में तेल डालवाकर अपने साथी आकाश गुप्ता पुत्र सूर्यभान गुप्ता व अनुराग पाल पुत्र राधेश्याम के साथ अपने घर जा रहा था, तभी रोजा आईटीआई गेट पर मौजूद थाना क्षेत्र के बल्लियां निवासी अर्जुन करिया पुत्र संजीव,महेन्द्र पुत्र रामरतन,आरिफ पुत्र इलियास, विपिन पुत्र राजपाल,गोपी पुत्र लालमुनि ने उसकी बाईक रोककर उसके व उसके साथियों के साथ गाली-गलौज करने लगे व विरोध करने पर जान से मारने की नियत इन लोगों ने मिलकर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। जिससे मैं व मेरे साथियो को गंभीर चोटे आयी। उसने पुलिस को बताया कि शोर-शराबे पर सभी हमलावर लोग हवाई फायरिंग करते हुए भाग गये। इन लोगों के साथ कुछ अज्ञात लोग भी थे। जिन्होंने भी हमला किया था। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि सोमवार की देर शाम दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली थी कि आईटीआई मोड़ पर दो पक्षों के बीच बात को मारपीट हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्होंने बताया कि इस मारपीट में तीन लोग घायल हो गये हैं। जिन्हें उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कि विगत दिनों एक पक्ष की ओर से मारपीट के दौरान हरिजन एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसी रंजिश को लेकर मारपीट हुई हैं। उन्होंने फायरिंग की घटना से इंकार किया है। तहरीर के आधार पर जान से मारने की नियत की धाराओं ने रिपोर्ट दर्ज कर गोपी, महेन्द्र, आरिफ व विपिन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी अर्जुन करिया व अन्य फरार हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

- शादी से इनकार पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




थाना बंडा पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने, बाद में शादी से इनकार करने तथा मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस के अनुसार, थाना बंडा क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर 11 अगस्त को ग्राम इंदलपुर निवासी प्रदीप पुत्र डालचंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि प्रदीप ने शादी का झांसा देकर वादिनी से शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी करने से इनकार करते हुए उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। रास्ते में रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया था। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना बंडा द्वारा की जा रही थी।

मंगलवार को पुलिस टीम ने वांछित आरोपी प्रदीप को बंडा-दद्दूरी मोड़ से दोपहर करीब 2:50 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना बंडा में मुकदमा अपराध संख्या 373/2026 के तहत धारा 69, 115(2), 351(3), 352 व 126(2) बीएनएस में कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अमरकांत सिंह और कांस्टेबल पंकज कुमार शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### झाड़ियों में तब्दील हुई मेडिकल कॉलेज मार्ग की सड़क



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर-पीलीभीत नेशनल हाईवे संख्या 730 पर फरधान थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर चौराहे के पास उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से शुरू होकर पीरपुर, सरैया माफी, सैदापुर भाऊ, सराय, देवकली मेडिकल कॉलेज और आदर्श जनता इंटर कॉलेज व महाविद्यालय होते हुए अलीगंज मार्ग को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति दयनीय बनी हुई है। सड़क के दोनों किनारों पर उग आई घनी झाड़ियों ने लगभग आधी सड़क को ढक लिया है। विशेष रूप से रुकुंदीपुर चौराहे से पीरपुर गांव के बीच का लगभग एक किलोमीटर का हिस्सा इन झाड़ियों से बुरी तरह प्रभावित है। दिन-रात सैकड़ों राहगीरों की आवाजाही वाले इस मार्ग पर झाड़ियों के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे विशेषकर रात के समय और बरसात में दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ गया है। झाड़ियों के फैलाव की वजह से आम जनता और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# विद्या निकेतन के छात्र ने जेआरएफ 2026 परीक्षा में प्राप्त किया देश में दूसरा स्थान



**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी।** वि.कु.स्मा. सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी के पूर्व छात्र शिवम तिवारी ने UGC NET JRF परीक्षा 2026 के एजुकेशन विषय में 99.99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा का आयोजन जून 2026 में किया गया था। जूनियर रिसर्च फेलोशिप के तहत शिवम तिवारी शोध कार्य करने के साथ-साथ देशभर के विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए पात्र हो गये हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय एवं क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। कक्षा 6 से इण्टर तक के नियमित छात्र रहे मेधावी शिवम तिवारी ने हाईस्कूल परीक्षा में 82% अंक तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में ससम्मान 87% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है तथा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों /प्रतियोगताओं में प्रतिभाग करते रहें हैं। तत्पश्चात इन्होने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी व बीएड तथा एमएड किया तथा वर्तमान समय में भौतिक विज्ञान से परास्नातक कर रहें हैं । शिवम तिवारी के पिता अवधेश तिवारी अधिवक्ता तथा माता श्रीमती प्रतिमा तिवारी गृहणी हैं, इस उपलब्धि पर प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या मधु त्रिपाठी ने छात्र को चांदी का मेडल देकर एवं उनके पिता को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया व उज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य के लिये शुभकामनाये दी।

# अपर शोध अधिकारी एसके सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

- अधिकारियों ने कार्यकाल की सराहना की, दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपर शोध अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे एसके सिंह के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को बिस्मिल सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने एसके सिंह की कर्मठता और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने कहा कि सिंह अपने सभी कार्यों को सुव्यवस्थित तरीके और पूरी लगन के साथ करते थे। उनके कार्यकाल की विभाग को हमेशा याद रहेगी। सेवानिवृत्त अपर शोध अधिकारी एसके सिंह ने कहा कि सेवाकाल के दौरान विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का उन्हें भरपूर सहयोग मिला। यह सहयोग और सभी के साथ बिताया समय उन्हें हमेशा याद रहेगा। विदाई समारोह के दौरान सहायक शोध अधिकारी अंशुल शुक्ला भावुक हो गए। उन्होंने एसके सिंह के साथ बिताए कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आसिफ, डॉ. वीके वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अफरोज अहमद, बिपिन सिंह, ओमांश मिश्रा, जावेद सिद्दीकी, विवेक गौतम, अमित दुबे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


# पलिया में बिक रही खुलेआम कच्ची शराब

**पलिया, सम्पूर्णानगर (खीरी) ।** पलिया क्षेत्र के ग्राम बोझवा में कच्ची शराब पीने से एक युवक की सग्दिग्ध मौत हो गई इस घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश पनप गया और परिजनों के साथ मिलकर ग्रामीणों ने शव को कथित शराब विक्रेता के घर के सामने रखकर खूब विरोध प्रदर्शन चला पुलिस को काफी मशक्कत कर शांत कराकर मामला दबाया गया। (थाना सम्पूर्णानगर में भी अवैध कच्ची शराब ने तमाम जाने जा चुकी है। उसे बाद भी इन थानो में कच्ची शराब रूकने का नाम नहीं ले रहा) आपकों बता दें कि इस हल्के के दरोगा व सिपाही की जिम्मेदारी है कि गांव में गैर कानूनी धंधे और अपराध पर अंकुश लगाया जाए लेकिन लम्बे अरसे से तैनात दरोगा सिपाही इस पर ध्यान देना तो दूर कार्रवाई करना भी जरूरी नहीं समझते इसकी बड़ी वजह नजराना जो महिने की हर पांच तारिख को सभी को मिल जाता हैआबकारी भी पलिया विधानसभा के थाना क्षेत्र के गांवों पर नहीं देता ध्यान। उत्तर प्रदेश में आबकारी विभाग का काम अवैध कच्ची शराब तथा नकली शराब तस्करों पर कार्रवाई करना, मगर पलिया विधानसभा 137 में दो थानो में सैकड़ों गांव आते हैं जहां के कुछ गांवों में बड़ी तेजी से यह धंधा पनप रहा हैं और जिम्मेदार आंखों पर पट्टी बांध कर तमाशबीन बने हुए है। पुलिस व आबकारी टीमें गठित सोशल नेटवर्किंग पर फ़ोटो डालकर सब हवा-हवाई। देखा जाए तो पुलिस व आबकारी विभाग की टीमें तो गठित होती है मगर जमीन पर यह कितना काम करती है यह तो सोशल नेटवर्किंग पर खूब दिख जाएगा लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है जी हां जहां पर घटनाएं होती तभी यह विभाग सजग होकर इक्का-दुक्का कार्रवाई कर फिर से ठंडे पड़ जाते यही नहीं कुछ अधिकारी गर्मी मे आफिसों की ठंडी हवा को छोड़कर जमीन पर दिखाई नहीं देते, यही कारण है कि क्षेत्रों यह धंधा तेजी से बढ़ता ही जा रहा। कच्ची शराब कार्रवाई में बच जाते माफिया, फस जाते पीने वाले। कार्रवाई में यह साफ देखा जाता जो दूर-दूर तक इस धंधे में नहीं होते उसको भी इस धंधे में घसीट कर अवैध शराब में जेल भेज कर शाबाशी विभागों द्वारा खूब लूटी जाती है लेकिन कच्ची माफियाओं पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिलता ।

# सर्राफा व्यापारी से लूट का खुलासा, सात शातिर गिरफ्तार

- दो तमंचे, कारतूस, लूटे गये जेवर व वारदात में प्रयुक्त दो बाइकें बरामद

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**



रामपुरकलां थाना क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए सात शातिर अंतर्राज्यीय व अंतर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने 23 अगस्त की शाम ग्राम रसूलपुर से जाननगर के बीच सर्राफा व्यापारी रमेश निगम को निशाना बनाया था। घटना के संबंध में थाना रामपुरकलां में मुकदमा अपराध संख्या 146/26 दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सिधौली विशाल गुप्ता के नेतृत्व में एसओजी व रामपुरकलां पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बगराभारी तिराहे के पास से मनीष रावत, अनूप, नन्दू कनौजिया उर्फ शत्रुहन, दिलशाद, विशाल तिवारी, पंकज और पप्पू को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने पहले सर्राफा व्यापारी की रेकी की थी। उन्हें जानकारी थी कि दुकान बंद करने के बाद व्यापारी जाननगर के रास्ते बाबूपुरवा स्थित घर जाता है। योजना के तहत आरोपी दो मोटरसाइकिलों से पहुंचे और व्यापारी के सिर पर डंडे से वार कर लूट की घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 08 जोड़ी पायल, 163 बिछिया, 17 अंगूठियां, ताबीज, लॉकेट, कड़े, बाला, पायल के घुंघरू व लॉक समेत चांदी के जेवर, दुकान की नौ चाबियां, मोटरसाइकिल की चाबी, टूटा व जला हुआ चश्मा तथा जले हुए नीले बैग का टुकड़ा बरामद किया गया। इसके अलावा दो तमंचे 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, दो लकड़ी के डंडे और घटना में प्रयुक्त अपाचे व टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल भी बरामद हुई हैं। पुलिस ने बताया कि बरामद तमंचे मनीष रावत और अनूप के कब्जे से मिले। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 310(2), 61(2), 317(3) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### चीनी मिल के करीब तेंदुए की दस्तक से मचा हड़कंप कामगारों में दहशत

**पूरनपुर।** खेतों और जंगल से सटे इलाकों में वन्यजीवों की आवाजाही के बीच मंगलवार को दी किसान सहकारी चीनी मिल के आसपास तेंदुआ दिखाई देने की खबर से हड़कंप मच गया। मिल क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों की नजर तेंदुए पर पड़ते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कर्मचारियों ने तत्काल दूरी बनाकर खुद को सुरक्षित किया और आसपास मौजूद लोगों को भी सतर्क कर दिया।बताया गया कि तेंदुआ मिल परिसर के आसपास कुछ देर तक नजर आया और इसके बाद खेतों की तरफ बढ़ गया। तेंदुए की मौजूदगी की सूचना आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचते ही किसानों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों की चिंता बढ़ गई। फसल के बीच जंगली जानवर के छिपे होने की आशंका को देखते हुए लोग खेतों में जाने से पहले अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। तेंदुए की सूचना के बाद स्थानीय स्तर पर किसानों और ग्रामीणों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। किसानों से कहा गया है कि जरूरी काम से खेत की ओर जाना हो तो अकेले जाने के बजाय समूह में जाएं। बच्चों और बुजुर्गों को खेतों की ओर अकेले न भेजने की सलाह दी गई है। शाम ढलने के बाद खेतों और सुनसान रास्तों पर जाने से बचने को भी कहा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि फसल कटाई का समय नजदीक होने के कारण आने वाले दिनों में खेतों में किसानों और मजदूरों की आवाजाही बढ़ेगी। ऐसे में तेंदुए की मौजूदगी किसी भी समय चिंता का कारण बन सकती है।

# भाजपा ने बूथ तक संगठन मजबूत करने का खींचा खाका, चुनावी तैयारी को दी रफ्तार

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय पर मंडल कार्यसमिति सत्यापन एवं प्रवास योजना के निमित्त जिला कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, मंडल स्तर पर प्रवास तथा बूथ समितियों के सत्यापन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में जिला प्रभारी गुलशन आनंद मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुरेश गंगवार मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल कार्यसमिति सत्यापन एवं प्रवास योजना के लिए जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री को जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। अभियान के तहत मंडल स्तर पर प्रवास के लिए जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि बूथ स्तर पर बूथ समिति के सत्यापन और प्रवास योजना के लिए मंडल एवं शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाना है। मुख्य अतिथि गुलशन आनंद ने कहा कि भाजपा का संगठन हमेशा सेवा और समर्पण की भावना से काम करता है।

# आरक्षण व राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर मुखर हुआ क्रांतिकारी विचार मंच

**5 सितंबर को सीतापुर में यात्रा और ज्ञापन का ऐलान, प्रशासन से अनुमति न मिलने पर कानूनी रास्ता अपनाने की चेतावनी**

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**



क्रांतिकारी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह पाताबोझ ने प्रेस वार्ता कर आरक्षण, जातिगत आंकड़ों और राजनीतिक हिस्सेदारी के मुद्दे पर सरकार व राजनीतिक दलों को घेरा। उन्होंने सामान्य वर्ग की आबादी के आंकड़ों को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि सामान्य वर्ग को लंबे समय से सही आंकड़ों से गुमराह किया जाता रहा है।

सौरभ सिंह ने सामान्य वर्ग और क्षत्रिय समाज से जुड़े नेताओं के मामलों में सरकार के कथित दोहरे रवैये पर सवाल उठाए। उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह का उदाहरण देते हुए कई सवाल खड़े किए। वहीं चंद्रशेखर आजाद से जुड़े आरोपों का हवाला देते हुए कार्रवाई की स्थिति पर भी सवाल उठाया और कहा कि आरोप लगाने वाली महिला की शिकायत पर अब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग अब केवल राजनीतिक दलों के पीछे चलने के बजाय अपने अधिकारों और राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए संगठित होकर आवाज उठाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के नेताओं से सामान्य वर्ग के हित में खुलकर सामने आने की अपील की। 5 सितंबर को प्रस्तावित यात्रा सौरभ सिंह ने बताया कि 5 सितंबर को क्रांतिकारी विचार मंच के बैनर तले सीतापुर में यात्रा निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यात्रा काशीराम कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा से शुरू होकर हरदोई चुंगी और झांसी चौराहा होते हुए परशुराम मंदिर, अटल बिहारी वाजपेयी, राजेंद्र गुप्ता और अग्रसेन मंदिर तक प्रस्तावित है। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र हरपाल सिंह को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **हरजीत कौर पत्नी स्व. प्रगट सिंह निवासी ग्राम हेतम नगला थाना बंडा शाहजहांपुर।**

**सूचना**

मेरी बीटेक क्रमांक 0220118 वर्ष 2021 मार्कशीट एनरोलमेंट नंबर 177532046262 की डिग्री एवं मार्कशीट कहीं खो गई है। **रोहित कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, निवासी बण्डा, शाहजहांपुर।**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद इरफान को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **शब्बन पुत्र अनवर नि.मो. हाथी थाना तह. सदर, थाना सदर बाजार, शाहजहांपुर।**

# शारदा का बढ़ता जलस्तर, पीलीभीत में मंडराया बाढ़ का खतरा

- बनबसा बैराज से दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने की सूचना
- जिलाधिकारी ने तटीय इलाकों का लिया जायजा प्रशासन रहे अलर्ट

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



लगातार हो रही बारिश के बीच जिले में शारदा नदी के बढ़ते जलस्तर ने एक बार फिर बाढ़ की आशंका को हवा दे दी है। बनबसा बैराज से शारदा नदी में करीब दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने की सूचना के बाद नदी किनारे बसे गांवों और निचले इलाकों में प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। परिगांव क्षेत्र में शारदा नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर तक पहुंचने की सूचना है, जिसके बाद प्रशासनिक अमला स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। मौसम के बिगड़े मिजाज के बीच सचेत ऐप से भी जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ घंटों में मध्यम से तेज बारिश के साथ बिजली चमकने, गरज के साथ आंधी-तूफान की आशंका जताई गई है। बारिश और नदी के बढ़ते जलस्तर की दोहरी चुनौती ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

**डीएम ने खुद संभाली कमान, तटीय इलाकों में पहुंचकर परखी स्थितिः** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मंगलवार को शारदा नदी के किनारे के इलाकों का जायजा लेकर मौके की स्थिति को परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नदी के मौजूदा जलस्तर, बैराज से छोड़े जा रहे पानी और संभावित प्रभाव वाले क्षेत्रों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नदी के जलस्तर में किसी भी तरह की वृद्धि होने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। प्रशासन ने नदी किनारे बसे गांवों में निगरानी बढ़ा दी है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत और बचाव से जुड़ी तैयारियों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पानी का स्तर तेजी से बढ़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में किसी तरह की देरी न हो।

**पूरनपुर क्षेत्र में भी बढ़ी बेचैनी, निचले इलाकों पर विशेष नजरः** बनबसा बैराज से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने की सूचना का असर पूरनपुर तहसील क्षेत्र में भी देखा जा रहा है। शारदा नदी के तटीय और निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने ग्रामीणों से नदी के किनारे जाने से बचने तथा जलस्तर बढ़ने की स्थिति में सुरक्षित और ऊंचे स्थानों की ओर जाने के लिए तैयार रहने को कहा है। तेज बहाव वाले पानी में उतरने या जलभराव वाले रास्तों को पार करने से भी लोगों को रोकने की अपील की गई है। बच्चों को नदी, नाले और पानी से भरे स्थानों से दूर रखने पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही पशुओं और विशेषकर गौवंश को भी सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी गई है।

**पानी बढ़ा तो लापरवाही पड़ सकती है भारीः** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नदी के तेज बहाव को हल्के में लेना जानलेवा साबित हो सकता है। जलभराव वाले रास्तों पर वाहन लेकर निकलने या पैदल पानी पार करने से बचने की सलाह दी गई है। नदी का बहाव बढ़ने की स्थिति में लोगों को प्रशासन के निर्देशों का तत्काल पालन करने को कहा गया है। जलभराव के दौरान बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर और जमीन पर गिरे विद्युत तारों से दूरी बनाए रखने की भी चेतावनी दी गई है। पानी भरे स्थानों पर विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई है। जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थान की ओर जाते समय लोगों से जरूरी दस्तावेज, मोबाइल फोन, दवाइयां, पेयजल और आवश्यक खाद्य सामग्री साथ रखने को कहा गया है।

**अफवाह नहीं, प्रशासन की सूचना पर करें भरोसाः** बाढ़ की आशंका के बीच प्रशासन ने लोगों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

# कांग्रेस एक नये सामाजिक समीकरण की तलाश में


नीरज कुमार दुबे

महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और अपने जीवन से जुड़े निर्णय खुद लेने का अधिकार निस्संदेह आधुनिक लोकतांत्रिक समाज के अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। इन विषयों पर जितनी गंभीर और व्यापक चर्चा हो, उतना ही बेहतर है। महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिले, यह किसी भी सभ्य समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि महिलाओं के आधुनिक अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए क्या हर बार हजारों वर्ष पुराने ग्रंथों को राजनीतिक कठघरे में खड़ा करना जरूरी है? क्या वर्तमान की समस्याओं का समाधान अतीत के विवादों को बार-बार राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लाकर ही निकाला जा सकता है? कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया राजनीतिक गतिविधियों और बयानों को देखें तो ऐसा लगता है कि पार्टी एक नए सामाजिक समीकरण की तलाश में है। इस समीकरण में दलित, पिछड़े, महिलाएं, युवा, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से नई पीढ़ी को जोड़ने की कोशिश दिखाई देती है। राहुल गांधी लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, जिनके माध्यम से कांग्रेस अपने पारंपरिक राजनीतिक आधार से आगे बढ़कर एक व्यापक सामाजिक गठजोड़ तैयार करना चाहती है। पुणे में महिलाओं के साथ संवाद के दौरान राहुल गांधी ने महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, आर्थिक कठिनाइयों और स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने पितृसत्ता को चुनौती देने की बात कही और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भारतीय जनता पार्टी पर 'मनुस्मृति की मानसिकता' रखने का आरोप लगाया। महिलाओं से जुड़े वास्तविक प्रश्नों पर चर्चा करना निश्चित रूप से लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा है, लेकिन उसी विमर्श में मनुस्मृति को प्रमुख राजनीतिक हथियार के रूप में शामिल करना अपने आप में एक अलग राजनीतिक संदेश देता है। राहुल गांधी की राजनीति में जाति और सामाजिक न्याय का मुद्दा पहले से प्रमुख रहा है। जाति जनगणना, आरक्षण, दलित प्रतिनिधित्व और सामाजिक असमानता जैसे विषय उनके भाषणों का हिस्सा रहे हैं। अब मनुस्मृति को महिलाओं के अधिकारों और पितृसत्ता के प्रश्न




से जोड़ना उसी राजनीतिक रणनीति का विस्तार माना जा सकता है। इसका ऐतिहासिक संदर्भ भी है। वर्ष 1927 में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने मनुस्मृति का दहन किया था। यह घटना जातिगत भेदभाव और सामाजिक असमानता के खिलाफ उनके संघर्ष का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बनी। इसलिए मनुस्मृति का उल्लेख दलित अस्मिता और सामाजिक न्याय की राजनीति से आसानी से जुड़ जाता है। राहुल गांधी संभवतः इसी ऐतिहासिक स्मृति को वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से जोड़ना चाहते हैं। महिला अधिकार, दलित अस्मिता और सामाजिक न्याय–इन तीनों को एक साझा राजनीतिक विमर्श में पिरोने की कोशिश की जा रही है। लेकिन यहां मूल प्रश्न यह है कि क्या भारत की प्रत्येक सामाजिक समस्या का समाधान जाति के चश्मे से ही तलाशा जाना चाहिए? जातिगत भेदभाव भारत की वास्तविक समस्या रही है और आज भी जहां कहीं जाति के आधार पर भेदभाव होता है, वहां उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। संविधान ने समानता और सामाजिक न्याय का स्पष्ट रास्ता दिखाया है। लेकिन जातिगत अन्याय को समाप्त करने का उपाय क्या जातिगत पहचान को लगातार राजनीतिक रूप से और मजबूत करना है? यही वह प्रश्न है जिस पर कांग्रेस और राहुल गांधी को भी आत्ममंथन करना चाहिए। मनुस्मृति को लेकर राजनीतिक बहस नई नहीं है। इसके अनेक प्रावधानों को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों की कसौटी पर कठघरे में खड़ा किया गया है। महिलाओं और जाति से जुड़े कुछ प्रावधानों की आलोचना लंबे समय से होती रही है। यह आलोचना अपने आप में अस्वाभाविक नहीं है। कोई भी प्राचीन ग्रंथ आधुनिक संविधान का विकल्प नहीं हो सकता। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब किसी प्राचीन ग्रंथ को उसके ऐतिहासिक संदर्भ से काटकर वर्तमान राजनीतिक संघर्ष का हथियार बना दिया जाता है। हजारों वर्ष पहले लिखे गए ग्रंथों को समझने के लिए भाषा, इतिहास, सामाजिक संरचना और उस समय की परिस्थितियों का अध्ययन आवश्यक है। भारत के विधि आयोग के पूर्व सदस्य और कानूनविद तहिर महमूद ने भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं। उनका तर्क है कि मनुस्मृति जैसे प्राचीन ग्रंथों को उनके ऐतिहासिक और सामाजिक संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिए। केवल औपनिवेशिक काल के अंग्रेजी अनुवादों के आधार पर उनकी अंतिम व्याख्या कर देना उचित नहीं है। महिलाओं के संदर्भ में मनुस्मृति का एक प्रसिद्ध श्लोक अक्सर राजनीतिक बहस में उद्धृत किया जाता है, जिसमें जीवन के अलग-अलग चरणों में पिता, पति और पुत्र द्वारा महिला की 'रक्षा' की बात कही गई है। आधुनिक दृष्टि से देखें तो महिला की स्वतंत्रता और स्वायत्तता के वर्तमान संवैधानिक विचारों के साथ ऐसी व्यवस्था का सीधा सामंजस्य नहीं बैठता। लेकिन यहां भी मूल संस्कृत शब्दों के अर्थ, संदर्भ और उनके विभिन्न अनुवादों को समझना जरूरी है। 'रक्षा' शब्द का अर्थ केवल नियंत्रण या अधीनता नहीं, बल्कि संरक्षण और सुरक्षा भी हो सकता है। इसका अर्थ यह नहीं कि आधुनिक भारत उस प्राचीन व्यवस्था को स्वीकार कर ले। बल्कि इसका अर्थ यह है कि इतिहास की व्याख्या करते समय जल्दबाजी से बचना चाहिए। तहिर महमूद ने एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू की ओर भी ध्यान दिलाया है। उनके अनुसार मनुस्मृति और दूसरे धर्मशास्त्रीय ग्रंथों को सामान्य रूप से 'हिंदू कानून' के रूप में देखने की धारणा भी काफी हद तक औपनिवेशिक काल की वर्गीकरण पद्धति से प्रभावित रही है। ब्रिटिश शासन ने भारत के समाज को समझने और प्रशासन चलाने के लिए धर्म, जाति और समुदाय के आधार पर अनेक श्रेणियां विकसित कीं।

इन श्रेणियों का प्रभाव बाद की भारतीय राजनीति और सामाजिक विमर्श पर भी पड़ा। विडंबना यह है कि आज कई बार हम उन्हीं औपनिवेशिक व्याख्याओं को अंतिम सत्य मानकर अपने प्राचीन इतिहास का मूल्यांकन करने लगते हैं। प्राचीन भारत का सामाजिक और कानूनी ढांचा आज की आधुनिक राष्ट्र-राज्य व्यवस्था जैसा नहीं था।

इसलिए हजारों वर्ष पुराने ग्रंथों को वर्तमान संविधान, चुनावी राजनीति और आधुनिक नागरिक अधिकारों के सीधे राजनीतिक मुकाबले में खड़ा करना इतिहास को अत्यधिक सरल बना देना है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं कि प्राचीन ग्रंथों की आलोचना नहीं होनी चाहिए। आलोचना होनी चाहिए, बल्कि गंभीर आलोचना होनी चाहिए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## नई दिशा, सतर्क भारत

भारत और चीन के रिश्ते जिस मोड़ पर खड़े हैं, वहां संवाद की बहाली निश्चित रूप से सकारात्मक संकेत है, लेकिन इसे रणनीतिक बदलाव का प्रमाण मान लेना जल्दबाजी होगी। बीजिंग में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की 25वें दौर की वार्ता इसी संतुलित दृष्टिकोण का संकेत देती है। सीमा विवाद को लेकर बातचीत आगे बढ़ी है, संपर्क तंत्र मजबूत करने पर सहमति बनी है और कैलास मानसरोवर यात्रा तथा सीमावर्ती व्यापार को फिर से शुरू करने की दिशा में कदम उठे हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत के लिए सबसे जरूरी है कि वह कूटनीतिक उम्मीदों के साथ अपनी सामरिक चौकसी को भी उतना ही मजबूत रखे। इस वार्ता की अहमियत किसी बड़ी सीमा सफलता से अधिक उस व्यवस्था के निर्माण में है, जो भविष्य में तनाव को बढ़ने से रोक सके। अक्टूबर 2024 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव वाले क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी के समझौते के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच बनी सहमति ने संवाद की राह खोली थी। अब 25वें दौर की वार्ता उसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाती दिख रही है। यह समझना होगा कि सीमा विवाद का अंतिम समाधान निकट भविष्य में संभव नहीं दिखता। इसलिए फिलहाल दोनों देशों के लिए प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि मतभेदों को संघर्ष में बदलने से रोका जाए। यही वजह है कि सीमा प्रबंधन के लिए नए तंत्र बनाने पर बनी सहमति विशेष महत्व रखती है। संयुक्त विशेषज्ञ समूह और कार्यकारी तंत्र डब्ल्यूएमसीसी के तहत सीमा प्रबंधन कार्य समूह को सीमांकन और सीमा प्रबंधन के मुद्दों पर तेजी से ठोस प्रगति का लक्ष्य दिया गया है। यह भाषा बताती है कि दोनों पक्ष अब तत्काल तनाव कम करने के साथ-साथ ऐसी संस्थागत व्यवस्था बनाना चाहते हैं, जो लंबे समय तक काम कर सके। सीमा पर किसी छोटी घटना के बड़े सैन्य टकराव में बदलने का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे में दोनों सेनाओं के वरिष्ठ कमांडरों के बीच नियमित संवाद के लिए दो नए बैठक स्थल और पूर्वी तथा मध्य सेक्टर में दो नई हाटलाइन स्थापित करने पर सहमति उपयोगी कदम है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पूरी तरह सीमांकित नहीं है और कई स्थानों पर धारणा का अंतर है। ऐसे में जमीन पर पैदा होने वाली गलतफहमियों को तत्काल उच्च स्तर तक पहुंचाने और बातचीत के जरिये सुलझाने की व्यवस्था तनाव को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। सीमा विवाद के अंतिम समाधान के लिए वर्ष 2005 के राजनीतिक मानदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों वाले समझौते की पुष्टि भी महत्वपूर्ण है। दोनों देशों ने न्यायसंगत, तर्कसंगत और परस्पर स्वीकार्य समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। हालांकि इस दिशा में किसी ठोस परिणाम के लिए लंबा रास्ता तय करना बाकी है। इसलिए इस सहमति को सीमा विवाद के समाधान की दिशा में निर्णायक उपलब्धि के बजाय राजनीतिक संवाद को जीवित रखने के प्रयास के रूप में देखना अधिक उचित होगा। भारत-चीन संबंधों में केवल सीमा ही मुद्दा नहीं है। दोनों देशों के बीच आर्थिक और मानवीय संपर्क भी लंबे समय से तनाव की चपेट में रहे हैं। कैलास मानसरोवर यात्रा की बहाली और निर्धारित दर्रों से सीमावर्ती व्यापार शुरू करने की सहमति इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने और सीमावर्ती आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने से भरोसा बनाने में मदद मिल सकती है। साझा नदियों पर विशेषज्ञ समूह की बैठक का निर्णय भी इस बात का संकेत है कि दोनों देश उन क्षेत्रों में संवाद बढ़ाना चाहते हैं जहां उनके हित प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं। लेकिन सकारात्मक संकेतों के बावजूद भारत को अपने अनुभवों को नहीं भूलना चाहिए। 2020 के बाद सीमा पर पैदा हुए तनाव ने यह स्पष्ट किया है कि भरोसा बहाल करना आसान नहीं है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण, सैन्य तैनाती, हिमालयी क्षेत्रों में सामरिक संतुलन, व्यापार घाटा और क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने की प्रतिस्पर्धा ऐसे मुद्दे हैं, जो आने वाले वर्षों में भी भारत-चीन संबंधों को प्रभावित करेंगे। भारत को इसलिए संवाद और तैयारी, दोनों को साथ लेकर चलना होगा। चीन के साथ बातचीत का रास्ता खुला रखना भारतीय हित में है, लेकिन इसका अर्थ सामरिक सतर्कता में कमी नहीं हो सकता। सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास, निगरानी क्षमता और सैन्य तैयारियों को निरंतर मजबूत करना जरूरी है। कूटनीति तभी प्रभावी होती है जब उसके पीछे पर्याप्त राष्ट्रीय शक्ति और स्पष्ट रणनीतिक दृष्टि हो। दोनों देशों का स्वयं को 'प्रतिस्पर्धी नहीं, साझीदार' बताने की कोशिश भी इसी व्यापक कूटनीतिक माहौल का हिस्सा है। इसे रिश्तों में स्थायी बदलाव के रूप में देखने के बजाय तनाव कम करने वाली भाषा के तौर पर देखना अधिक यथार्थवादी होगा। भारत और चीन के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा समाप्त नहीं हुई है। दोनों देश शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग करते हैं, लेकिन वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर उनके हित कई जगह अलग भी हैं।

## दो टूक




# हिमालय से मिल रही चेतावनी, फिर भी नहीं संभल रहे हम

कुलभूषण उपमन्यु



औद्योगिक क्रांति के बाद जिस तकनीकी दंभ का प्रादुर्भाव हुआ है, उसके आलोक में वैज्ञानिकता के नाम पर प्रकृति से आधुनिक मानव युद्धरत है। ऊर्जा की अत्यधिक भूख ने ऊर्जा उत्पादन के ऐसे तरीकों पर निर्भरता बढ़ा दी है, जो वैश्विक तापमान में वृद्धि करके जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहे हैं। पिछली डेढ़ सदी में वैश्विक स्तर पर तापमान डेढ़ डिग्री तक बढ़ चुका है। अब भी हम लगभग उसी रास्ते पर दौड़ रहे हैं। हिमालय का क्रोध केवल भारत वर्ष के कारण नहीं है, यह तो सारी, दुनिया, विशेष कर विकसित देशों का किया धरा है, किन्तु बाकी सभी देश भी तो उन्हीं विकसित देशों की विकास पद्धति का ही अनुकरण कर रहे हैं और जलवायु परिवर्तन में योगदान करके प्रकृति के संतुलन को नष्ट करने में लगे हुए हैं। प्रकृति बार-बार चेतावनी देती है, किन्तु हम समझने वाले नहीं हैं, क्योंकि हम इस गलतफहमी में हैं कि हम कुछ भी करके सुरक्षित निकल लेंगे। न तो हम पश्चिम के बर्फीले तूफानों से समझ रहे हैं न ही रेगिस्तानी बर्फबारी से समझ रहे हैं। ध्रुवीय प्रदेशों से लेकर हिमालय तक ग्लेशियरों के पिघलने से हो रही तबाही से, मासूम जिंदगियों का काल-कलवित हो जाना हमारे हृदय में न तो दया का भाव पैदा कर पा रहा है न ही अपने लालच के चलते प्रकृति को पहुंचाए जा रहे नुकसान के बारे में पुनर्विचार करने की ओर मुड़ रहा है। गेंद को एक-दूसरे के पाले में धकेला जा रहा है। जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने वाले संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रयासों से अमेरिका जैसे भारी प्रदूषणकारी देश बाहर निकल चुके हैं। चीन और भारत हिमालय में बड़े से बड़े बांधों के निर्माण में डटे हुए हैं, जिससे होने वाली तोड़फोड़ और मीथेन उत्सर्जन से हिमालय में वैश्विक तापमान में वृद्धि की औसत से ज्यादा वृद्धि हुई है। नतीजा हम ही भुगत रहे हैं। कभी पारछू की बाढ़ में, सतलुज में तो कभी थुनाग-जंजैहली में। कभी धराली में तो कभी केदारनाथ में। हम जानते तो सब कुछ हैं पर समझेंगे नहीं, क्योंकि हम वैज्ञानिक युग के अहंकारपूर्ण शक्तिशाली देश हैं। प्रकृति की ताकत के आगे बार-बार शर्मिंदा होने के बाद भी हम प्राकृतिक आपदा कह कर मामले को टाल देते हैं, जबकि हमें इन्हें मानव निर्मित प्राकृतिक आपदा कहना चाहिए, ताकि हमें अपने गैरजिम्मेदार कारनामों की याद आती रहे, जिससे शायद जागने में मदद मिले। वर्तमान नेपाल त्रासदी ने जिस तरह हजारों बेशकीमती जान काल कलवित की हैं, वह वैश्विक चेतना को झकझोरने वाली घटना है। भारत की स्थिति भी इस विषय में अच्छी नहीं है. हिमाचल प्रदेश से लेकर अरुणाचल तक कई जोखिमपूर्ण ग्लेशियर झीलें विद्यमान हैं। हिमाचल में लाहुल घाटी की घेपांग घाट ग्लेशियल झील सहित 48 ऐसी झीलें हैं। उत्तराखंड में 13, लद्दाख में 35, सिक्किम में 40, अरुणाचल में 28 उच्च जोखिम वाली ग्लेशियल झीलें मौजूद हैं। सिक्किम भी 2023 में दक्षिणी ल्होनाक ग्लेशियल झील के फटने से भारी त्रासदी झेल चुका है। वर्तमान विकास गतिविधियां हिमालय में जान-माल के लिए खतरा बढ़ा रही हैं। जब जिन्दा ही नहीं रहेंगे, तो उस विकास का क्या करेंगे। एक ओर बड़े-बड़े देश युद्धों में उलझे हुए हैं। युद्ध भी जितना वायु प्रदूषण फैला रहे हैं, वह भी जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण बन रहे हैं। आतंकवाद और युद्ध दोनों से ही बचने की जरूरत है। बातचीत से समस्याएं हल हो सकती हैं। युद्ध के बाद भी तो बातचीत ही करनी पड़ती है। सांप्रदायिक घृणा जनित आतंकवाद से भी तौबा की जानी चाहिए। कोई संप्रदाय मृत्यु उपरांत नर्क में जाता है या स्वर्ग में इस बात की चिंता किसी को करने की क्या जरूरत है, जो जाएगा वह खुद देख लेगा। फिजूल की आत्मप्रशंसा जनित झगड़ों से ऊपर उठना जरूरी हो गया है, क्योंकि वर्तमान युद्ध और जलवायु परिवर्तन के खतरे भीषण विध्वंस कारक होते जा रहे हैं। भारतवर्ष में पर्यावरणीय आन्दोलन 1980 के दशक से ही वैकल्पिक विकास नीति विशेषकर हिमालय क्षेत्रों के लिए बनाने की बात कर रहे हैं। चिपको आन्दोलन से लेकर हिमालय नीति अभियान, हिमालय क्षेत्र में पर्वत विशिष्ट परिशितिकीय दृष्टि से निरापद विकास नीति के लिए आवाज उठा रहे हैं। 1992 में योजना आयोग ने डॉ. एसजेड कासिम की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समूह का गठन किया था, जिसने हिमालय में विकास के लिए कुछ दिशा-निर्देश तय किए थे, जिनमें हिमालय में करणीय और नहीं करने योग्य गतिविधियों के सुझाव दिए गए थे। इसके लिए व्यवस्थागत सुझाव भी दिए गए थे, किन्तु बात आगे नहीं बढ़ पाई। उसके बाद कितने ही नए अनुभव संचित हो चुके हैं, जिन पर आधारित सावधानियां और दिशाएं तय की जा सकती हैं। हमें आशा करनी चाहिए कि जब जागे तभी सवेरा वाली कहावत पर विश्वास करते हुए पर्यावरण मित्र विकास की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास शुरू करेंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ से मिल कर चीन और अमेरिका जैसे अत्यधिक हरित प्रभाव गैसों का उत्सर्जन करने वाले देशों को भी पर्यावरण मित्र विकास की दिशा में गंभीर सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना वांछित है। राष्ट्रपति ट्रंप के आने के बाद अमेरिका का जलवायु परिवर्तन रोकने वाली वैश्विक संधियों से बाहर हो जाना चिंता योग्य है। स्वयं सही विकास नीति बना कर वैश्विक स्तर पर दबाव समूह को सशक्त करने की दिशा में भारत महती योगदान कर सकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस


अब्र लखनवी

### ग़ज़ल

फ़ासले दरमियाँ को और बड़ा करते हुए।
हाथ काँपा न तेरा, ज़ख़्म हरा करते हुए।

कौन कहता है कि नेकी का यही परचम है?
हमने देखा है मुहब्बत को ख़ता करते हुए।

दिल को उम्मीद नयी रोज़ दिलाता मैं रहा,
उम्र गुज़री है मेरी ख़ुद से दगा करते हुए।

मुझको हर बार नए ज़ख़्म मिले सपनों से,
मुझको डर लगता बहुत ख़्वाब नया करते हुए।

अपनी हारी हुई दुनिया का सिकंदर हूँ मैं,
कौन आएगा मेरे पास दुआ करते हुए?

हाथ में अपने मैं कश्कोल नहीं थामूँगा,
मौत आएगी यूँ ख़ैरात जमा करते हुए।

बज़्म में 'अब्र' के जाएँगे नहीं हम तो कभी,
फ़ैसला कर लिया ख़ुशियों ने सभा करते हुए।



# आर्थिक निवेश, सांस्कृतिक कूटनीति और वैश्विक संघ नेटवर्क का विस्तार

अशोक भाटिया

इस ऐतिहासिक यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी आयाम प्रवासी भारतीयों के बीच संघ की अंतरराष्ट्रीय शाखाओं, विशेष रूप से हिंदू स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर पड़ने वाला प्रभाव है। डॉ. भागवत की इस उपस्थिति ने अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय देशों में सक्रिय एचएसएस के नेटवर्क को एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की है। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की न्यूयॉर्क यात्रा समकालीन वैश्विक परिदृश्य, भारत-अमेरिका संबंधों के रणनीतिक भविष्य और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सांस्कृतिक कूटनीति की बदलती दिशा के दृष्टिकोण से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटनाक्रम है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस वैश्विक संपर्क कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रवासी भारतीयों से संवाद करना मात्र नहीं है, बल्कि यह उभरती हुई वैश्विक व्यवस्था में भारत की वैचारिक, दार्शनिक और आर्थिक ताकत को एक साथ रेखांकित करने का एक सुनियोजित प्रयास है। अगस्त 2026 में हो रही इस उच्च-स्तरीय यात्रा के बहुआयामी प्रभाव हैं, जो पारंपरिक कूटनीति के दायरों से बहुत आगे निकल जाते हैं। इस दौरे के प्रभाव को मुख्य रूप से तीन बड़े स्तंभों के माध्यम से समझा जा सकता है, जिसमें पहला अमेरिकी कॉर्पोरेट जगत के दिग्गजों और उद्यम पूंजीपतियों के साथ भविष्य की तकनीकों पर हुआ गंभीर आर्थिक विमर्श है, दूसरा वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध मैडिसन स्क्वायर गार्डन में भारतीय प्रवासियों का ऐतिहासिक सांस्कृतिक समागम है, और तीसरा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस यात्रा को लेकर पैदा हुए वैचारिक अंतर्विरोध और तीखे राजनीतिक विरोध प्रदर्शन हैं। इन सभी पहलुओं का एक साथ मिलकर विश्लेषण यह स्पष्ट करता है कि आधुनिक भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाला यह संगठन अब वैश्विक स्तर पर देश की छवि, नीतियों और अंतरराष्ट्रीय विमर्श को प्रभावित करने के लिए किस प्रकार अपनी रणनीतियों का विस्तार कर रहा है। इस पूरी यात्रा का सबसे पहला और आर्थिक रूप से अत्यंत व्यावहारिक पड़ाव न्यूयॉर्क में वैश्विक कॉर्पोरेट जगत के शीर्ष अधिकारियों, नीति-निर्माताओं और उद्यम पूंजीपतियों



के साथ आयोजित एक विशेष गोलमेज बैठक थी । इस संवाद के दौरान पारंपरिक द्विपक्षीय व्यापार के स्थापित ढांचों से आगे बढ़कर पूरी तरह से भविष्य की उन्नत प्रौद्योगिकियों यानी डीप-टेक पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस उच्च-स्तरीय बैठक में दूरसंचार क्षेत्र के आधुनिकीकरण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में निजी निवेश की संभावनाओं, स्वच्छ ऊर्जा के वैश्विक लक्ष्यों और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक विधाओं में भारत-अमेरिका के बीच सहयोग पर गहराई से विमर्श हुआ। डॉ. मोहन भागवत ने वैश्विक निवेशकों के सामने भारत को एक विश्वसनीय, लोकतांत्रिक, कानून सम्मत और विकासोन्मुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में मजबूती से प्रस्तुत किया। इस चर्चा के दौरान अमेरिकी निवेशकों ने भारत के विशाल बाजार और उसकी बढ़ती आर्थिक क्षमता की सराहना तो की, लेकिन साथ ही उन्होंने राज्य स्तर पर आने वाली प्रशासनिक और विनियामक बाधाओं पर अपनी व्यावहारिक चिंताएं भी साझा कीं। निवेशकों का मुख्य तर्क यह था कि यदि भारत को चीन के एक मजबूत और सुरक्षित विकल्प के रूप में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में आना है, तो भूमि अधिग्रहण, जटिल कर संरचनाओं और स्थानीय स्तर पर फैक्ट्रियां स्थापित करने से जुड़ी प्रक्रियाओं को और अधिक सरल व पारदर्शी बनाना होगा, ताकि प्रशासनिक देरी के बिना निवेश धरातल पर उतर सके। इसी बैठक में सिलिकॉन वैली की जानी-मानी निवेश भागीदार आशा जडेजा मोटवानी जैसी हस्तियों ने भागवत के इस विचार का पुरजोर समर्थन किया कि भारत की युवा जनसांख्यिकी आज दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है, और भारतीय युवा न केवल अपने देश के विकास के इंजन हैं बल्कि वे पूरी दुनिया में सकारात्मक और तकनीकी बदलावों के सबसे बड़े संवाहक बनकर उभर रहे हैं । इस तीन दिवसीय दौरे का दूसरा और दृश्य रूप से सबसे भव्य पहलू न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक और दुनिया भर में प्रसिद्ध मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आयोजित होने वाला 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' है । रक्षाबंधन के पावन सांस्कृतिक अवसर पर आयोजित होने वाले इस विशाल समागम में पूरे अमेरिका महाद्वीप से 5,000 से अधिक विशिष्ट भारतीय प्रवासियों और सैकड़ों सांस्कृतिक, दार्शनिक व आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई । इस भव्य आयोजन के पीछे बहुत गहरे भू-राजनीतिक और सामाजिक निहितार्थ छिपे हुए हैं, क्योंकि इस पूरे उत्सव का मूल दर्शन भारतीय संस्कृति के कालजयी विचार 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया एक परिवार है, के सार्वभौमिक सिद्धांत पर आधारित है। ऐसे दौर में जब पूरा विश्व भू-राजनीतिक संघर्षों, युद्धों, वैचारिक ध्रुवीकरण और गंभीर जलवायु संकटों से जूझ रहा है, मैडिसन स्क्वायर गार्डन जैसे अत्यधिक प्रभावशाली पश्चिमी मंच से सर्वसमावेशी, बहुसांस्कृतिक और अंतरधार्मिक एकता का संदेश देना भारत की उस 'विश्व-मित्र' वाली छवि को वैश्विक जनमानस में स्थापित करता है जो सभी के कल्याण की कामना करती है। यह आयोजन अमेरिकी समाज, वहां की अर्थव्यवस्था, विज्ञान और राजनीति में शीर्ष पदों पर आसीन भारतीय प्रवासियों की एकजुटता और उनकी जनसांख्यिकीय व आर्थिक शक्ति का भी एक बहुत बड़ा प्रदर्शन है , जिसकी उपेक्षा कोई भी अमेरिकी सरकार या नीति-निर्माता नहीं कर सकता। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम के माध्यम से संघ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने खिलाफ बने पुराने नैरेटिव को तोड़ने और पश्चिमी दुनिया के सामने खुद को एक वैश्विक, समावेशी और परोपकारी दार्शनिक आंदोलन के रूप में पेश करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहा है। इस ऐतिहासिक यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी आयाम प्रवासी भारतीयों के बीच संघ की अंतरराष्ट्रीय शाखाओं, विशेष रूप से हिंदू स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर पड़ने वाला प्रभाव है। डॉ. भागवत की इस उपस्थिति ने अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय देशों में सक्रिय एचएसएस के नेटवर्क को एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की है। भारत से बाहर रहने वाले हिंदुओं को अपनी संस्कृति, जड़ों और मूल्यों से जोड़े रखने में हिंदू स्वयंसेवक संघ दशकों से मूक भाव से काम कर रहा है, लेकिन इस स्तर के शीर्ष नेतृत्व के प्रवास ने इन गतिविधियों को मुख्यधारा की वैश्विक चर्चा में ला खड़ा किया है। इस यात्रा के बाद विदेशों में चल रही संघ की साप्ताहिक और मासिक 'बालगोकुलम' जैसी गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है, जहां प्रवासी परिवारों की नई पीढ़ी को भारतीय दर्शन, योग और नेतृत्व क्षमता के संस्कार दिए जाते हैं। एचएसएस के माध्यम से प्रवासी भारतीय केवल सांस्कृतिक रूप से ही संगठित नहीं हो रहे हैं, बल्कि वे अमेरिकी समाज में परोपकार, आपदा प्रबंधन और स्थानीय सामुदायिक सेवा के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। संघ प्रमुख ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि विदेशों में रहने वाले स्वयंसेवकों का यह दायित्व है कि वे अपनी कर्मभूमि (अमेरिका) के प्रति पूरी तरह वफादार और अनुशासित रहते हुए अपनी मातृभूमि (भारत) के सांस्कृतिक गौरव को अक्षुण्ण रखें। यह रणनीतिक मार्गदर्शन आने वाले समय में पश्चिमी देशों में भारतीय प्रवासियों को एक ऐसे सुदृढ़ सामाजिक समूह के रूप में स्थापित करेगा, जो वैश्विक स्तर पर भारत विरोधी दुष्प्रचार का मुकाबला करने और भारत के पक्ष में एक सकारात्मक जनमत तैयार करने में अधिक सक्षम होगा। सकारात्मक आर्थिक संवाद और सांस्कृतिक महाकुंभ के समानांतर, इस यात्रा का वह अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विवाद और विरोध प्रदर्शन भी एक अनिवार्य पहलू है जिसने न्यूयॉर्क की राजनीति को गरमाए रखा । डॉ. भागवत की इस हाई-प्रोफाइल उपस्थिति का अमेरिकी मानवाधिकार लॉबी, कुछ नागरिक अधिकार संगठनों और स्थानीय राजनेताओं द्वारा तीखा विरोध किया गया है ।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### यमुना-बेतवा खतरे से 7-8 मीटर नीचे, प्रशासन अलर्ट



**हमीरपुर।** जिले में नदियों के जलस्तर और बाढ़ की स्थिति को लेकर प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि वर्तमान में जिले की स्थिति सामान्य और नियंत्रण में है। यमुना और बेतवा का जलस्तर खतरे के निशान से करीब सात से आठ मीटर नीचे है। बर्मा और चंद्रावल नदियों का जलस्तर भी अब घट रहा है। बर्मा और चंद्रावल के बढ़े जलस्तर से कुपरा और शिवनी समेत कुछ क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित हुआ था। प्रभावित परिवारों को राहत किट उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मेडिकल कैंप भी लगाए गए हैं। जिला अस्पताल व सभी सीएचसी में एंटी-वेनम इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। राजस्व टीमें मकानों और फसलों के नुकसान का आकलन कर रही हैं। पात्र लोगों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं और फ्लड पीएसी की तैनाती के साथ कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

### नदियों में जाने पर रोक, असुरक्षित नावों पर होगी कार्रवाई

**हमीरपुर।** बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने नदी और नदी किनारे गतिविधियों पर सख्ती बढ़ा दी है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नदी किनारे बसे गांवों और संवेदनशील स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नदी में जाने से रोकने को कहा गया है। पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें संयुक्त रूप से गश्त करेंगी। मत्स्य आखेट के लिए नदी में जाने वालों को भी तत्काल रोकने के निर्देश हैं। मानकविहीन, छोटी और असुरक्षित नावों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाई जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रशासन ने ग्रामीणों, नाविकों और मछुआरों से बढ़े जलस्तर के दौरान नदी से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की है।

### चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर सामान व नकदी चुराई

**राठ (हमीरपुर)।** नगर में चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत बढ़ गई है। सोमवार रात उरई बस स्टैंड के पास अज्ञात चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर नकदी और सामान चोरी कर लिया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे व्यापारियों को चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। राठ निवासी नीतीश कुमार की उरई बस स्टैंड के पास किराना की दुकान है। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे पहुंचे तो शटर के ताले टूटे मिले। दुकान से करीब 40-50 हजार रुपए का सामान और 5 हजार रुपए नकद चोरी मिला। इसी इलाके में निधि गुप्ता की हार्डवेयर की दुकान के भी ताले तोड़े गए। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम सात बजे दुकान बंद की थी। मंगलवार सुबह पहुंचने पर शटर का ताला टूटा मिला। दुकान की दो गोलकों में रखे करीब 70 हजार रुपए नकद गायब थे। दोनों दुकानदारों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

### पटरी पर मिला युवक का शव

**महोबा।** ऐतिहासिक काजली मेला देखकर घर लौट रहे एक युवक का रेल पटरी पर शव मिलने से हड़कंप मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है शहर कोतवाली के डड़त माफ गांव निवासी पुष्पेंद्र 25 वर्ष पुत्र जगराम गुदली का मेला देखकर महोबा से घर की ओर निकला था और वह अचानक बरीपुरा के पास रेल पटरी पर उसका शव मिला मामले की सूचना परिजनों को दी परिजन मौके पर पहुँचे और मौत को संदिग्ध बता मामले की जांच की मांग की है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों से पर्दा उठ सकेगा फिलहाल पूरे मामले में जांच की जा रही है।

### पुलिस ने 241 गुमशुदा मोबाइल किए बरामद



**उरई।** साइबर थाना व विभिन्न थानों पर गठित पुलिस टीम ने गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने कुल 241 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख 97 हजार रुपये बताई गई है। बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मोबाइल स्वामियों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार जताया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने बताया कि साइबर थाना और जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा व खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। तकनीकी माध्यमों की मदद से पुलिस टीम ने इन मोबाइलों को बरामद करने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन आज के समय में लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। मोबाइल मिलने पर स्वामियों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया और कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ मोबाइल दोबारा मिल पाएगा।

### दीवार गिरने से मासूम की मौत

**बांदा।** मर्का थाना क्षेत्र के अरवारी गांव निवासी हिमांशु (7) पुत्र संजय सोमवार की दोपहर घर में खेल रहा था। उसकी मां शौच के लिए खेतों में चली गई थी। इसी बीच तेज बारिश के दौरान कच्ची दीवाल भरभराकर गिरने से हिमांशु मलवे में दब गया। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों उसे मलबे से बाहर निकाल कर तत्काल सीएचसी बबेरू अस्पताल ले जाया गया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** पैलानी कस्बा निवासी इम्तियाज अली (35) पुत्र मुजफ्फर अली सोमवार की रात घर के बाहर पैदल टहल रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया।

### करंट की चपेट से युवक की मौत

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव के मजरा बहादुरपुरवा निवासी कुंवरबहादुर (30) पुत्र सुरेंद्र कुमार मंगलवार की रात खंभे में चढ़कर अपने घर की लाइट ठीक कर रहा था। इसी बीच करंट लगने से वह चिपक गया। आपूर्ति बंद करके परिजनों ने उसे करंट से मुक्त किया। हालांकि तब तक उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### फर्जी आइडी बनाकर रुपयों मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर रुपयों की मांग करने वाले अभियुक्त को शहर कोतवाली और सर्विलांस सेल संयुक्त पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि कुछ दिनों पहले अज्ञात व्यक्ति ने जिलाधिकारी अमित आसेरी फेक फेसबुक आइडी बनाकर रुपयों की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए शहर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई और कोतवाली नगर समेत साइबर, सर्विलांस सेल व तकनीकी टीम ने डिजिटल साक्ष्यों, सोशल मीडिया गतिविधियों और अन्य तकनीकी इनपुट के आधार पर आरोपी की पहचान की। डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने राजस्थान के रामगढ़ थाना क्षेत्र के मानकी सादिकावास निवासी मुश्ताक पुत्र वसीर को शहर कोतवाली क्षेत्र के मबई बाईपास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह राजस्थान का रहने वाला है। उसने जिले में तैनात अधिकारियों की फर्जी आइडी बनाकर रुपए मांगे थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शहर कोतवाली के निरीक्षक विपिन कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, अभिनव यादव, सर्विलांस सेल हेड कांस्टेबल आशीष शर्मा व कांस्टेबल मनीष मिश्रा शामिल रहे।

# हमीरपुर से निकला साइबर ठगी का नेटवर्क, 19 राज्यों में इस्तेमाल हुए 105 सिम, दो गिरफ्तार

- फर्जी ई-केवाईसी से सिम का खेल, 19 राज्यों तक पहुंचा साइबर फ्रॉड का नेटवर्क

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



कूटरचित ई-केवाईसी के माध्यम से सिम कार्ड एक्टिवेट कर उन्हें साइबर अपराधों में इस्तेमाल कराने वाले गिरोह का साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि दो आरोपितों को गिरफ्तार कर 48 सिम कार्ड और दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच में आरोपितों से जुड़े 105 सिम कार्डों के 19 राज्यों में साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि मामले में 21 अगस्त को शोभा पत्नी राजेंद्र कुमार निवासी ग्राम भैनिया, चन्दपुरवा, थाना सुमेरपुर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद 25 अगस्त को माया पत्नी रामबहादुर निवासी ग्राम भुलसी, थाना सिसोलर की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज हुआ। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**पुलिस की तकनीकी जांच से आरोपितों तक पहुंची टीमः** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच की। इसके बाद दीपक कुमार निवासी भौरा डांडा, थाना सुमेरपुर और विक्रांत सिंह निवासी देवपुरा, थाना कालपी, जालौन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों पीओएस एजेंट के रूप में कार्य करते थे। आरोप है कि ग्राहकों की जानकारी और सहमति के बिना उनके नाम पर कूटरचित ई-केवाईसी के जरिए सिम जारी कराए जाते थे। जांच में दीपक के जरिए 69 सिम और विक्रांत के जरिए 36 सिम, कुल 105 सिम कार्ड निकलवाए जाने की जानकारी मिली। इनसे 170 साइबर अपराध संबंधी एनसीआरपी शिकायतें जुड़ी मिलीं।

## भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल महिला इकाई ने वृद्धाश्रम में कराया नाश्ता



**राठ (हमीरपुर)।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जिला व नगर महिला इकाई द्वारा आज कस्बा के संजीवनी वृद्धाश्रम में पहुंचकर आश्रम में रह रहे वृद्धजनों को नाश्ता कराया और उनके साथ रहकर सभी का हालचाल पूंछा। महिलाओं के इस कार्यक्रम से वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्ध काफी खुश दिखे और सभी को अपना आशीर्वाद दिया। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जिला व नगर महिला इकाई द्वारा आज कस्बा स्थित संजीवनी वृद्धाश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और आश्रम में रहे वृद्धजनों के लिए एक मिक्सर ग्राइंडर प्रदान किया। महिलाओं ने सभी वृद्धजनों को नाश्ता कराया और आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों के हालचाल पूंछे। वृद्धाश्रम की रसोई में महिला मण्डल द्वारा प्रदान की गई मिक्सर पर सभी वृद्धजनों ने हर्ष व्यक्त किया और महिलाओं को अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष शिवांगी राजपूत, नगर अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता एवं गुंजन पुरवार, नगर महामंत्री संगीता सोनी, निशा सिंह, रेखा सोनी, रंजना गुप्ता, मोहिनी ताम्रकार, मिथलेश राजपूत, प्रीति सोनी, निशि पुरवार, रेखा पुरवार, संगीता पुरवार आदि सहित अन्य सदस्य महिलाऐं उपस्थित रही।

# तीजा महोत्सव की शोभायात्रा में निकलेंगी 35 नयनाभिराम झांकियां

**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**



कस्बे के ऐतिहासिक तीन दिवसीय तीजा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आगामी 14 सितंबर से शुरू होने वाले महोत्सव के पहले दिन श्रीकृष्ण लीला कमेटी की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष शोभायात्रा में 35 नयनाभिराम झांकियां शामिल होंगी। दो नई झांकियां जोड़कर आयोजन को और आकर्षक बनाया जा रहा है। कमेटी अध्यक्ष जयप्रकाश उर्फ बब्बू दीक्षित ने बताया कि झांकियों को सजाने-संवारने और वाहनों को नया लुक देने का काम दिन-रात चल रहा है। तीजा महोत्सव की नींव आजादी से पहले वर्ष 1850 में रखी गई थी। अब यह आयोजन 176 वर्ष का सफर पूरा कर चुका है और बुंदेलखंड समेत रूहेलखंड के कई जनपदों में प्रसिद्ध है। छोटी बाजार मैदान में कंस वध के बाद रात में रासलीला का मंचन होगा। पशु बाजार मेला मैदान में दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

**एएसपी ने लिया तैयारियों का जायजाः** अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने मंगलवार शाम कस्बे का भ्रमण कर तीजा महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने शोभायात्रा कमेटी से मुलाकात कर रूट और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद पशु बाजार मेला मैदान पहुंचकर दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# भैंसों को बचाने नाले में कूदा चरवाहा, डूबने से मौत

- सुबह झाड़ियों में फंसा मिला शव, तीन भैंसों का अब तक सुराग नहीं

**समृद्धि न्यूज़, कुरारा (हमीरपुर)।**



रघवा और खिरवा गांव के बीच निकले नाले में सोमवार शाम भैंसों को बचाने के प्रयास में डूबे चरवाहे का शव मंगलवार सुबह बरामद हो गया। पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने रातभर रेस्क्यू अभियान चलाया। शव नाले किनारे घास और बबूल की झाड़ियों में फंसा मिला। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। बाद में गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। रघवा गांव निवासी दयाशंकर पाल (55) पुत्र स्व. लल्लू सोमवार को तीन भैंसों को लेकर खिरवा गांव के पास चराने गए थे। देर शाम अचानक तीनों भैंस नाले में कूदकर तेज बहाव में बहने लगीं। उन्हें बचाने के लिए दयाशंकर ने भी नाले में छलांग लगा दी। साथ मौजूद चरवाहों ने उन्हें पानी में उतरने से मना किया, लेकिन वह भैंसों को बचाने के प्रयास में तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गए।

### सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या-यूपी 76 20150000371 में मेरे पिता का नाम भूलवश अनिल कुमार वर्मा अंकित हो गया है, जबकि मेरे पिता के अन्य दस्तावेजों में नाम अनिल कुमार दर्ज है, जो सही है। मेरे डीएल में मेरे पिता का सही नाम अनिल कुमार दर्ज किया जाये। **रामदेव पुत्र अनिल कुमार निवासी इन्द्रानगर मोहम्मदाबाद, जनपद-फर्रु0।**

# लापता बुजुर्ग का शव 3 किमी दूर नदी में मिला

- नदी किनारे कपड़े-मोबाइल मिलने के बाद एनडीआरएफ ने किया था रेस्क्यू

**समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी (महोबा)।**



जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र की वर्मा नदी किनारे कपड़े मोबाइल आदि सामान मिलने से बुजुर्ग की खोज की जा रही थी आखिरकार एनडीआरएफ और पुलिस की मदद से नदी में 3 किलोमीटर दूर बुजुर्ग का शव बरामद हो गया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है पनवाड़ी थाना क्षेत्र के बिजरारी गांव वर्षीय कन्हैया लाल (70) वर्ष 29 अगस्त को अपने घर से निकले थे। जब वे देर तक वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनसे मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन नहीं उठा। शुरुआत में परिवार ने ज्यादा चिंता नहीं की, क्योंकि कन्हैया लाल अक्सर दो-तीन दिन के लिए बाहर चले जाते थे और उन्हें कीर्तन में विशेष रुचि थी। सोमवार सुबह बिरमा नदी के चेकडैम की बगल वाली दीवार पर उनके कपड़े और मोबाइल फोन मिले। इस सूचना के बाद परिवार की चिंता बढ़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश शुरू की गई। करीब तीन घंटे तक सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद फतेहपुर से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। पुलिस और एनडीआरएफ ने अंधेरा होने तक नदी में तलाश जारी रखी, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार भोर से रेस्क्यू ऑपरेशन फिर से शुरू किया गया। सुबह करीब 10 बजे छेतसर गांव के पास बगिया के नजदीक नदी में एनडीआरएफ टीम को शव मिला। कपड़े और मोबाइल मिलने वाली जगह से लगभग तीन किलोमीटर दूर शव मिलने से यह आशंका जताई जा रही है कि तेज बहाव में वे बहकर यहां तक पहुंचे होंगे। एसआई कमल यादव और सुधीर कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अब मौत की परिस्थितियों और बुजुर्ग के नदी तक पहुंचने के कारणों की जांच कर रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

- समुचित कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने लगाया जाम
- सीओ व एसडीएम पहुंचे मौके पर

**समृद्धि न्यूज़, कुठौंद, जालौन।**




थाना कुठौंद क्षेत्र में सोमवार देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें कुलदीप 32 की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका साथी मंटू 28 गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों व अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने से मृतक के परिजन और ग्रामीण नाराज हो गए। मंगलवार को परिजनों और ग्रामीणों ने कस्बा कुठौंद स्थित माधौगढ़ तिराहे पर जाम लगा दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और यातायात प्रभावित रहा। परिजनों का कहना है कि उन्हें मामले में निष्पक्ष कार्रवाई और न्याय चाहिए। प्रदर्शन कर रहे परिजनों ने कुठौंद थाना प्रभारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि हादसे के मामले में उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच कर हादसे के जिम्मेदार वाहन और चालक की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। जाम की सूचना मिलते ही सीओ अजय कुमार सिंह व एसडीएम राकेश सोनी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर जाम खुलवाने का प्रयास किया। परिजनों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उन्हें न्याय का भरोसा नहीं मिलता, उनका विरोध जारी रहेगा। हालांकि, थाना प्रभारी पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बड़ मशक्कत के बाद परिजन मानें, तब कहीं जाकर जाम खुला।

# एडीएम ने पैलानी व बबेरू तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों का लिया जायजा


- प्रभावित गांवों में सामग्री पहुंचाने व जनसुरक्षा व्यवस्थाएं कराने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी ने पैलानी और बबेरू तहसील क्षेत्र के गांवों का भ्रमण करते हुए बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण करते हुए जल स्तर और रपटों का जायजा लिया। ग्रामीणों से आवागमन संबंधी समस्याओं व प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रभावित गांवों में सामग्री पहुंचाने और जनसुरक्षा व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। एडीएम कुमार धर्मेंद्र ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी पैलानी के साथ क्षेत्र के गौरी कलां, अमारा, नांदादेव, पड़ोरा, सिंधन कलां, पैलानी डेरा और तहसील बबेरू क्षेत्र के तिंदवारी-बबेरू मार्ग स्थित सिमौनी गांव स्थित रपटा का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए लगातार हो रही वर्षा के कारण बढ़ते जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया। संवेदनशील रपटों व मार्गों पर जलस्तर बढ़ने की स्थिति में जनसुरक्षा के लिए व्यवस्थाओं का आंकलन किया। ग्रामीणों से आवागमन संबंधी समस्याओं व प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त होने वाले गांवों में नाव की व्यवस्था शुरू कराने को कहा। अधिकारियों को जलस्तर की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने और आपात स्थिति होने पर तत्काल राहत-बचाव शुरू कराने के निर्देश दिए। एडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन बारिश की स्थिति को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी कर रहा है।

# जिला स्तरीय कला उत्सव में छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**झांसी।** क्राइस्ट द किंग कॉलेज में जनपद स्तरीय कला उत्सव 2026 का आयोजन किया गया। इसमें 26 विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के करीब 150 छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला, कहानी वाचन एवं नाटक सहित 12 कला विधाओं में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।मंडलायुक्त ने कहा कि कला उत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच प्रदान करता है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारी सभ्यता और संस्कृति ही हमारी पहचान है तथा ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी सितंबर में होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्यम दुबे एवं सुधा नामदेव ने किया।

# कार्यालय-नगर पालिका परिषद, कायमगंज, जनपद- फर्रुखाबाद

पत्रांकः 907/न0पा0परि0का0/सार्व0सू0/ 2026-27　　　　दिनांक 01/09/2026

## -: नामान्तरण सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदकों ने कर निर्धारण पंजिका में नामान्तरण के सम्बन्ध में आवेदन किया गया है। नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-147(2) के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित को नोटिस निर्गत किया जा चुके है, नामान्तरण पर किसी कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य सहित दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नामान्तरण कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन संख्या/ मोहल्ले का नाम | वर्तमान में अभिलेखों में अंकित भवन स्वामी का नाम | आवेदक/जिसके पक्ष में नामान्तरण होना है। | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भवन सं0-178/176 वार्ड सं0-09 मो0 बगिया मंगूलाल, कायमगज | श्री अर्जुन पुत्र मन्नीलाल | श्रीमती ओमवती पत्नी स्व0 जगदीश | विरासतन |
| 2 | भवन सं0-427 वार्ड सं0-14 मो0 काजम खाँ, कायमगंज | श्रीमती गंगादेवी पत्नी श्री रामचन्द्र, श्रीमती रजनी पत्नी स्व0 बहादुर | श्री विक्रम सिंह पुत्र स्व0 बहादुर सिंह वर्मा | विरासतन+ रजि0 वसीयत |
| 3 | भवन/प्लाट सं0-339 वार्ड सं0-19 मो0 काजम खां, कायमगंज | श्रीमती अनीसा बेगम पत्नी श्री मो0 फारुख | श्री आमिर मंसूरी पुत्र श्री मो0 फारूख | रजि0 दानपत्र |
| 4 | दुकान सं0-552 से 581 वार्ड संख्या-10 मोहल्ला रेलवे रोड कायमगंज | श्री मुस्तफा अली खी, हासिम अली खान, जरगाम अली खान, इर्तजा अली, जैगम अली खान, इरशाद अली खान पुत्रगण श्री मुर्तजा अली खान | श्री शाहबाज अली खान पुत्र श्री इरशाद अली खान, अशववाल अली खान, शम्स अली खाँ, वसमरीन खान तथा मेहरू खान | विरासतन |
| 5 | भवन सं0-313 वार्ड संख्या-22 मौहल्ला जटवारा कायमगंज | श्री मज्जन खाँ पुत्र श्री मो0 हासिम खां | श्रीमती खुशनूदी बेगम पत्नी श्री मज्जन खां | रजि0 बैनामा |
| 6 | भवन सं0-164/16 वार्ड सं0-23 मो0 नुनहाई, कायमगंज | श्री चन्द्र प्रकाश अग्रवाल पुत्र श्रीकृष्ण चरन अग्रवाल | श्रीमती अंशुल रस्तोगी पत्नी श्री प्रदीप कुमार रस्तोगी, श्रीमती अनीता रस्तोगी पत्नी श्री अशोक कुमार रस्तोगी | रजि0 बैनामा |
| 7 | मवन सं0-74 वार्ड सं0-06 मो0 गंगादरवाजा, कायमगंज | श्री जयसिंह, श्री राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद | श्री राजेंद्र प्रसाद पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद | रजि0 दानपत्र |
| 8 | प्लाट सं0-76 वार्ड सं0-07 मो0 नई बस्ती, कायमगंज | श्री बहोरन पुत्र श्री गंगासहाय | श्री राजन राजपूत पुत्र श्री सुरेश चन्द्र राजपूत | रजि0 बैनामा |
| 9 | भवन सं0-143/01 वार्ड सं0-22 मो0 जटवारा, कायमगंज | श्री श्यामसुन्दर पुत्र श्री रघुनाथ | श्रीमती खुशबू पत्नी श्री सलमान | रजि0 बैनामा |
| 10 | भवन संख्या-490 वार्ड संख्या-04 मोहल्ला चिलांका, कायमगंज | श्री सतीश चन्द्र पुत्र श्री मुंशीलाल | श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री मुंशीलाल | रजि0 बैनामा |
| 11 | वार्ड सं0-01 मोहल्ला चिलांका कायमगंज | श्री अनवार मिया पुत्र श्री सादिक मीर | श्रीमती अंजुम पत्नी श्री असार | रजि0 बैनामा |
| 12 | वार्ड सं0-01 मोहल्ला चिलांका कायमगंज | श्री अनवार मियां पुत्र श्री सादिक मीर | श्रीमती मदीना पत्नी श्री रूखसार | रजि0 बैनामा |
| 13 | वार्ड सं0-01 मोहल्ला चिलांका कायमगंज | श्री अनवार मियां पुत्र श्री सादिक मीर | पत्नी शाहीला पत्नी श्री निसार | रजि0 बैनामा |
| 14 | भवन संख्या-276 का जुज भाग वार्ड सं0-21 मोहल्ला गंगादरवाजा कायमगंज | श्रीमती विनोद बाला पत्नी श्री सतीश चन्द्र | श्री राघव रस्तोगी पुत्र श्री राजीव कुमार रस्तोगी | रजि0 बैनामा |
| 15 | भवन संख्या-276 का जुज भाग वार्ड सं0-21 मोहल्ला गंगादरवाजा कायमगंज | श्रीमती विनोद बाला पत्नी श्री सतीश चन्द्र | श्री राघव रस्तोगी पुत्र श्री राजीव कुमार रस्तोगी | रजि0 बैनामा |
| 16 | भवन संख्या-276 का जुज भाग वार्ड सं0-21 मोहल्ला गंगादरवाजा कायमगंज | श्रीमती विनोद बाला पत्नी श्री सतीश चन्द्र | श्रीमती ऊषा रस्तोगी पत्नी श्री राजीव कुमार रस्तोगी | रजि0 बैनामा |
| 17 | भवन सं0-575 वार्ड सं0-01 मो0 चिलांका, कायमगंज | श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्व0 ज्ञान स्वरूप | श्री प्रमोद भारद्वाज पुत्र स्व0 ज्ञान स्वरूप | विरासतन |
| 18 | भवन सं0-155 व 183 वार्ड सं0-20 तथा वार्ड सं0-11 मो0 सधवाडा तथा सधवाडा ऑ0 | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री नन्दकिशोर एवं श्री गंगासरन पुत्र श्री नन्दकिशोर | श्रीमती अर्चना मिश्रा पत्नी स्व0 गौरव मिश्रा | विरासतन+ रजि0 वसीयत |
| 19 | भवन सं0-56 वार्ड सं0-16 मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा, कायमगंज | श्री जगदीश चन्द्र पुत्र श्री विद्‌टनलाल | श्री गौरव गुप्ता पुत्र स्व0 जगदीश चन्द्र गुप्ता | विरासतन |
| 20 | भवन संख्या-39/57 वार्ड संख्या-15 मोहल्ला चिलौली पठान, कायमगंज | श्री महफूज अली पुत्र श्री अनवार अली | श्री मसूद अली खाँ पुत्र श्री मसरूफ अली खाँ | रजि0 विरासतन |
| 21 | गोदाम संख्या-31 का जुज भाग वार्ड संख्या-18 मोहल्ला पुलगालिब, कायमगंज | श्रीमती मौलश्री पत्नी फकीरेलाल, श्रीमती तारा देवी पत्नी श्री रामस्वरूप के सहस्वामी श्रीमती मौलश्री पत्नी फकीरेलाल के जुज भाग | श्री शाहिद खान पुत्र श्री एहसान खान | रजि0 बैनामा |
| 22 | भवन संख्या-577 का जुज भाग वार्ड संख्या-01 मोहल्ला चिलांका, कायमगंज | श्री गंगाराम पुत्र श्री झुन्नीलाल | श्री जयनरायन पुत्र श्री गंगाराम | रजि0 दानपत्र |
| 23 | भवन संख्या-274/144 वार्ड संख्या-13 मोहल्ला लोहाई, कायमगंज | श्री नरवेश पुत्र श्री लालाराम | श्रीमति पुष्पा देवी पत्नी श्री सरवन सिंह | रजि0 बैनामा |
| 24 | भवन संख्या-137/08 वार्ड संख्या-13 मोहल्ला लोहाई, कायमगंज | श्री रामचन्द्र पुत्र श्री बाबूराम | श्री हरीओम रस्तोगी पुत्र स्व0 श्यामाचरन रस्तोगी | रजि0 बैनामा |
| 25 | भवन संख्या-243 वार्ड संख्या-05 मोहल्ला चिलौली ऑ0, कायमगंज | श्री रघुनाथ दुबे पुत्र श्री हरवंश लाल दुबे | श्रीमती मीरा दुबे पत्नी श्री रघुनाथ दुबे | रजि0 बैनामा |
| 26 | भवन संख्या-103 वार्ड संख्या-14 मोहल्ला बजरिया रामलाल, कायमगंज | श्री अंकुर जैन, अंकित जैन व योगेश कुमारी जैन पुत्र/पत्नी स्व0 योगेन्द्र कुमार जैन | श्री संजय कुमार वर्मा पुत्र रामसरन वर्मा | रजि0 बैनामा |
| 27 | भवन संख्या-264 वार्ड संख्या-03 मोहल्ला नोनियगंज, कायमगंज | श्री रामलाल पुत्र श्री अन्तूलाल | श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्री रामलाल | मा0 न्यायालय के आदेश |
| 28 | दुकान संख्या-309 से 323 का जुज भाग वार्ड संख्या-16 मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा, कायमगंज | श्री शरीफ मुईन खाँ पुत्र स्व0 मुईन खाँ एवं श्रीमती खालीदा बेगम पत्नी मुईन खाँ | श्रीमती रेणू गुप्ता पत्नी श्री बालिकशन गुप्ता | रजि0 बैनामा |
| 29 | दुकान संख्या-309 से 323 का जुज भाग वार्ड संख्या-16 मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा, कायमगंज | श्री शरीफ मुईन खाँ पुत्र स्व0 मुईन खाँ एवं श्रीमती खालीदा बेगम पत्नी मुईन खाँ | श्री दीपक वर्मा पुत्र श्री प्रेमचन्द्र वर्मा | रजि0 बैनामा |
| 30 | गेस्ट हाउस संख्या-144/986, 144/987 वार्ड संख्या-02 मोहल्ला रेलवे रोड, कायमगंज | श्री मृदुल गंगवार पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार गंगवार | श्री मृदुल गंगवार पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार गंगवार | रजि0 बैनामा |
| 31 | भवन संख्या-370, 371, 372 वार्ड संख्या-10 मोहल्ला रेलवे रोड, कायमगंज | श्री महादेव प्रसाद पुत्र श्री चेतराम पालीवाल | श्री नरेश चन्द्र पालीवाल पुत्र श्री महादेव प्रसाद पालीवाल | मा0 न्यायालय के आदेश |
| 32 | भवन संख्या-102/92 वार्ड संख्या-05 मोहल्ला पटबनगली, कायमगंज | श्रीमती गिरजा देवी पत्नी श्री अशोक कुमार | श्री देव सिंह वर्मा पुत्र श्री अशोक सिंह वर्मा | विरासतन |
| 33 | भवन संख्या-99/01 वार्ड संख्या-03 मोहल्ला नोनियगंज, कायमगंज | श्रीमती कमलेश पत्नी श्री अरविन्द कुमार गौतम | श्रीमती कविता पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह जाट | रजि0 बैनामा |
| 34 | भवन संख्या-256/126 वार्ड संख्या-13 मोहल्ला लोहाई, कायमगंज | श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री रोशनलाल | श्री अमित भारद्वाज पुत्र स्व0 प्रदीप भारद्वाज | विरासतन |
| 35 | भवन संख्या-1040 व 1041 वार्ड संख्या-02 मोहल्ला रेलवे रोड, कायमगंज | श्री महेश चन्द्र पुत्र श्री दरबारीलाल | श्री अरूण कुमार सक्सेना पुत्र स्व0 महेश चन्द्र | रजि0 दानपत्र |
| 36 | भवन संख्या-549 वार्ड संख्या-03 मोहल्ला नोनियगंज, कायमगंज | श्री शंकरलाल पुत्र स्व0 राजाराम | श्री अमित कौशल पुत्र स्व0 शंकरलाल | विरासतन |
| 37 | भवन संख्या-995/997 वार्ड संख्या-02 मोहल्ला रेलवे रोड, कायमगंज | श्री दिलीप गुप्ता पुत्र श्री हरिकृष्ण गुप्ता एवं श्री रिदम गुप्ता पुत्र श्री दिलीप गुप्ता | श्री विशाल गुप्ता, श्री विशेष कुमार गुप्ता पुत्रगण श्री अनिल कुमार गुप्ता | रजि0 बैनामा |
| 38 | भवन संख्या-316 वार्ड संख्या-21 मोहल्ला गंगादरवाजा, कायमगंज | श्री शंकरलाल पुत्र स्व0 राजाराम | श्री अमित कौशल पुत्र स्व0 शंकरलाल | विरासतन |
| 39 | भवन संख्या-268 वार्ड संख्या-22 मोहल्ला जटवारा, कायमगंज | श्रीमती अनीता पत्नी श्री कश्मीर सिंह यादव | श्रीमती किरन देवी पत्नी श्री अनिल कुमार | रजि0 बैनामा |

**(विजय सिंह)**
**कर लिपिक**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद-फर्रुखाबाद।**

**अवर अभियंता (सिविल)**
**नगर पालिका परिषद**
**कायमगंज, (फर्रुखाबाद)**

**(डा0 लव कुमार मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद-फर्रुखाबाद।**

# बूथ जीतो-चुनाव जीतो के मंत्र को करें साकार

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।



भाजपा कार्यालय पर नेताओं को संबोधित करती मीना चौबे

मिशन-2027 को लेकर भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई है। संगठन ने बूथों को मजबूत और फुलप्रूफ बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। जिले के सभी 2156 बूथों एवं समितियों का 4 सितम्बर तक भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के 26 मंडलों की कार्यसमिति का भी भौतिक सत्यापन होगा।

भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित जिला योजना बैठक में मुख्य अतिथि एवं जिला प्रभारी मीना चौबे ने कहा कि 2027 में सुलतानपुर की पांचों विधानसभा सीटों पर जीत का परचम फहराना है। 'बूथ जीतो, चुनाव जीतो' के मंत्र को साकार करते हुए प्रत्येक बूथ को मजबूत कर पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरना होगा।उन्होंने कहा कि 2 सितम्बर को सभी 26 मंडलों में कार्यसमिति की बैठक कर मंडल पदाधिकारियों, सदस्यों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। बूथवार प्रमुख जातियों का अनुमानित डेटा तैयार करने के साथ मंडल स्तर पर पक्ष एवं विपक्ष के प्रमुख नेताओं की सूची भी तैयार की जाएगी, जिससे चुनावी रणनीति को और प्रभावी बनाया जा सके। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि मिशन-2027 की जीत के लिए संगठन को बूथ स्तर तक पूरी ताकत के साथ जुटना होगा और प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करे।जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिले के सभी 2156 बूथों के भौतिक सत्यापन की तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संदीप सिंह ने किया।इस मौके पर डॉ. सीताशरण त्रिपाठी, घनश्याम चौहान, विजय त्रिपाठी, डॉ. प्रीति प्रकाश, आनंद द्विवेदी, रामेंद्र सिंह राणा, आशीष सिंह, आलोक आर्य, राजेश सिंह, अखिलेश जायसवाल, चंदन नारायण सिंह, कुसुमलता मौर्य, रेखा निषाद, प्रदीप शुक्ल, शिवाकांत मिश्रा, रचना अग्रवाल, रीना जायसवाल, संतोष सिंह, सूर्य नारायण पांडेय, प्रदीप शर्मा, सोहनलाल निषाद समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में चोरी, सीसीटीवी कैमरे व साउंड सिस्टम पार

**सुलतानपुर।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के सकरसी स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए दो सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, साउंड सिस्टम समेत अन्य सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी विद्यालय खुलने के दो दिन बाद हुई।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजू बाला जब स्कूल पहुंचीं तो चोरी की घटना का पता चला। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच-पड़ताल की।
प्रधानाध्यापिका ने मामले में शंभूगंज चौकी पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।चौकी प्रभारी सुशील कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर के आधार पर जांच-पड़ताल की जा रही है।

# मनोविज्ञान विभाग ने किया छात्र-छात्राओं का परीक्षण

**थीमैटिक टेस्ट विधि के माध्यम से किया गया विद्यार्थियों का व्यक्तित्व मापन**

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

कमला नेहरू संस्थान के मनोविज्ञान विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व परीक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों का व्यक्तित्व मापन थीमैटिक टेस्ट विधि के माध्यम से किया गया। परीक्षण में विद्यार्थियों की मानसिक प्रवृत्तियों, भावनाओं और व्यक्तित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया गया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि थीमैटिक टेस्ट एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक विधि है, जिसके माध्यम से व्यक्ति के अचेतन मन में छिपी इच्छाओं, भावनाओं तथा व्यक्तित्व के विभिन्न गुणों को समझने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण से विद्यार्थियों के आत्मबोध स्तर और उनकी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि परीक्षण के आधार पर आवश्यक परामर्श और समाधान उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास को बेहतर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर सीता, नित्या, सबनम, शालिनी, रोली, फलक नूर, नूर आलम व दुर्गेश सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कुएं में मिला लापता युवती का शव, चप्पल-दुपट्टे से हुई पहचान

**सुल्तानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के बहुरावां ग्राम पंचायत के पूरे औघड़ मजरे में डुहिया जंगल के पास सोमवार को कुएं में 19 वर्षीय युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवती सुबह घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। खोजबीन के दौरान कुएं के पास युवती की चप्पल और दुपट्टा पड़ा मिला। ग्रामीणों ने कुएं में देखा तो अंदर शव दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। परिजनों ने उसकी पहचान पूरे औघड़ निवासी देवी दीन की पुत्री अंजली के रूप में की।घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। युवती कुएं में किन परिस्थितियों में गिरी, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

# 39 वर्षों की सेवा के बाद सूर्यभानु पांडेय सेवानिवृत्त

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।



भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में लगभग 39 वर्षों तक वरिष्ठ सहायक के पद पर सेवाएं देने के बाद सूर्यभानु पांडेय सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। सहकर्मियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उनके सरल, सहज और सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि सूर्यभानु पांडेय ने अपने कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। वे सहकर्मियों के बीच एक सहयोगी और आत्मीय व्यक्तित्व के रूप में पहचान रखते थे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर सूर्यभानु पांडेय ने बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, मित्रों और शुभचिंतकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक में बिताए 39 वर्ष उनके जीवन के महत्वपूर्ण और यादगार पल रहे हैं। उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखद और सफल सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

## डीएम ने कई उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में कई उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। नए आदेश के तहत अधिकारियों को विभिन्न तहसीलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आदेश के अनुसार आईएएस अंशुल हिंदल को उपजिलाधिकारी लंभुआ बनाया गया है। वहीं विनीत कुमार को उपजिलाधिकारी कादीपुर का प्रभार सौंपा गया है। मंजुल मयंक को उपजिलाधिकारी न्यायिक, जयसिंहपुर नियुक्त किया गया है इसी क्रम में संजय कुमार अग्रहरि को उपजिलाधिकारी न्यायिक, लंभुआ की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं प्रीति जैन को अपर उपजिलाधिकारी सदर का प्रभार सौंपा गया है। जिलाधिकारी द्वारा किए गए इस प्रशासनिक फेरबदल को शासन की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# चोरी की डीजे ट्रॉली समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**सीओ सिटी बोले, गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में किया गया पेश**




पुलिस हिरासत में चोरी के आरोपी

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

बन्धुआकला थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई डीजे ट्रॉली बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमेठी जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के हरदोईया निवासी दिव्यांशु यादव, पिछौरा निवासी संदीप निषाद और अमन यादव के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष प्रमोद पटेल ने बताया कि दाऊदपुर निवासी शिवशंकर गुप्ता की डीजे ट्रॉली एक सितंबर की रात चोरी हो गई थी। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान तीनों आरोपियों के नाम प्रकाश में आए। कुछ ही घंटे में मंगलवार को उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर रामपुर मोड़ के पास से तीनों को चोरी की ट्रॉली के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने बरामदगी के बाद आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया।



## तीसरी बार कुलदीप गुप्ता बने उद्योग व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष

**सुलतानपुर।** काउंसिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच की सुल्तानपुर जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के बाद कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से कुलदीप गुप्ता को लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं राजेश माहेश्वरी को जिला महामंत्री और रवि सोनी को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलदेव सिंह, चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी तथा मंडल अध्यक्ष अशोक कसौधन मौजूद रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलदेव सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा जताई। प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी ने सर्वसम्मति से हुए चयन को संगठन की एकता का प्रतीक बताया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने कोर कमेटी और पदाधिकारियों का आभार जताते हुए जिम्मेदारी पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर बृजेश खत्री, राजेंद्र जायसवाल, अरविंद द्विवेदी, विजय टंडन, संतोष जायसवाल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### निमंत्रण से लौट रहे बाप-बेटे पर हमला

**सुलतानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के महेवा भाईं गांव में निमंत्रण से लौट रहे बाप-बेटे के साथ मारपीट और रुपये छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पड़ोसी गांव के कुछ लोगों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए धम्मौर थाने में तहरीर दी है। महेवा भाईं निवासी प्रेम शंकर पांडे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने बेटे गौरव पांडे के साथ कार से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में कुछ लोगों ने ईंट, गुम्मा तथा लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने कार के शीशे भी तोड़ दिए और वाहन में रखा बैग छीन लिया। बैग में 23,435 रुपये नकद तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज रखे होने की बात कही गई है। थानाध्यक्ष विपेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### कृषि संकाय में हुआ नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के कृषि संकाय में मंगलवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता संस्थान प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कृषि शिक्षा के महत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। कृषि संकाय प्रभारी डॉ. नवीन विक्रम सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम, सुविधाओं और कृषि क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संकाय के शिक्षक व सहायक आचार्य उपस्थित रहे।

### केएनआई में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह शुरू

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के गृह विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का शुभारंभ किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा दूबे ने बताया कि पोषण सप्ताह 1 से 7 सितंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं और वृद्धजनों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक भोजन आवश्यक है। सहायक प्राध्यापिका अंविता सिंह ने स्थानीय व मौसमी खाद्य पदार्थ, हरी सब्जियां, फल, दाल और दूध को भोजन में शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम में छात्राओं को सप्ताहभर होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई।

### बंदर को बचाने में पलटा ऑटो, पांच घायल

**लम्भुआ, सुल्तानपुर।** कोतवाली क्षेत्र में वेंडिंग जोन के सामने एनएच-56 पर मंगलवार को बंदर को बचाने के प्रयास में एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पांच यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई गई है। पलटने के दौरान ऑटो सड़क किनारे खड़ी पजेरो से भी टकरा गया। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी लम्भुआ पहुंचाया गया। घायलों में कृष्ण कुमार, रीता, एकता, प्रेम प्रकाश और प्रीति शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार कृष्ण कुमार, रीता व प्रेम प्रकाश को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य दो को मामूली चोटें लगीं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

### दो माह से श्रमिकों की मजदूरी लंबित, दी चेतावनी

**करौंदीकला, सुल्तानपुर।** विकास खंड के विभिन्न गांवों में कार्य करने वाले श्रमिकों को दो माह से मजदूरी का भुगतान नहीं मिलने से आक्रोश है। श्रमिकों ने शीघ्र भुगतान न होने पर अनशन की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार, शासन की मंशा के तहत एक जुलाई से वीबी जी राम जी योजना लागू होने के बाद ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जिले को योजना के लिए 56 करोड़ रुपये मिलने के बावजूद करौंदीकला ब्लॉक में श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान लंबित है।बताया गया कि मंगलवार दोपहर तक ब्लॉक के किसी भी गांव का एफटीओ नहीं बन सका। अकुशल श्रमिकों की 49.18 लाख रुपये तथा अर्द्धकुशल व कुशल श्रमिकों की करीब 2.9 लाख रुपये मजदूरी लंबित बताई गई है। श्रमिकों का कहना है कि अन्य ब्लॉकों में भुगतान हो चुका है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र मजदूरी भुगतान कराने की मांग की है।

### पानी की टंकी पर लगाया झंडा, नगर पंचायत ने उतरवाया

**चांदा, सुलतानपुर।** नगर पंचायत कोइरीपुर के विवेक नगर मोहल्ले में मंगलवार को कांशीराम शहरी आवास योजना परिसर स्थित जल निगम की पानी की टंकी पर धार्मिक झंडा लगाए जाने से हलचल मच गई। जानकारी मिलते ही नगर पंचायत प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों को मौके पर भेजकर झंडा उतरवा दिया। नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्ति पर इस तरह के झंडे या धार्मिक प्रतीक लगाने की अनुमति नहीं है। घटना को गंभीरता से लेते हुए झंडा लगाने वाले लोगों की पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिम्मेदार लोगों के चिह्नित होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सार्वजनिक और सरकारी संपत्तियों का धार्मिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल न करने की अपील की है।

### मूसलाधार बारिश से घरों-दुकानों में घुसा पानी

**चांदा, सुलतानपुर।** कस्बे में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जलभराव की समस्या गंभीर हो गई। सुलतानपुर और जौनपुर रोड के किनारे स्थित कई घरों और दुकानों में बारिश का पानी घुस गया। इससे दुकानदारों को सामान खराब होने की चिंता सताने लगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क किनारे बनी पुरानी नालियां सड़क की सतह से काफी नीचे हो गई हैं। इसके चलते बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। राकेश सोनी ने बताया कि पानी दुकान में घुसने से सामान को नुकसान हुआ। अखिलेश कुमार के अनुसार इनवर्टर-बैटरी समेत अन्य सामान भीग गया। संतोष पांडेय और राजकुमार गुप्ता ने भी जलभराव से परेशानी की बात कही। कस्बेवासियों ने सड़क के अनुरूप नालियों का निर्माण कर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

# नहर का पानी घरों में घुसा प्रभावित हुए परिवार

**एसडीएम सदर ने स्वयं मौके पर पहुंचकर लिया जायजा**

समृद्धि न्यूज,रायबरेली।

जनपद में लगातार हो रही वर्षा एवं नहर के पानी के ओवरफ्लो होने के कारण सदर तहसील क्षेत्र के अमावां विकासखंड अंतर्गत ग्राम लोधीपुर में कुछ परिवारों के घरों में पानी प्रवेश कर गया। जलभराव के कारण गांव के लगभग 5 से 6 परिवारों के सामने अपने बच्चों एवं महिलाओं सहित सुरक्षित रहने की समस्या उत्पन्न हो गई। स्थिति की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए प्रभावित परिवारों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर गौतम सिंह के नेतृत्व में खण्ड विकास अधिकारी संदीप सिंह सहित तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम सदर ने स्वयं ट्रैक्टर के माध्यम से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी परिवार को असुविधा न होने पाए और सभी प्रभावित लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए। तहसील प्रशासन द्वारा महिलाओं, बच्चों एवं अन्य प्रभावित सदस्यों सहित 30 से अधिक लोगों को सुरक्षित रूप से शेल्टर होम पहुंचाया गया।

## पेंशनर भवन मे हुआ शोक सभा का आयोजन

**रायबरेली।** पेंशनर भवन कलेक्ट्रेट में अध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन एवं संरक्षक राज्य कर्मचारी संघ परिषद के वरिष्ठ नेता रविंद्रकुमार श्रीवास्तव की पत्नी का देहावसान हो जाने के कारण शोक सभा का आयोजन पेंशनर्स एशोसिएशन एवं राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद ने सयुक्त रूप से किया। बताते चलें कि रविंद्रकुमार श्रीवास्तव की पत्नी स्व0राजकुमारी श्रीवास्तव जिनकी उम्र 67 वर्ष थी तथा काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थी जीवन मरण के इस संघर्ष से लगातार जूझने रहने के पश्चात 27 अगस्त 2026 को मैक्स सुपर हॉस्पिटल लखनऊ में देहांत हो गया। आज की इस शोकसभा में कोषाधिकारी शालिनी सिंह एवं कोषागार के सभी कर्मचारीगण सहित उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि दी। पेंशनर एसोसिएशन के संरक्षक बी.एन. सिंह यादव, बी.एस. सक्सेना, आदि सहित अन्य पदाधिकारी सहित समस्त शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# 87 गो आश्रय स्थलों में 37,446 गोवंश संरक्षित

**मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 2,921 गोवंश इच्छुक लाभार्थियों को संरक्षण हेतु किए गए सुपुर्द**

समृद्धि न्यूज,रायबरेली।



गौशाला मे बंधे गोवंश

जनपद रायबरेली में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों के संरक्षण, संवर्धन एवं बेहतर देखभाल के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद में संचालित कुल 87 गो आश्रय स्थलों में अब तक 37,446 गोवंशों को संरक्षित किया जा चुका है। गोवंशों के भरण-पोषण, स्वास्थ्य, चारा एवं गर्मी से बचाव सहित गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों में 56 अस्थायी गो आश्रय स्थलों में 21,907, 16 स्थायी गो आश्रय स्थलों में 7,798, 07 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों में 5,018 तथा 08 नगर पंचायतों में संचालित गो आश्रय स्थलों में 2,723 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत निराश्रित गोवंशों के संरक्षण में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। योजना के तहत अब तक 2,921 गोवंश इच्छुक लाभार्थियों को गो आश्रय स्थलों से संरक्षण हेतु दिए गए हैं, जिससे गोवंशों की देखभाल के साथ-साथ जनसहभागिता को भी बढ़ावा मिल रहा है। गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी व्यवस्था की गई है। जनपद के 78 किसानों से हरे चारे की व्यवस्था के लिए अनुबंध किया गया है। इसके अतिरिक्त चारा नीति के अंतर्गत वर्ष भर हरे चारे की उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से 56 हेक्टेयर क्षेत्रफल में चरी तथा 05 हेक्टेयर क्षेत्रफल में नेपियर ग्रास की बुवाई के लिए गो आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराया गया है।

# गरीब परिवारों की छीनी छत, डॉ. शर्मा ने दी मदद

समृद्धि न्यूज,रायबरेली।



180 सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैदपुर में अधिक वर्षा के कारण दो कच्चे मकान गिरने से प्रभावित परिवारों के सामने संकट खड़ा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे और उनका हाल जाना। बारिश के कारण गिरे एक मकान में शहीदुल्ल बानो अपनी दो पुत्रियों शहनाज बानो और परवीन बानो के साथ रहती थीं।

वहीं दूसरे मकान के गिरने से संगीता रैदास पत्नी सुरेश कुमार रैदास का परिवार प्रभावित हुआ। अचानक छत छिन जाने से दोनों परिवारों के सामने रहने और जरूरी सामान की व्यवस्था को लेकर कठिन परिस्थितियां उत्पन्न हो गईं। डॉ. शशिकांत शर्मा ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी और मौके पर ही राहत सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने परिवारों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और जरूरत पड़ने पर आगे भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि किसी गरीब परिवार के सिर से जब उसकी छत छिन जाती है, तो उसका दर्द केवल शब्दों से नहीं समझा जा सकता। ऐसे समय में उनके बीच पहुंचकर यथासंभव मदद करना हमारा मानवीय दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनसेवा का उद्देश्य केवल समस्याओं को सुनना नहीं, बल्कि जरूरत के समय लोगों के साथ खड़ा होकर उनकी परेशानी को कम करने का प्रयास करना है। क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा या किसी भी विपरीत परिस्थिति से प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद के लिए वह लगातार प्रयासरत रहेंगे।

## बम के साथ धराए आरोपी, गए जेल

**लालगंज प्रतापगढ।** कोतवाली पुलिस ने एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर कोतवाली पुलिस ने आठ देशी बम के साथ दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से कूट रचित नम्बर प्लेट के साथ डीसीएम भी बरामद करने में सफलता ली है।
लालगंज कोतवाली के दरोगा रामनरेश तथा बनवारी लाल फोर्स के साथ गस्त पर निकले थे। कोतवाली के नहर मार्ग स्थित जंगली बीर बाबा के समीप पुलिस को देख दो संदिग्ध भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हे दबोचा तब इनके पास से आठ देशी बम बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से डीसीएम भी बरामद किया। डीसीएम पर आरोपियों द्वारा कूट रचित नम्बर प्लेट लगाया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह रात में मवेशियों की चोरी कर इन्हे बाहर बेचने की घटना अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

# एसएसओ का फंदे से झूलता मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

समृद्धि न्यूज़,प्रतापगढ़।

विद्युत उपकेन्द्र में तैनात एसएसओ के संदिग्ध परिस्थितियों में सरकारी आवास में फंदे से झूलते शव को लेकर मंगलवार को उपकेन्द्र में हड़कंप मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर बाजार के समीप पावर हाउस में विवेक कुमार यादव एसएसओ तैनात थे। पिछले पांच महीने से वह उपकेन्द्र में अवर अभियन्ता के रिक्त पद पर प्रभार संभाले हुए थे। मंगलवार की सुबह अधिशासी अभियंता रूपेश कुमार ने किसी सरकारी सूचना के लिए एसएसओ को फोन किया। तब उनका फोन बंद मिला। इसके बाद करीब ग्यारह बजे अधिशासी अभियन्ता दोबारा फोन किया तब भी एसएसओ का फोन बंद मिला। तब अधिशासी अभियन्ता ने सांगीपुर के एसडीओ प्रशान्त कुमार को एसएसओ से संपर्क करने को कहा। एसडीओ ने उपकेन्द्र में तैनात कर्मचारियों से एसएसओ का पता लगाने को कहा। इसके बाद कर्मचारी एसएसओ के आवास पहुंचे। आवास में उनका कमरा अन्दर से बन्द मिला तब कर्मचारियों ने कमरे के बाहर आवाज लगाई। अंदर से कोई आवाज न पाने पर कर्मचारियों ने कमरे के अन्दर झांका तब वह एसएसओ को फंदे से झूलता देख दंग रह गए।

# उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल में फ्रेट कस्टमर मीटिंग आयोजित

समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल कार्यालय स्थित संकल्प सभागार में मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज रजनीश अग्रवाल की अध्यक्षता में फ्रेट कस्टमर मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य साइडिंग एवं फ्रेट ग्राहकों के प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर माल लदान को बढ़ावा देना, उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर विचार-विमर्श करना तथा माल परिवहन सेवाओं को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाना था। बैठक के प्रारंभ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) श्रीमती शीरत फ़ातिमा ने सभी व्यापारिक एवं साइडिंग प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा रेलवे के साथ उनके निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान साइडिंग संचालन एवं माल परिवहन से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपस्थित व्यापारिक प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव एवं अपेक्षाएं साझा कीं, जिन पर रेलवे अधिकारियों द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई एवं समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

## कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में भोला प्रसाद की जमानत याचिका खारिज

**प्रयागराज।** कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध खरीद और बिक्री से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने फरार चल रहे आरोपी शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद की जमानत याचिका खारिज कर दी है। भोला प्रसाद इस मामले में जेल में बंद हैं। हालांकि, सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मामले से जुड़े कई अन्य आरोपियों की जमानत अर्जियां मंजूर भी की हैं। कोर्ट ने भोला प्रसाद की जमानत याचिका समेत कुल 77 अन्य याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करने के बाद 25 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा था। अब हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए भोला प्रसाद की जमानत अर्जी खारिज कर दी। यह फैसला जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की सिंगल बेंच ने सुनाया है।

# पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।



पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार भोर मुख्य आरोपी नौशाद अली को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में नौशाद के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार नौशाद अली विस्फोट मामले में आरोपी मोहम्मद आदिल का पिता बताया जा रहा है। हादसे के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार तड़के पुलिस टीम ने उसे घेरने का प्रयास किया तो नौशाद ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली उसके पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि सोमवार को पटाखा फैक्ट्री में हुए जोरदार विस्फोट से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। धमाकों और आग की चपेट में आने से आसपास के कई मकान क्षतिग्रस्त हुए थे। हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत की सूचना है। पुलिस अब नौशाद से पूछताछ कर विस्फोटक सामग्री के भंडारण, फैक्ट्री संचालन और हादसे से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जानकारी जुटा रही है।

# बैंडबाजों के साथ होगा गणेश जी का आगमन

- जय बालाजी सेवा समिति की बैठक में बनी कार्यक्रम की रूपरेखा

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी (फर्रुखाबाद रोड) की बैठक गणेश महोत्सव की रूपरेखा बनाई गई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि कलश यात्रा एवं बैंड बाजों के साथ गणेश जी पांडाल में विराजमान होंगे।

रजनी सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि 14 सितंबर सोमवार को प्रातः बैंड बाजों एवं कलश यात्रा के साथ श्री गणेश जी का आगमन होगा। 22 सितम्बर मंगलवार बुढ़वा मंगल को सुंदरकांड पाठ, 23 सितम्बर बुधवार को 56 भोग कार्यक्रम, 24 सितम्बर गुरुवार को श्री गणेश भोग एवं विशाल भंडारा तथा विशाल विसर्जन यात्रा 25 सितम्बर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड से पश्चिमी बाईपास मुख्य बाजार होते हुए मां कालका देवी मंदिर के आगे ककरारी तालाब पर संपन्न होगी। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों से सभी कार्यक्रमों में तन मन धन से सहयोग एवं पूर्ण श्रद्धा व कर्तव्यनिष्ठ से कार्य करने की अपील की ताकि श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम को नगर में ऐतिहासिक रूप से संपन्न किया जा सके।

आगामी बैठक में दायित्व दिए जाएंगे। इस अवसर पर प्रशांत त्रिपाठी, हरिओम मिश्रा, पंकज मिश्रा, मनु गुप्ता, हिरदेश अग्रवाल, दुष्यंत कुमार कश्यप पुजारी जी, दीपू कश्यप, गौरव, सौरभ, कृष्णा सविता, यश तिवारी, मीना मिश्रा, गीता कश्यप, यशिका रानी, प्रीति सक्सेना, जितेंद्र मोहन पांडे, नारायण शुक्ला, अंकित कश्यप, शैलेश, नानू, सूरज शुक्ला, बबलू श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र, प्रेमलता, आशु शाक्य, पवन, सूरज, हिमांशु व स्पर्श तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# सात मेधावी छात्राओं को मिलेगी स्कूटी

- रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना में चयन
- सभी छात्राएं अपनी मेहनत और लगन से हुई सफल

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अंतर्गत मां भगवती महाविद्यालय की सात मेधावी छात्राओं का चयन किया गया है। इन छात्राओं को जल्द ही स्कूटी प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय के प्रबंधक सचिन दुबे ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा हमारे महाविद्यालय की मेधावी छात्राओं आकांक्षा पाल पुत्री अवधेश सिंह (बीएससी), साक्षी दीक्षित पुत्री विनीत दीक्षित (बीएससी), आरजू कुमारी पुत्री धर्मेंद्र सिंह (बीएससी), राधिका अवस्थी पुत्री अखिलेश (बीएससी), कंचन पुत्री अटल बिहारी दुबे (बीएससी), भूमिपाल पुत्री महेंद्र सिंह (बीएससी) एवं रमा पुत्री रामवीर (बीएससी) का चयन स्कूटी योजना के लिए हुआ है। ये सभी छात्राएं अपनी मेहनत और लगन से सफल हुई हैं। मैं इन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। सभी चयनित छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क करें, ताकि उन्हें स्कूटी वितरण की आगे की प्रक्रिया बताई जा सके।

प्रबंधक दुबे ने आगे कहा कि यह योजना बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महाविद्यालय परिवार इस सफलता पर गर्व महसूस करता है।

## धूमधाम से मनाया संस्था के उपाध्यक्ष ईशू गुप्ता का जन्मदिन

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** प्रयास संस्था के उपाध्यक्ष और युवा हृदय की धड़कन ईशू गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष सचिन पाठक ने रामकृष्ण गेस्ट हाउस में केक काटकर जन्मदिन समारोह को खास बनाया। जैसे ही ईशू गुप्ता ने केक काटा, उपस्थित लोगों ने तालियों और शुभकामनाओं के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने ईशू गुप्ता के दीर्घायु और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर संस्था के संरक्षक राजीव चौहान, सचिव जय यदुवंशी, कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता, अंशुल गुप्ता, श्यामू गुप्ता, अन्नू गुप्ता, करण चौहान, केतन गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। संस्था के संरक्षक राजीव चौहान ने कहा कि ईशू गुप्ता के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि वे संस्था के साथियों के बीच हमेशा एक छोटे भाई और सच्चे मित्र की तरह खड़े रहते हैं।

# तिरंगा पार्क पर पुलिस ने रोका पैदल मार्च

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



यूजीसी के विरोध को लेकर सवर्ण मोर्चा से जुड़े लोगों ने यहां से कन्नौज तक पैदल मार्च शुरू किया था। नगर के तिरंगा तिराहा पर सीओ के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने पैदल मार्च को रोक लिया और नेतृत्व कर रहे लोगों को गाड़ी में बिठाकर तहसील ले गए। इस बीच कुछ लोग पूर्वी बाईपास हाइवे पर पहुंच गए। बाद में पुलिस ने वहां पहुंचकर उन लोगों को भी पुलिस वाहन में बिठाकर तहसील ले आई। तहसील पहुंचकर आंदोलनकारियों ने शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सवर्ण मोर्चा से जुड़े अनुपम बाजपेई, पुनीत दुबे, राजा शुक्ला, हिमांशू चौहान, संदीप भदौरिया, डॉ.रजनीश दुबे, आशू तिवारी, ज्ञानेंद्र दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग तिरंगा झंडा और नारे लिखी तख्तियां लेकर सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी पर एकत्र हुए। यहां से शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वह लोग जिला मुख्यालय कन्नौज की ओर पैदल मार्च करते रवाना हुए। सौरिख तिराहा स्थित तिरंगा पार्क के पास सीओ सुरेश कुमार मलिक और कोतवाल कपिल दुबे के नेतृत्व में मौजूद भारी पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च को रोक लिया। इस बीच पुलिस और आंदोलनकारियों में धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने पैदल मार्च का नेतृत्व कर रहे लोगों को वाहन में बिठाकर उन्हें तहसील ले गए। इस बीच कुछ आंदोलनकारी मौका पाकर पूर्वी बाईपास जीटी रोड हाइवे पर पहुंच गए। जिससे वहां जाम की स्थिति बन गई। जैसे ही इसकी जानकारी पुलिस को हुई, तत्काल भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और वहां आंदोलन कर रहे लोगों को भी तहसील ले आए। आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपा गया।

# जनता के सुख-दुख में है साथ अध्यक्ष पद की तैयारी में जुटे तारिक

**समृद्धि न्यूज़, समधन।**

नगर पंचायत समधन में आगामी अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सियासी हलचल अभी से तेज होती दिखाई दे रही है। अध्यक्ष पद की मजबूत दावेदारी के लिए मोहम्मद अरशद हसन उर्फ तारिक ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। वह लगातार नगर के अलग-अलग मोहल्लों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं और उनके सुख-दुख में शामिल होकर हालचाल ले रहे हैं। तारिक की लगातार सक्रियता के चलते उनके समर्थकों में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। वह लोगों के घरों और प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर सीधे संवाद कर रहे हैं तथा नगर की समस्याओं और लोगों की अपेक्षाओं को समझने का प्रयास कर रहे हैं। मोहम्मद अरशद हसन उर्फ तारिक ने कहा कि जनता का



प्यार और समर्थन उन्हें लगातार मिल रहा है। नगर का युवा वर्ग भी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख में साथ देना और नगर के विकास के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन के बल पर वह आगामी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में मजबूती के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी बढ़ती सक्रियता को लेकर नगर में राजनीतिक चर्चाएं भी तेज हो गई हैं।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए सुमन लता चयनित

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

- सुमन लता यादव शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में हैं सक्रिय
- 61 शिक्षक शिक्षिकाओं की सूची में उनका नाम शामिल



प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी की प्रधानाध्यापक सुमन लता यादव को उत्तर प्रदेश राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए नामित किया गया है। शासन द्वारा अनुमोदित 61 शिक्षक शिक्षिकाओं की सूची में जिले से उनका नाम शामिल है। राज्य स्तरीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर उनका नाम पुरस्कार के लिए मंजूर किया गया। सुमन लता यादव शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही हैं। उन्हें पहले लोकमणि लाल पुरस्कार तथा रानी लक्ष्मीबाई वीरता पुरस्कार मिल चुका है। जिले में उन्हें आदर्श शिक्षिका के रूप में जाना जाता है। विद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखारने के लिए वे निरंतर प्रयास करती रही हैं। लखनऊ में आयोजित अंकुरम महोत्सव में उनकी छात्राओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। विद्यालय की भौतिक स्थिति सुधारने के लिए उन्होंने निजी स्तर पर भी योगदान दिया है।

विद्यालय को बेहतर बनाने और बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में उनके इन प्रयासों को महत्वपूर्ण माना गया है। मतदाता जागरूकता अभियान, स्काउट-गाइड शिविरों में भी उनकी भागीदारी रही है। विद्यालय में प्रत्येक वर्ष वार्षिकोत्सव का आयोजन कर बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाता है। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी उनका योगदान रहा है। छात्र-छात्राओं की मंडलीय और जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं सहभागिता कराई गई। इससे बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल और अन्य गतिविधियों में आगे बढ़ने का अवसर मिला। शासन की सूची में उनका नाम शामिल होने से जिले के बेसिक शिक्षा विभाग और विद्यालय परिवार में खुशी है।

## खबरें एक नजर में

### आलू की बदहाली व बिजली कटौती बड़ा मुद्दाः राजपाल कश्यप



**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने मंगलवार को जिला सपा कार्यालय में भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय पीडीए जन पंचायत के दौरान किसानों, युवाओं और व्यापारियों की समस्याएं प्रमुखता से सामने आई हैं। राजपाल कश्यप ने कहा कि कन्नौज में आलू किसानों की बदहाली सबसे बड़ा मुद्दा है। उचित मूल्य नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। उन्होंने बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या पर भी सरकार को घेरा। कहा कि बारिश कम होने के कारण किसानों को सिंचाई में दिक्कत हो रही है। उन्होंने युवाओं को रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठाए। इत्र पार्क का क्षेत्रफल कम किए जाने और उसके पूरी तरह शुरू न होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार में कन्नौज में कई विकास परियोजनाएं शुरू हुई थीं। उन्होंने कहा कि जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को जवाब देगी। प्रेस वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जहरीले सांप के काटने से महिला की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र की सिकंदरपुर चौकी अंतर्गत जगतपुर गांव में आंगन में झाड़ू लगा रही महिला को सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जगतपुर गांव निवासी रीना (42) पत्नी सुभाष मंगलवार सुबह घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान अचानक सांप निकल आया और उसने रीना को काट लिया। सांप के काटने के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में उन्हें निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना सिकंदरपुर चौकी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि रीना के दो बेटे और चार बेटियां हैं। किसी भी बेटे-बेटी की अभी शादी नहीं हुई है। पति सुभाष मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। मां की अचानक मौत से छह बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी मातम पसरा हुआ है।

### भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री का लखनऊ में स्वागत, दी बधाई

**गुरसहायगंज,कन्नौज।** बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किए जाने के बाद लखनऊ में उनके प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता विपिन द्विवेदी के नेतृत्व में छिबरामऊ-कन्नौज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता विपिन द्विवेदी ने कहा कि हमारे प्रिय बड़े भाई और युवाओं के प्रेरणा स्रोत हरीश द्विवेदी को राष्ट्रीय महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया जाना हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। यह नियुक्ति उनके वर्षों के परिश्रम, संगठन के प्रति निष्ठा और कुशल नेतृत्व का सम्मान है। उन्होंने कहा कि हरीश द्विवेदी जी का सरल स्वभाव और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका स्नेह उन्हें एक अलग पहचान देता है। उनके राष्ट्रीय महामंत्री बनने से संगठन और अधिक मजबूत होगा और युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। हम सभी कन्नौज के कार्यकर्ता उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान जय भाजपा, तय भाजपा卐 के नारे भी लगाए।

# जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिघौली के मजरा कुडरा गांव में ग्रामीणों ने कच्ची सड़क पर जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन कर विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश होते ही कुडरा गांव से मिघौली जाने वाली मुख्य कच्ची सड़क पर पानी और कीचड़ भर जाता है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव से मिघौली जाने के लिए यही मुख्य रास्ता है। इसी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी आवागमन करते हैं। बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव और कीचड़ होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने और वापस लौटने में विशेष दिक्कत होती है। कई बार ग्रामीणों और बच्चों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इससे हादसे की आशंका भी बनी रहती है। सड़क की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं कराया गया। बारिश के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सड़क को दुरुस्त कराने, जलनिकासी की व्यवस्था कराने तथा जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। इस दौरान गांव के शिवराज, टिंकू, कृष्णा, रोहित, दीपक, जितेंद्र, संदीप, विक्रम, सूरज, अर्जुन, सत्यवीर, विकास सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या की जानकारी कराई जाएगी। सचिव को मौके पर भेजकर सड़क और जलभराव की स्थिति की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अरुण यादव को जन्मदिन की दी बधाई

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष और बीजेपी इंटर कॉलेज तेराजाकेट के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने समाजवादी अधिवक्ता सभा कन्नौज के जिलाध्यक्ष और पूर्व शासकीय अधिवक्ता अरुण यादव को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने भावनात्मक संदेश देते हुए कहा कि हम सभी के प्रेरणास्रोत, बड़े भाई अरुण यादव को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं। आपका स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद हम सभी पर यूं ही बना रहे। आपने हमेशा बड़े भाई की तरह हम लोगों का हौसला बढ़ाया है और हर मुश्किल में साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद आप पर हमेशा बना रहे, आप सदैव स्वस्थ रहें, खुश रहें और समाजवादी विचारधारा को मजबूती प्रदान करते रहें। आपका व्यक्तित्व हम युवाओं के लिए प्रेरणा है। इस मौके पर सपा के कार्यकर्ता के अलावा शिक्षक भी मौजूद रहे।

## ललई सिंह यादव की जयंती पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ, कन्नौज।** महान समाज सुधारक और 'उत्तर भारत के पेरियार' कहे जाने वाले ललई सिंह यादव की जयंती पर किला नगरिया विशुनगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के आयोजक नेकुमार ने बताया कि ललई सिंह यादव का जन्म 1 सितंबर 1911 को कानपुर देहात के एक सामान्य परिवार में हुआ था। उन्होंने सामाजिक विषमता, जातिवाद, अंधविश्वास और ब्राह्मणवादी परंपराओं के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। दक्षिण भारत के महान क्रांतिकारी पेरियार ई.वी. रामास्वामी की पुस्तक 'सच्ची रामायण' का हिंदी अनुवाद प्रकाशित करने पर उन्हें ऐतिहासिक कानूनी लड़ाई भी लड़नी पड़ी। उन्होंने 'सिपाही की तबाही', 'शोषितों पर धार्मिक डकैती', 'शोषितों पर राजनीतिक डकैती' सहित कई वैचारिक नाटकों की रचना की। वर्ष 1967 में कुशीनगर जाकर उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया और जातिसूचक तथा सामंती शब्दों का त्याग कर केवल 'ललई' नाम का उपयोग शुरू किया। वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज में शिक्षा, वैज्ञानिक चेतना और समानता के अधिकारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दलगंजन सिंह यादव, देवेंद्र सिंह, अल्केश यादव, प्रवीण यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी हादसे में कई यात्री घायल

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**



राजस्थान के खाटू श्याम धाम जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस देर रात तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहरीन के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा होते ही बस में सवार श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने बस में फंसे तथा घायल यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। घटना की सूचना पर दमकल विभाग के सीएफओ मुकीमुल हक, प्रभारी फायर स्टेशन संदीप तंवर और फायर सर्विस की टीम मौके पर मौजूद रही। टीम ने यात्रियों को बस से बाहर निकालने के साथ ही स्थिति को नियंत्रित किया। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा- तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। हादसा देर रात होने के कारण राहत कार्य में दमकल टीम ने तत्परता दिखाई।

# संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें अन्नदाता:जिला कृषि अधिकारी

- मृदा परीक्षण व जैविक खेती के लिए कृषकों को करें जागरूक

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।**

कृभको द्वारा होटल ग्रीनवुड रेस्टोरेंट, में सामूहिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एग्रीजंक्शन प्रभारियों को संतुलित उर्वरक प्रयोग, जैविक खेती तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत लाल गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी, कन्नौज उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री उदय शंकर, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, कन्नौज तथा सुभाष चन्द्र यादव, अपर जिला सहकारी अधिकारी, कन्नौज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वजीत सिंह, क्षेत्र प्रतिनिधि, कृभको, कन्नौज सहित जनपद के 24 एग्रीजंक्शन प्रभारी उपस्थित रहे।

परिचर्चा के दौरान कृभको के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा कृभको के विभिन्न उत्पादों जैसे कृभको सिटी कम्पोस्ट, सिवारिका, जिंक सल्फेट, पीडीएम, एफओएम एवं माइकोराइजा के लाभ, उपयोग एवं प्रयोग करने की विधि के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। साथ ही किसानों के बीच जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं आवश्यकता आधारित प्रयोग पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में संतुलित खाद अपनाएं, धरती मां को बचाएं÷ अभियान के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और खेती में जैविक एवं संतुलित पोषण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। परिचर्चा में इस बात पर जोर दिया गया कि किसानों को उनकी फसल एवं मिट्टी की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों की संतुलित मात्रा उपलब्ध कराई जाए। मुख्य अतिथि संत लाल गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी, कन्नौज ने उपस्थित एग्रीजंक्शन प्रभारियों से आह्वान किया कि वे किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप संतुलित मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के साथ-साथ कृभको के जैविक एवं उपयोगी उत्पादों की जानकारी भी दें और उनके प्रयोग के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पादों के प्रयोग एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन से मृदा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाने में सहायता मिल सकती है।

## आतिशबाजी की थोक व फुटकर दुकान का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**कन्नौज।** सुरक्षा व्यवस्था एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन को लेकर उप जिलाधिकारी तिर्वा वैशाली ने मंगलवार को श्री बालाजी ट्रेडर्स आतिशबाज के थोक एवं फुटकर विक्रय प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आतिशबाजी के भंडारण, विक्रय व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने प्रतिष्ठान संचालक को निर्देश दिए कि आतिशबाजी का भंडारण और विक्रय निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी न हो तथा ग्राहकों और आसपास के लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आतिशबाजी की दुकानों एवं भंडारण स्थलों पर निर्धारित मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।

# धूमधाम से मना संस्था के उपाध्यक्ष का जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।**




प्रयास संस्था के उपाध्यक्ष और युवा हृदय की धड़कन ईशू गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष सचिन पाठक ने रामकृष्ण गेस्ट हाउस में केक काटकर जन्मदिन समारोह को खास बनाया।

जैसे ही ईशू गुप्ता ने केक काटा, उपस्थित लोगों ने तालियों और शुभकामनाओं के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने ईशू गुप्ता के दीर्घायु और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर संस्था के संरक्षक राजीव चौहान, सचिव जय यदुवंशी, कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता, अंशुल गुप्ता, श्यामू गुप्ता, अन्नू गुप्ता, करण चौहान, केतन गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

संस्था के संरक्षक राजीव चौहान ने कहा कि ईशू गुप्ता के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि वे संस्था के साथियों के बीच हमेशा एक छोटे भाई और सच्चे मित्र की तरह खड़े रहते हैं। उनकी सहजता, मिलनसार व्यवहार और हर परिस्थिति में साथ देने की भावना उन्हें सभी के बीच खास बनाती है। समारोह आपसी प्रेम, भाईचारे और मित्रता की खूबसूरत मिसाल बन गया।

# आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण में लापरवाही, लेखपाल निलंबित

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

आईजीआरएस की शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरतने और भ्रामक आख्या देने पर एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल को निलंबित कर दिया। वहीं, बिना जांच किए आख्या अग्रसारित करने पर राजस्व निरीक्षक को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। निलंबित लेखपाल को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबद्ध किया गया है। तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बमरौली निवासी बालकराम पुत्र शंकरलाल ने डीएम को आईजीआरएस के माध्यम से अपनी भूमि को असंक्रमणीय भूमिधर से संक्रमणीय भूमिधर किए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था। शिकायत के निस्तारण के लिए बमरौली के क्षेत्रीय लेखपाल पुष्पकांत मिश्रा ने एक जून को अपनी आख्या प्रस्तुत की थी। एसडीएम के अनुसार लेखपाल की ओर से दी गई आख्या भ्रामक तथा शासन की मंशा के विपरीत पाई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने शिकायत के निस्तारण में लापरवाही तथा पदीय दायित्वों का उचित निर्वहन न करने के आरोप में लेखपाल पुष्पकांत मिश्रा को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उन्हें रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबद्ध किया गया है। इसके अलावा राजस्व निरीक्षक ऋषि कुमार को बिना जांच किए लेखपाल की आख्या अग्रसारित करने पर चेतावनी नोटिस दिया गया।

# चकबंदी के विरोध में किसानों ने भरी हुंकार



किसानों के साथ बैठक करते अधिकारीगण

**समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद।**

- प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों के साथ की बैठक

चकबंदी के विरोध को लेकर मंगलवार को विकासखंड जलालाबाद के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों और किसानों की बैठक हुई।

लंबे समय से चकबंदी का विरोध कर रहे किसानों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। बैठक के दौरान किसानों ने हस्ताक्षर कर स्पष्ट किया कि किसी भी कीमत पर चकबंदी स्वीकार नहीं की जाएगी। एसडीएम सदर वैभव गुप्ता, जिला चकबंदी अधिकारी रेशमा सहाय, डीपीआरओ, चकबंदी अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी उमाशंकर शाहू ने किसानों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने बताया कि डीएम की ओर से किसानों के विरोध का कारण शासन को तीन बार भेजा जा चुका है।

अब शासन ने अधिकारियों की टीम भेजकर किसानों की बात सुनने के निर्देश दिए हैं। शासन ने चकबंदी के बहिष्कार का 80 प्रतिशत आंकड़ा मांगा है।

इस दौरान जुगाड़ी वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, उजियारे वर्मा, ओमकार कुशवाहा, सूबेदार, ब्रजेश, अमित कुमार, कामेश सविता सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।









# संपत्ति के विवाद में कलयुगी बेटों ने की थी पिता की निर्मम हत्या

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

थाना मऊदरवाजा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने अपने ही सगे पिता की हत्या के मामले में वांछित और 15,000 रुपये के इनामी अभियुक्त अनिल को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया आलाकत्ल सफेद धातु का एक कड़ा और खून से सनी दो ईंटें भी बरामद कर लिया है। बीते 28 अप्रैल को थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम अर्राहपहाडपुर निवासी देवेन्द्र (मृतक के भतीजे) ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि उनके चाचा रामसनेही की हत्या उनके ही दो बेटों ओमकार और

**15 हजार का इनामी बेटा अनिल गिरफ्तार**

अनिल ने कर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना थानाध्यक्ष अजब सिंह को सौंपी गई थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही दोनों आरोपी पुलिस के डर से फरार चल रहे थे और उनकी गिरफ्तारी के लिए, विशेष टीमें गठित की गई थीं। पुलिस टीमों की लगातार दबिश के बीच 31 अगस्त को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि आरोपी शहर छोड़कर भागने की फिराक में है। पुलिस ने शाम करीब 7:40 बजे मोहम्मदाबाद चौराहे से आरोपी अनिल को धर दबोचा। पुलिस



पुलिस हिरासत में आरोपी

की कड़ी पूछताछ में आरोपी अनिल ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। अनिल ने बताया कि 27 अप्रैल को उसने अपने पिता रामसनेही के हाथ जोर से पकड़ लिए थे, जबकि उसके भाई ओमकार ने हाथ में पहने भारी कड़े से पिता के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद अनिल ने भी ईंट उठाकर पिता के सिर पर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। वह पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए कई महीनों से फरार था और रात के अंधेरे में शहर से बाहर भागने की योजना बना रहा था, लेकिन पकड़ा गया। मऊदरवाजा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में इस्तेमाल हथियार व ईंटों को साक्ष्य के तौर पर कब्जे में ले लिया है।

अब पुलिस आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने और मामले में फरार दूसरे आरोपी ओमकार की तलाश में जुटी हुई है।

# ग्राम बराकेशव में किसानों का नौवें दिन भी धरना जारी

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

ग्राम सभा बराकेशव में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का नौवां दिन हो गया। किसान महिला और बच्चों के साथ बड़ी संख्या में धरना स्थल पर बैठे हुये है, रात्रि में भी बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी उपस्थित रहते है।

जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने की सभी किसान एकता बना ले तो कोई भी सरकार या अधिकारी आपका उत्पीड़न नहीं कर सकता। जैसे ग्राम सभा बराकेशव में खड़ी फसल को चकबंदी के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बर्बाद किया गया, परंतु जिला चकबंदी अधिकारी ने उल्टी एफआईआर किसानों और महिलाओं पर की है, कितनी बड़ी विडम्बना है कि जो देश को कमाकर खिलाता है उसी के ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज होता है। जनपद के किसान जातियों में बटे हुये है, सभी किसान जातियों में न बटे सिर्फकिसान बने रहे और राजनीतिक व्यक्तियों से दूरी बना ले। मुख्यमंत्री 3 सितंबर को जनपद आ रहे हैं भाकियू टिकैत संगठन का 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल किसानों की समस्याओं को लेके मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा और जनपद के किसानों की



धरने पर बैठे किसान नेता

समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। संचालन अफरोज मंसूरी ने किया। अध्यक्षता दीपसिंह यादव ने की। इस अवसर पर छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, सुग्रीव पाल, बिजनेश यादव, शिवराम शाक्य, बड़े यादव, जगन्नाथ शाक्य, अजीत सोमवंशी, प्रेम चंद्र दद्दा, पप्पू यादव उपस्थित रहे।

# बार एसो. चुनाव समिति ने जारी की मतदाता सूची



सूची चस्पा करते चुनाव अधिकारी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

तहसील सदर में बार एसोशिएशन चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने सक्रियता बढ़ा दी है। तहसील वार एसोशिएशन चुनाव समिति ने मतदाता सूची जारी कर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मंगलवार को तहसील सदर में एल्डर्स/चुनाव समिति ने तहसील वार एसोशिएशन चुनाव के संबंध में मतदाता सूची जारी कर कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

चुनाव समिति अधिकारी उमाशंकर कटियार ने तहसील वार एसोशिएशन सभागार के बाहर मतदाता सूची को सार्वजनिक रूप से चस्पा कर दिया गया है। वहीं चुनाव समिति अधिकारी देव प्रकाश अवस्थी द्वारा जारी सूची के अनुसार 2 से 3 सितम्बर तक पर्चा बिक्री एवं 3 सितम्बर से 5 सितम्बर तक नामांकन, 7 सितम्बर को प्रत्याशियों के पर्चों की जांच एवं 8 सितम्बर को नामांकन वापसी, सितम्बर इसी के साथ 16 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक मतदान एवं उसी दिन शाम 4 बजे मतगणना होगी।

मालूम को ही तहसील सदर वार एसोशिएशन चुनाव को लेकर कई अधिवक्ताओं में आपसी मतभेद बना हुआ था। चुनाव घोषणा होने बाद तहसील सदर वार एसोशिएशन के प्रत्याशी अधिवक्ताओं ने चुनाव के संबंध में सक्रियता बढ़ा दी है।

## खेलते-खेलते गर्म सब्जी की चपेट में आई मासूम



बच्ची को गोद में लिये परिजन

**समृद्धि न्यूज कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मझना उस्मानपुर में सोमवार को एक हृदय विदारक हादसा हो गया। घर में खाना बनाते समय 2 साल की मासूम बच्ची गंभीर रूप से जल गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, गांव मझना उस्मानपुर निवासी अजय कुमार की 2 वर्षीय पुत्री लाडो घर में खेल रही थी। उसी समय घर में चूल्हे पर सब्जी बन रही थी। खेलते-खेलते मासूम बच्ची सब्जी बनने वाले स्थान तक पहुंच गई और अचानक गर्म सब्जी/गर्म बर्तन की चपेट में आ गईए जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन में बच्ची को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। बच्ची के काफी जल जाने के कारण हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर उपचार के लिए 'डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल में बदलाव, अब पुलिस लाइन में होगा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद अमृतपुर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 3 सितंबर के प्रस्तावित जनपद दौरे को लेकर मंगलवार को बड़ा बदलाव किया गया है। लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम को देखते हुए थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम डबरी में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है।

अब मुख्यमंत्री का कार्यक्रम पुलिस लाइन फतेहगढ़ में आयोजित किया जाएगा। डबरी में पिछले दो दिनों से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही थीं। कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड, जनसभा स्थल, मंच, बैरिकेडिंग समेत सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा था, लेकिन मंगलवार को तेज बारिश के बाद मौसम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल में बदलाव का निर्णय लिया। डबरी कार्यक्रम रद्द होने के बाद प्रशासन और पुलिस विभाग ने अब पुलिस लाइन फतेहगढ़ में तैयारियां तेज कर दी हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जा रहा है। मंच, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात व्यवस्था और प्रवेश-निकास मार्गों को लेकर अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। ग्राम डबरी में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में भी खासा उत्साह था। मुख्यमंत्री के गांव में पहुंचने की तैयारियों के बीच ग्रामीण कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

हालांकि, खराब मौसम के चलते कार्यक्रम स्थल बदल दिया गया है। अब सभी की नजरें 3 सितंबर को पुलिस लाइन फतेहगढ़ में होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम पर टिकी हैं। उपजिलाधिकारी श्वेता साहू ने बताया कि डबरी में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। अब मुख्यमंत्री का कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### भारी बारिश के चलते 2-3 सितंबर को सभी स्कूल रहेंगे बंद

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो दिनों तक अत्यधिक वर्षा होने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद में कक्षा 01 से 12 तक के सभी विद्यालयों और उच्च शिक्षा के डिग्री कॉलेजों में अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश 02 और 03 सितंबर दो दिन के लिए प्रभावी रहेगा। जनपद के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त परिषद, सीबीएसई, आईसीएसई, संस्कृत और विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित महाविद्यालय, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेज तथा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के संचालित सभी विद्यालय लागू रहेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा जारी आदेश में जनपद के सभी प्रबन्धकों, प्राचार्यों, प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि वे इन तिथियों पर स्कूल-कॉलेज बंद रखना सुनिश्चित करें।

### फिसलकर गिरने से अधेड़ की मौत

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बाराबीकू में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में अधेड़ की मौत हो गई। तड़के लघुशंका के लिए जाते समय फिसलन के कारण पैर फिसलने से वह फर्श पर सिर के बल गिर पड़े, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, गांव बाराबीकू निवासी भूदेव 48 वर्ष पुत्र रामचंद्र मंगलवार तड़के करीब 4 बजे घर के पास लघुशंका के लिए जा रहे थे। बीती रात हुई बारिश के कारण रास्ते में काफी फिसलन हो गई थी। इसी फिसलन की वजह से उनका अचानक संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वे सीधे सिर के बल फर्श पर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह लहूलुहान होकर वहीं अचेत हो गए। परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचे, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, सिर में अंदरूनी और गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हुई थी।

### जिले में एक और बड़े हादसे का इंतजार कर रहा प्रशासन

**कटरा मेदनीगंज,प्रतापगढ़।** जिले में सराय बहेलिया गांव में कच्चा मकान गिरने से हुए दर्दनाक हादसे के बाद प्रशासन द्वारा लापरवाही बताने के आरोप में लेखपाल को निलंबित कर दिया गया। जिले में अभी भी सैकड़ों गरीब परिवार जर्जर और कच्चे मकानों में अपनी जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर हैं।ताजा मामला मांधाता ब्लाक का है, जहां घाटमपुर ग्राम सभा के दानपुर गांव निवासी अनिल कुमार दुबे जो कि बेहद गरीब परिवार है पिछले कई सालों से कच्चे मकान में ऊपर प्लास्टिक डालकर गुजर-बसर कर रहा है। बरसात के मौसम में इस परिवार की परेशानी और भी बढ़ जाती है। मकान की दीवारें दरक चुकी हैं और छत से पानी टपकता है, जिसके कारण पूरा परिवार प्लास्टिक के नीचे रहने को मजबूर है।परिवार का आरोप है कि कई सालों से वह प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य सरकारी बुनियादी सुविधाओं का इंतजार कर रहा है। कई बार प्रधान और अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। पात्र होने के बावजूद उसे आज तक आवास का लाभ नहीं मिल सका।ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो सराय सागर जैसा बड़ा हादसा यहां भी हो सकता है। अब देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन जागता है या फिर एक और बड़े हादसे का इंतजार करता है।

### रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने युवक को पीटा

**कटरा मेदनीगंज, प्रातापगढ़।** मांधाता थाना क्षेत्र के कटरा मेदनीगंज में रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी।पीड़ित बलदेव सिंह हरिहर प्रसाद सिंह, निवासी पूरे गोसाईं, ने बताया कि बीते रविवार को पड़ोसी दबंगों ने घर के सामने से आने-जाने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते बात बढ़ गई और पड़ोसी विनोद कुमार सिंह, उसके पिता, पुत्र तथा परिवार के अन्य सदस्य एक राय होकर पीड़ित को मारने-पीटने लगे।हल्ला-गुहार सुनकर मौके पर भीड़ इकट्ठा होते देख दबंग गंदी-गंदी गालियां देते हुए मौके से फरार हो गए।घायल युवक को परिजन इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उसकी स्थिति सामान्य बनी हुई है। पीड़ित ने मांधाता थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे जीसी सिंह चौहान

**रायबरेली।** ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने 9 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट विकास भवन अपने कार्यकर्ताओं के साथ आमरण अनशन पर बैठे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मेरी परती जमीन पर लेखपाल और सलोन एसडीएम के मिली भगत से हरे भरे पेड़ पौधे और शिव मंदिर को जेसीबी से नष्ट कर दिया गया जो की जमीन का प्रशासन द्वारा चार बार पैमाइश इस कराया गया था जिसका हाई कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा है। दिनांक 08-08-2026 को जीसी सिंह चौहान और किसान नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे थे रायबरेली के सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार यादव द्वारा व्यापारी नेता को समझा बूझकर धरना समाप्त कराया और आश्वासन दिया 8 दिन के अंदर आपकी जमीन की पैमाइश कर दिया जाएगा काफी दिन भी जाने के बाद मौके पर प्रशासन जांच करने नहीं गई तो व्यापारी नेता पुनः अपने आज कार्यकर्ताओं के साथ 9 तारीख तक आमरण अनशन पर बैठ गए हैं और कहां की जब तक प्रशासन मौके पर जाकर जांच नहीं करती है तब तक मैं धरना पर बैठा रहूंगा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यदि मुझे कुछ हो जाता है तो जिसका जिम्मेदार सलोन एसडीएम होंगे।

# स्काउट-गाइड केवल एक वर्दी नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशालाः सीडीओ

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

**सीडीओ की अध्यक्षता में भारत स्काउट व गाइड जिला परिषद बैठक सम्पन्न**

भारत स्काउट और गाइड की जिला परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक एजेंडा बिन्दु के अनुसार प्रारम्भ हुई तथा जनपद में स्काउटिंग की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से समीक्षा की गई। सीडीओ ने कहा कि स्काउट-गाइड केवल एक वर्दी नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला है।

यह बच्चों में अनुशासन, देशभक्ति, सेवा और आत्मनिर्भरता के संस्कार डालता है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद के प्रत्येक उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय, सीबीएसई विद्यालयों में स्काउट-गाइड की सक्रिय यूनिट होनी चाहिए।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत विद्यालयों में स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराया जाए। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला संगठन की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। आगामी प्रस्तावित बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन शिविर, एडवांस कोर्स स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन शिविर, जिला स्तरीय स्काउट-गाइड रैली, तृतीय सोपान एवं राज्य पुरस्कार जांच शिविर की तैयारियों पर चर्चा की। संयुक्त प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मयंक शर्मा ने प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा आयोजित बीएसजी छात्रव्रति, स्किल प्रतियोगिता, ब्लड डोनर डायरेक्टरी पंजीकरण आदि पर विस्तार से जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक आवेदन हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्याम किशोर तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी कु0 शालिनी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा



बैठक लेते सीडीओ मौजूद अन्य

अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, संयुक्त प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मयंक शर्मा, जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा, जिला सचिव डॉ0 महेश चन्द्र राजपूत, जिला आयुक्त रामदास, जिला आयुक्त गाइड इंदु मिश्रा, डा0 विनीत चौहान, रजिन्दर सिंह कुशवाहा, अनिल सिंह, सुमन त्रिपाठी, ऐस्तर रोज दयाल, अमित सिंह, अनिल मिश्रा, डॉ. संदीप चतुर्वेदी, योगेश तिवारी, चमन शुक्ला, पुष्पा सिंह, वैभव सोमवंशी, पुष्पेन्द्र शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जटवारा तिराहे पर जर्जर बिजली का पोल टूटा

**बंदरों की उछल-कूद से गिरा खंभा, 5 घंटे ठप रही बिजली**

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

नगर के व्यस्ततम जटवारा तिराहे पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया।

बंदरों की उछल-कूद के कारण एक जर्जर बिजली का पोल अचानक टूटकर दुकानों पर जा गिरा। गनीमत यह रही कि घटना सुबह के वक्त हुई, जिससे सड़क पर आवाजाही कम थी और कोई जनहानि नहीं हुई।

हालांकि, इस दुर्घटना के चलते क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति घंटों ठप




टूटा विद्युत पोल

रही। घटना मंगलवार सुबह करीब 6 बजे की है। जटवारा तिराहे पर लगा पुराना और जर्जर बिजली का खंभा बंदरों के वजन और कूदने से नीचे से चटककर सामने की दुकानों पर आ गिरा। खंभे के साथ बिजली के भारी तार भी सड़क पर आ गए, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। हाथों-हाथ स्थानीय दुकानदारों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी, जिसके बाद सतर्कता बरतते हुए सेकंड फीडर की आपूर्ति तुरंत बंद कर दी गई।

इस तकनीकी खराबी और मरम्मत कार्य के चलते जटवारा, पटवन गली, पृथ्वी दरवाजा और कोयला वाली गली सहित प्रमुख मोहल्लों में करीब 5 घंटे तक बिजली गुल रही। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और युद्धस्तर पर मरम्मत का काम शुरू किया। टीम ने घटनास्थल पर नया खंभा स्थापित कर तारों को जोड़ा। करीब सुबह 11 बजे मरम्मत का काम पूरा होने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू की जा सकी।

# पेड़ की डाल टूटी, किशोर गिरकर घायल

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

क्षेत्र के गांव अल्लाहपुर में आम के पेड़ से सूखी लकड़ियां तोड़ते समय एक 12 वर्षीय किशोर टहनी टूटने से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसके दोस्त तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए। जानकारी के अनुसार गांव अल्लाहपुर निवासी संजय सक्सेना का पुत्र 'हर्षित उम्र 12 वर्ष अपने दोस्तों के साथ गांव के पास स्थित आम के बाग में गया था। वे आम के पेड़ पर चढ़कर सूखी लकड़ियां तोड़ रहे थे। इसी दौरान हर्षित जिस टहनी पर बैठा था, वह अचानक टूट गई टहनी टूटते ही हर्षित अपना संतुलन खो बैठा और टहनी के साथ पेड़ से नीचे जमीन पर जा गिरा। किशोर के जमीन पर गिरते ही उसके दोस्तों में अफरा-तफरी मच गई। दोस्तों ने तुरंत हर्षित के घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल हर्षित को लेकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टर विपिन सिंह ने किशोर का उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार हर्षित को प्राथमिक उपचार दिया गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

# जंक फूड के दुष्प्रभावों के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज,रायबरेली।**

इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, रायबरेली में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत मंगलवार को गृहविज्ञान विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता का विषय 'जंक फूड का स्वास्थ्य पर प्रभाव' रखा गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए जंक फूड के अत्यधिक सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रीति तिवारी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से जंक फूड की जगह घर में बने पौष्टिक एवं संतुलित भोजन को प्राथमिकता देने तथा स्वस्थ खान-पान की आदतें अपनाने का आह्वान किया। गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को जंक फूड के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ एवं पौष्टिक आहार के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की श्रीमती शिखा मौर्या, डॉ. राम दर्शन, श्रीमती प्रियंका गोसिया नायक, डॉ. सारिका सिंह, डॉ. स्नेह सिंह, डॉ. सलोनी भसीन, डॉ. स्वर्णिमा जायसवाल, श्रीमती गायत्री मिश्रा एवं श्रीमती सविता सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शमसाबाद रेलवे स्टेशन पर किसानों ने दिया धरना

**ट्रेन संख्या-15040 व 15041 एक्सप्रेस के ठहराव की मांग**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व में किसानों ने शमसाबाद रेलवे स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन कर ट्रेन संख्या 15040 एवं 15041 एक्सप्रेस के शमसाबाद स्टेशन पर ठहराव की मांग उठाई और रेल मंत्री व मण्डल रेल प्रबंधक उत्तर पूर्वी रेलवे इज्जतनगर को संबोधित ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि शमसाबाद रेलवे स्टेशन क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए प्रमुख यातायात का साधन है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी, छात्र-



रेलवे ट्रैफिक इंचार्ज को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

छात्राएँ, नौकरीपेशा लोग एवं मरीज फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर, लखनऊ, कायमगंज, कासगंज, पटियाली और मथुरा सहित विभिन्न शहरों की यात्रा करते हैं। इसके बावजूद ट्रेन संख्या 15040 एवं 15041 का स्टेशन पर ठहराव न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि इन दोनों ट्रेनों का शमसाबाद रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी। धरना-प्रदर्शन के उपरांत किसानों ने रेलवे प्रशासन एवं केंद्र सरकार से जनहित में दोनों एक्सप्रेस ट्रेनों का शमसाबाद रेलवे स्टेशन पर शीघ्र ठहराव सुनिश्चित करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि मांग पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। वहीं अपनी माँगो के लेकर किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओं ने अपना ज्ञापन रेलवे ट्रैफिक इंचार्ज राजा गुप्ता को सौंपा। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज राजीव कुमार, हल्का इंचार्ज दरोगा जगराम सिंह, कांस्टेबल नंदलाल, कांस्टेबल किरण कुमार, आदर्श अवस्थी, योगेंद्र सिंह, महिला कांस्टेबल निशा सहित थाने का भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं जीआरपी चौकी इंचार्ज कायमगंज दरोगा सत्येंद्र कुमार, जीआरपी इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा, आरपीएफ के दरोगा अर्जुन कुमार मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी इ.कॉ. के प्रधानाचार्य निलंबित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


प्रधानाचार्य अनिल सिंह

- वित्तीय अनियमितता व आदेशों की अवहेलना का आरोप
- तीन सदस्यीय जांच समिति गठित, प्रवेश पर रोक

गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रबंधक महेश चंद्र सिंह ने विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह को गंभीर वित्तीय अनियमितताओं, आदेशों की अवहेलना और कर्तव्यों की उपेक्षा के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष भी हैं। प्रबंधक महेश चंद्र सिंह ने प्रधानाचार्य को भेजे गए निलंबन पत्र के अनुसार, उन्हें 8 अगस्त, 20 अगस्त और 27 अगस्त को पत्र जारी कर शैक्षणिक सत्र 2013-14 से अब तक कक्षावार कुल छात्र संख्या के सापेक्ष वसूल किए गए शुल्क, आय-व्यय का ब्योरा तथा मूल अभिलेख बिल वाउचर, कैशबुक, पासबुक प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए थे। इसके अलावा, विद्यालय में संचालित अटल टिंकरिंग लैब हेतु प्राप्त धनराशि और उसके वर्षवार व्यय का विवरण भी मांगा गया था। बार बार आदेश के बावजूद अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने को घोर वित्तीय अनियमितता माना गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए 30 अगस्त को प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पारित प्रस्ताव के आधार पर इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम के तहत प्रधानाचार्य पर घोर अनुशासनहीनता, प्रबंधक के आदेशों की अवहेलना, अभिलेख प्रस्तुत न करने, निधियों के दुर्विनियोग और अवैध शुल्क वसूली जैसे गंभीर आरोपों में तत्काल प्रभाव से निलंबन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

प्रबंध समिति की अनुशंसा पर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। इसमें आदेश कुमार सिंह, महेश चंद्र सिंह और दिनेश प्रताप सिंह को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच समिति द्वारा प्रधानाचार्य को पृथक से आरोप पत्र प्रेषित किया जाएगा, जिसके बाद वे अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।

बिना पूर्व अनुमति के विद्यालय परिसर में उनका प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वे बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे और न ही साक्ष्यों या अभिलेखों से छेड़छाड़ का प्रयास करेंगे। वहीं प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने बताया कि निलंबन की मुझे कोई जानकारी नहीं है। बैठक में कौन लोग थे, ना ही मुझे पता है और न ही ऐसी कोई बैठक हुई है। मेरे ऊपर जो आरोप लगाये गये है वह सभी निराधार है मेरे पास सभी साक्ष्य है।

## फतेहगढ़ कोतवाली के विजय सिंह बने प्रभारी निरीक्षक

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त.दुरुस्त बनाने के लिए बीती रात महकमे में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक विजय सिंह को फ्तेहगढ़ कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक ;नियुक्त किया गया है। एसपी के आदेश के बाद उन्होंने अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। विजय सिंह की इस तैनाती से पहले फतेहगढ़ कोतवाली का चार्ज अपराध निरीक्षक तेज सिंह के पास था। वे कार्यवाहक के तौर पर कोतवाली के कार्यों का निर्वहन कर रहे थे।

एसपी द्वारा बीती रात जारी किए गए आदेश के बाद अब कोतवाली की पूरी जिम्मेदारी विजय सिंह को सौंप दी गई है।

# एआईसीसी सचिव ने ली कांग्रेसियों की बैठक

- खड़गे के अपमान के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


एआईसीसी सचिव का स्वागत करती जिलाध्यक्ष

जिला कांग्रेस कार्यालय, नगला दीना फतेहगढ़ में संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने की। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक कुणाल चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कुणाल चौधरी ने कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की और जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त व धारदार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार के विरोध में कांग्रेसियों ने अपना रोष व्यक्त किया। विरोध स्वरूप पार्टी कार्यालय नगला दीना से लेकर जे.एन.वी. रोड स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मान में एकजुटता का संदेश दिया। पर्यवेक्षक अजय दुबे, कौशलेंद्र यादव, मनीष द्विवेदी, अर्चना राठौर, शकुंतला देवी जिलाध्यक्ष, मृत्युंजय शर्मा, अंकुर मिश्रा, उजैर, अनिल मिश्रा, नफीस हुसैन आदि मौजूद रहे।

# बूथ समिति एवं शक्ति केंद्र संयोजक सत्यापन को लेकर बनी रणनीति

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


बैठक को संबोधित करते शिव महेश दुबे

मंगलवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों, मंडल प्रवासियों, मंडल प्रभारियों, जिला संयोजक, सह-संयोजक, मंडल संयोजक, सह-संयोजक एवं मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

जिला संगठन प्रभारी एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने मंडल कार्यसमिति सत्यापन एवं प्रवास योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंडल में शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ कमेटियों का सत्यापन किया जाना है। 3 एवं 4 सितंबर के मध्य सभी मंडलों में बूथ समिति सत्यापन को लेकर बैठकें आयोजित होंगी। बूथ समिति के सत्यापन के साथ ही शक्ति केंद्र संयोजकों का भी सत्यापन किया जाएगा। यह कार्य मंडल प्रवासी एवं मंडल अध्यक्षों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव निकट है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी तैयारी के साथ चुनावी रण में उतरना होगा। उन्होंने कहा कि सभी मंडलों में विभिन्न सामाजिक वर्गों एवं प्रमुख राजनीतिक नेताओं से संबंधित आवश्यक जानकारी संकलित कर जिले को उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ कमेटी एवं शक्ति केंद्र संयोजक सत्यापन कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। 3 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम को देखते हुए कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू देर रात्रि जनपद पहुंचेंगे। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, रूपेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह राठौर, डॉ0 बीके गंगवार, भास्कर दत्त दुबे, हिमांशु गुप्ता, गोपाल राठौर, अनुज कटियार, जितेंद्र सिंह, अभिषेक बाजपई, रश्मि दुबे, संदेश राजपूत, अनुराग सिंह, श्वेता दुबे, शिवांग रस्तोगी, विवेक सिंह, नीरज अवस्थी, पंकज पाल, संदीप शाक्य, हिना दवे, रमला राठौर, ऋषि पाल सिंह सिसौदिया, मनोज गंगवार, निर्मल शाक्य, ससांग शेखर मिश्रा, कृष्णमुरारी राजपूत, सर्वेश कुशवाहा, विकास पांडे मौजूद रहे।

## आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर राष्ट्रीय पीडीए सेना ने आंदोलन की दी चेतावनी

फर्रुखाबाद। कादरीगेट थाना क्षेत्र के गंगानगर कॉलोनी में हुई आकाश कश्यप की निर्मम हत्या के मामले में पुलिसिया कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों और सर्व समाज का गुस्सा फूट पड़ा है। मंगलवार को राष्ट्रीय पीडीए सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा देने की मांग की। 29 अगस्त को गंगानगर कॉलोनी निवासी आकाश कश्यप पुत्र महाराम के घर में घुसकर हमलावरों ने उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। थाना कादरीगेट में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के 4 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आरोपियों के खुले घूमने से मृतक के परिजनों को जान-माल का गंभीर खतरा बना हुआ है। मुकदमे में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी 05 सितंबर तक नहीं की गई।

# राज्य स्तरीय जू. कबड्डी चैंपियनशिप के लिए 14 खिलाड़ी चयनित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


चयनित कबड्डी खिलाड़ी

उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के निर्देशानुसार 50वीं जूनियर बालक ओपन राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप 2026-27 के लिए जिला कबड्डी एसोसिएशन फर्रुखाबाद द्वारा फतेहगढ़ स्थित स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में चयन ट्रायल का आयोजन किया गया।

कबड्डी मैट पर आयोजित इस ट्रायल में जनपद के 78 बालकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के इरादे से पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव की देखरेख में संपन्न हुए इस ट्रायल में चयन समिति ने खिलाड़ियों की प्रतिभा का आकलन कर 14 सदस्यीय मुख्य टीम, 4 अतिरिक्त (रिजर्व) खिलाड़ियों, 1 कोच और 1 मैनेजर का चयन किया। चयनित खिलाड़ी सनी, अभिषेक, नवनीत, जसकरन, अनित, अंकित, अमन रचित, मो0 अरसलान अंसारी, प्रांशु शाक्य, शिवनाथ, भास्कर शुक्ला, शोभित और रमन कुमार के नाम शामिल है। अतिरिक्त (स्टैंडबाय) खिलाड़ी कुलदीप सिंह, शिव कुमार, आयुष एवं किशन के नाम शामिल है। टीम कोच चंदन कुमार व टीम मैनेजर अभिषेक पाल नामित किये गये है। चयन समिति की भूमिका में स्टेट रेफरी विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, सपना यादव और अभिषेक पाल रहे। चयनित टीम आगामी 6 और 7 सितंबर को आदर्श कृष्ण महाविद्यालय शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) में आयोजित होने वाली 50वीं राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में जनपद का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों के चयन पर जिला कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ0 आशीष शाक्य, उपाध्यक्ष व म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के प्रवक्ता प्रदीप कुमार जायसवाल तथा कोषाध्यक्ष सुभाष यादव ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन और जीत की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर संयुक्त सचिव शैलेंद्र यादव, कृष्ण गोपाल वर्मा, अजेंद्र कश्यप, अमन सिंह, राहुल पाल, अखिल राजपूत, अहमद मियां और विनीत कुमार सहित एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## जलभराव के कारण आम जनजीवन प्रभावित



बारासगवर, उन्नाव। भगवंत नगर विधानसभा अंतर्गत कटरी क्षेत्र के दर्जनों गांव इन दिनों जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। जलभराव के कारण आम जनजीवन प्रभावित है , खेतों में खड़ी फ्सलें खराब होने से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। स्थिति की जानकारी मिलने पर सपा नेता अंकित सिंह परिहार ने प्रभावित गांवों का दौरा कर ग्रामीणों और परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और दुख-दर्द की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया और प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें क्षेत्र के हालात से अवगत कराया। साथ ही प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रयास शुरू किए। दौरे के दौरान ग्राम छुलिहा में दीवार गिरने से रघुवीर रावत एवं उनके युवा पौत्र के दुखद निधन की सूचना मिलने पर अंकित परिहार शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि एक परिवार का अपने दो अपनों को इस तरह असमय खो देना शब्दों से परे पीड़ा है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें और शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। अंकित परिहार ने कहा कि 166 भगवंतनगर का हर परिवार उनका अपना परिवार है। सुख में साथ होना और संकट की घड़ी में अपने लोगों के बीच खड़ा रहना ही एक परिवार के सदस्य के रूप में उनकी जिम्मेदारी है।

## बारिश से कमलापति इंटर कॉलेज में भरा पानी


बीघापुर,उन्नाव। सोमवार रात से लेकर सुबह तक रुक रुक कर हुई तेज बारिश ने लोगों के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। विकासखंड क्षेत्र में जगह-जगह जल भराव से लोग परेशान है। नगर पंचायत में सब्जी मंडी में जल भराव होने से लोगों को खरीदारी करने के लिए पानी मंझाकर करना पड़ रहा है। नगर पंचायत स्थित कमलापति इंटर कॉलेज में कार्यालय सहित शिक्षण कक्षों में 1 फीट पानी भर जाने से शिक्षण कार्य बाधित हो गया है। एक्सीलेंट विद्यालय में भी पानी भरा हुआ है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्युत उपखंड केंद्र में जल भराव से सारे काम ठप हो गए है। मोहकम, सिजनी, सोहरामऊ ,भाट मऊ में भी जल भराव से लोगों का आवागमन प्रभावित है।

## बाइक फिसले से 34 वर्षीय युवक की मौत

बीघापुर। उन्नाव लालगंज हाईवे से ओसियां लिंक रोड पर प्राथमिक विद्यालय के सामने बाइक फिसल जाने के चलते 34 वर्षीय युवक की मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है ।सुशील पुत्र श्री राम निवासी हरदी कुसुंडी थाना खीरों जिला रायबरेली बाइक से अपनी ससुराल बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव लालगंज प्रथम में मगंलवार शाम को ससुराल जा रहे थे जैसे ही उन्नाव लालगंज हाईवे से ओसियां लिंक रोड पर प्राथमिक विद्यालय के पास पहुचे बाइक फ्सिल कर गई। बाइक फ्सलने से सुशील के सर में गंभीर चोट आ गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे इंदामऊ चौकी इंचार्ज रविन्द्र मालवीय ने सुशील को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया जहां मौजूद डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की तीन पुत्रियों लाडो, परी, पीहू है। मृतक गांव में ही रहकर खेती बाड़ी तथा कभी-कभी अहमदाबाद जाकर काम भी करता था ।घटना की सूचना मिलते ही ससुराल में रह रही पत्नी आरती देवी अस्पताल पहुंची शव देखकर पत्नी बदहवास हो गई। मां राजरानी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के एक छोटा भाई निखिल है।

## नीरज मौत प्रकरण में कोर्ट का बड़ा आदेश, 15 दिन में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

- अधिवक्ता मोहम्मद आसिफकी पैरवी पर सीजेएम ने धारा 173(4) के तहत प्रार्थनापत्र किया स्वीकार



फतेहपुर। नीरज उर्फरिंकू की मौत के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए संबंधित थानाध्यक्ष को 15 दिनों के भीतर मुकदमा दर्ज कर मामले की नियमानुसार विवेचना कराने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने प्रार्थिनी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र और उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध का मामला प्रतीत होने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के तहत प्रार्थनापत्र स्वीकार किया। न्यायालय ने आदेश में कहा कि पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों और प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर पुलिस कार्रवाई की आवश्यकता प्रतीत होती है। संबंधित थाने से प्राप्त आख्या में भी इस संबंध में कोई अभियोग पंजीकृत होना नहीं पाया गया। ऐसे में अदालत ने पुलिस को प्रार्थनापत्र में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विवेचना करने के निर्देश दिए। अधिवक्ता मोहम्मद आसिफकी प्रभावी पैरवी प्रार्थिनी की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद आसिफने न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए उपलब्ध तथ्यों एवं दस्तावेजों को अदालत के समक्ष रखा और मामले में विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध का मामला मानते हुए प्रार्थनापत्र स्वीकार कर पुलिस को निर्धारित समय सीमा में मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराने का आदेश दिया।

# मनीष दुबे के हत्यारों के घर बुलडोजर कार्यवाही की मांग

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



हुसैनगंज थाने के असनी गांव के रहने वाले मनीष दुबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें दो आरोपितों को पुलिस ने जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। बावजूद इसके मनीष दुबे के पिता कामता प्रसाद दुबे, माता माया देवी, पत्नी रीता देवी, बेटे वैभव, गौरव कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

इस दौरान इन लोगों ने मनीष दुबे के हत्यारों के ऊपर कठोरतम कारवाई व परिवार की सुरक्षा के साथ-साथ जीविकोपार्जन के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाई। वैभव दुबे पुत्र स्वर्गीय मनीष दुबे, रीता दुबे पत्नी स्वर्गीय मनीष दुबे ने बताया कि मनीष दुबे की हत्या 29 अगस्त को रात्रि में लगभग 10 बजे अमन सिंह पुत्र मुन्नू सिंह, इंद्रेश उर्फ मुन्नू सिंह द्वारा वैभव दुबे के सामने गोली मारकर कर दी गई थी। इन लोगों ने आरोप लगाया कि गांव में स्थित श्री शिक्षा आश्रम स्कूल ट्रस्ट है जिसमें लगी लगभग 55 बीघा जमीन जो ट्रस्ट की है। उनकी निगाहें उस जमीन पर थी जिसमें सैकड़ो वर्ष पूर्व इसी भूमि में एक मंदिर था। जिसमें गांव के सभी लोग पूजा अर्चन करते थे इन लोगों ने लगभग 20 वर्ष पहले इनके पिता मुन्नू सिंह ने यह कहकर मंदिर को गिरवा दिया था कि अच्छे से मंदिर बनवाएंगे लेकिन उनकी निगाह पूरी तरह से जमीन पर कब्जा करने की थी जिसमें यह लोग गेस्ट हाउस बनवाकर कब्जा करना चाहते थे सभी गांव वालों ने मिलकर उक्त मंदिर को बनवा दिया। इसी खुन्नस को लेकर अमन सिंह पुत्र मुन्नू सिंह इंद्रेश सिंह और पवन सिंह लगातार आए दिन लड़ाई झगड़ा करते थे और धमकियां देते थे इसी के चलते इन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। अब पीड़ित परिवार सुरक्षा की गुहार लगवा रहा है।

वहीं कांग्रेसी नेता शिवाकांत तिवारी ने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए आर्थिक मुआवजा की मांग किया साथी एक सरकारी नौकरी की भी मांग किया और आरोपी दबंग के खिलाफउनके घर में बुलडोजर की कार्रवाई की भी मांग की गई।

# महिला हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा, दो गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



छावनी थाना क्षेत्र में महिला की गोली मारकर हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल 315 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस और अपाचे बाइक बरामद की है। हत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया था। सुरागरसी और जांच के बाद पुलिस ने संतोष निषाद उर्फ कल्लू और विनोद निषाद उर्फ मोदी को दबोच लिया। दोनों आरोपी ग्राम कल्लूपुरवा कटरी, पीपरखेड़ा, थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव के रहने वाले बताए गए हैं। संतोष की उम्र करीब 30 वर्ष और विनोद की उम्र करीब 23 वर्ष है।पुलिस ने बरामद तमंचे और कारतूस के संबंध में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 की बढ़ोतरी की है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जिला कारागार भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मामले में आगे की विवेचना जारी है।

## शिल्पा अग्रवाल ने जनसंपर्ककर ग्रामीणों से किया संवाद



समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई। भाजपा नेत्री शिल्पा अग्रवाल ने विधानसभा क्षेत्र संडीला के अंतर्गत ब्लॉक भरावन के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों से आत्मीय भेंट एवं संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों का हालचाल जानने के साथ उनकी समस्याओं को सुना। भाजपा नेत्री शिल्पा अग्रवाल के साथ पूर्व विधायक राजकुमार अग्रवाल ने ग्राम घेरवा में श्री रामधर दीक्षित से भेंटकर उनका कुशल-क्षेम जाना। इसके साथ ही ग्रामवासियों से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर संवाद किया। वहीं दुलानगर और श्यामदासपुर में भी जनसंपर्क कर ग्रामीणों से बातचीत की। क्षेत्रवासियों ने स्नेह और अपनत्व के साथ अपनी बात रखी। उन्होंने ग्राम कौड़िया में पूर्व प्रधान अनिरुद्ध अर्कवंशी के आवास पर पहुंचकर आत्मीय भेंट की तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं की जानकारी ली। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के ग्राम तेरवा निवासी सुरेश गौतम के पुत्र रजनीश कुमार गौतम के आकस्मिक निधन पर उनके आवास पहुंचकर परिजनों से भेंट कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। कहा कि जनता के बीच रहना, उनकी समस्याओं को सुनना और उनके सुख-दु:ख में सहभागी बनना ही सच्ची जनसेवा है। क्षेत्रवासियों का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद जनसेवा के संकल्प को निरंतर मजबूती प्रदान करता है।

# जातिगत आरक्षण के विरोध में उमड़ा जनसैलाब

समृद्धि न्यूज,कानपुर।




प्रस्तावित यूजीसी के काले कानून और जातिगत आरक्षण के विरोध में सोमवार को कानपुर में सवर्ण समाज का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सवर्ण एकता मोर्चा के बैनर तले सरसैया घाट पर सर्व ब्राह्मण विकास परिषद और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सैकड़ों पदाधिकारी हाथों में तख्तियां, बैनर और झंडे लेकर एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की। त्रष्ट काला कानून वापस लो ÷आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करो÷, ÷मेरिट से खिलवाड़ बंद करो÷ के नारों से पूरा सरसैया घाट गूंज उठा। इसके बाद सभी पदाधिकारी पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी कानपुर नगर को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित 5-सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि त्रष्ट के नए कानून को तत्काल वापस लिया जाए और 70 साल पुरानी जातिगत आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू किया जाए। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सवर्ण एकता मोर्चा के संयोजक कुंवर मनोज भदौरिया ने कहा कि, आज सरसैया घाट पर उमड़ा यह जनसैलाब इस बात का सबूत है कि सवर्ण समाज अब जाग गया है। यह त्रष्ट कानून नहीं, सवर्णों के बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेलने का षड्यंत्र है। आज ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ सब एक मंच पर इसलिए आए हैं क्योंकि अब पानी सिर के ऊपर चला गया है। गरीब सवर्ण भूखा मर रहा है, योग्य होने के बाद भी उसके बच्चे नौकरी से वंचित हैं। सरकार कान खोलकर सुन ले, अगर इस काले कानून को वापस नहीं लिया तो 2027 के विधानसभा चुनाव में सवर्ण समाज वोट की चोट से जवाब देगा।

## भाजपा की मंडल एवं बूथ सत्यापन कार्यशाला संपन्न

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांगठनिक ढांचे को जमीनी स्तर पर त्रुटिहीन और मजबूत बनाने के लिए आज उन्नाव जिला मुख्यालय पर एक महत्वपूर्ण मंडल और बूथ सत्यापन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत मुख्य अतिथि व अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलन और स-स्वर वंदे मातरम्श् के राष्ट्रगीत गायन के साथ हुई।इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय अभियान संयोजक डॉ. विमल सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा व विधायक भगवती प्रसाद रावत, अभियान संयोजक व जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, जिला महामंत्री रजनीश वर्मा, मनीष जायसवाल, अभियान के सह-संयोजक व जिला उपाध्यक्ष नवीन सिंह, क्षेत्रीय संयोजक नमामि गंगे सरोज सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा और पूर्व जिला महामंत्री आशीष बाजपेई श्अटलश् आदि वरिष्ठ पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से मंचासीन रहे। बैठक में जिले के सभी भाजपा पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष और मंडल महामंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभियान संयोजक डॉ विमल सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के सभी मंडलों के लिए विशेष मंडल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

# तलाब में डूबने से युवक की मौत, तलाश जारी

समृद्धि न्यूज,बंगरमऊ उन्नाव।



थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम पवारन खेड़ा निवासी एक 45 वर्षीय युवक सोमवार को शाम गांव के निकट तालाब में गए भैंस के बच्चे को निकालते समय युवक गहरे पानी में चला गया।ग्रामीणों ने काफी समय तक उसकी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। लखनऊ से आई बाढ़ राहत दल की टीम तालाब में उसकी तलाश कर रही है। लेकिन आज मंगलवार शाम लगभग चार बजे गोताखोरों ने शव तालाब के अन्दर से ढूढ़ निकाला । पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। बताया जाता है कि थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम पवारन खेड़ा निवासी संतोष कुमार 45 वर्ष पुत्र फकीरे खेती किसानी करता था और वह भैंस भी पाले हुए हैं। बताया जाता है कि सोमवार शाम लगभग 6 बजे भैंस का बच्चा गांव के पास ही स्थित गहरे तालाब में चला गया। उसे निकालने के लिए संतोष कुमार भी तालाब में उतर गया । इसी दौरान उसका पैर फ्सिलने से वह गहरे पानी में चला गया। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की स लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने भी युवक की तलाश के लिए काफी प्रयास किये स लेकिन कोई सफ्लता नही मिलने पर पुलिस ने 32 वीं पीएसी वाहिनी बाढ़ राहत दल लखनऊ की टीम को मौके पर बुलाया और मंगलवार को स्टीमर से तालाब में खोजबीन शुरू की गई लेकिन तभी पुलिस ने बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ गांव से गोता खोर भी बुलावा कर युवक की तलाश शुरू कराई स बांगरमऊ फायर स्टेशन के दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गये ।

गोताखोरों ने मंगलवार शाम लगभग 4 बजे युवक का शव ढूढ़ कर बाहर निकाल लिया। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया । पत्नी रेखा, पुत्री चांदनी व सोनी तथा पुत्र लवकुश सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थाना बेहटा मुजावर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि तालाब से युवक का शव निकाल लिया गया है।

# विदुषी बाजपेई ने बाढ़ क्षेत्र के कई गांवों का किया दौरा

समृद्धि न्यूज,बंगरमऊ उन्नाव।

क्षेत्र में बारिश और गंगा नदी में आई बाढ़ का पानी जगतनगर न्याय पंचायत के ग्राम सभा खैरुद्दीनपुर, फ्रीदपुर कट्टर और अचल पुरवा के कई घरों के आसपास जलभराव से परेशान ग्रामीणों से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता विदुषी बाजपेई ने मिलकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर जिला प्रसाशन से मांग की है कि पीड़ितों की हर सम्भव मदद की जाये । सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता विदुषी बाजपेई ने आज बाढ़ क्षेत्र के कई गाँवों का दौरा किया। जहां उन्होंने ने कई ग्रामीणों के घरों में पानी घुसने से हुए नुकसान को देखा और कहा कि ऐसी स्थित में कच्चे मकानों के साथ-साथ घरेलू सामान, अनाज और बिजली के उपकरणों को नुकसान का खतरा बना हुआ है स उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था, प्रभावित परिवारों का सर्वे कराकर , राहत और उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या के लिए स्थायी समाधान के लिए जिला प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में ग्रामीणों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उनके साथ ब्लॉक अध्यक्ष सुशील पाल, पूर्व जिला सचिव संजीव कुमार शुक्ला, अनुज द्विवेदी, बबलू यादव एवं अनूप कुमार यादव सहित प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## सूचना

मैनें अपना नाम Prdip kumar से नाम बदलकर PRADEEP KUMAR पुत्र VIJAY KUMAR पता VILLAGE POTARIHA POST DEEH POLICE STATION ACHALGANJ DISTRICT UNNAO कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

# पुलिस अधीक्षक ने शिक्षार्थियों को भविष्य निर्धारण के लिए दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता एवं जन-संवाद अभियान के तहत आज जीएसवीएस इण्टरमीडिएट कॉलेज, महराजगंज में विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित किया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासित जीवन, सही लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन तथा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स साझा करने के साथ-साथ वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया।एस. पी.श्री अवस्थी ने विद्यार्थियों द्वारा उठाए गये विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं, वे नकारात्मकता से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण और अपने सपनों को साकार करने में लगाएं। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रशासन, शिक्षकगण, पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# पीएम फसल बीमा योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर समृद्धि की बात, किसानों के साथ कार्यक्रम का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज कृषि विभाग द्वारा 'समृद्धि की बात, किसान के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ एवं फसल सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को फसल बीमा के लाभ, जोखिम से सुरक्षा तथा योजना की उपयोगिता के संबंध में जागरूक करना रहा। इस अवसर पर प्रगतिशील एवं सफल कृषकों को फार्मर चैम्पियन के रूप में चिन्हित एवं सम्मानित किया गया। इन कृषकों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य किसानों को भी फसल बीमा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।उप कृषि निदेशक ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से फसल बीमा योजना में जुड़ने तथा अन्य कृषकों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर समय किसानों के साथ खड़ी है तथा फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान किसानों द्वारा अपने अनुभव एवं सफलता की कहानियां साझा की गईं। साथ ही किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों से अपील की गई कि वे खरीफ 2026 मौसम की फसलों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा अवश्य कराएं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर निर्धारित की गई है। किसानों को सलाह दी गई कि प्राकृतिक जोखिमों से अपनी कृषि आय को सुरक्षित रखने के लिए समय से फसल का बीमा कराएं। कार्यक्रम में अपर सांख्यिकी अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, भारतीय कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों तथा जनपद के कृषक बंधुओं ने प्रतिभाग किया।

## कुशीनगर ने ठाना है, जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है थीम पर महिलाओं को किया जागरूक

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान में सब बार इम्पावरमेंट आफ वूमेन कुशीनगर द्वारा जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रीक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह ने की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पात्रता एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराया गया। जेण्डर स्पेशलिस्ट श्रीमती प्रीती सिंह द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, 112, 108 एवं 102 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त करने के संबंध में जागरूक किया गया। इसी क्रम में श्रीमती वंदना कुशवाहा द्वारा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा पर चर्चा करते हुए इनके सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमन मिश्रा, असिस्टेंट अकाउंटेंट द्वारा विभागीय योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए तथा पात्र लाभार्थियों से स्वयं योजनाओं का लाभ लेने एवं पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बानो, पवन कुमार, तमन्ना, प्रवीन सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाएं उपस्थित रहीं।

# राखी बांधने आई बहन की पोखरे में मिली लाश, तीन दिन से थी लापता

- भाइयों को राखी बांधने के बाद अचानक घर से निकली थी वृद्धा
- मानसिक बीमारी का चल रहा था इलाज

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाई पर राखी बांधने मायके पहुंची 60 वर्षीय महिला की तीन दिन बाद पोखरे में उतराती लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शुक्रवार की शाम भाई के घर से अचानक निकली महिला का सोमवार शाम पटहेरवा थाना क्षेत्र के डीह करमैनी गांव स्थित पोखरे में शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की पहचान तमकुही थाना क्षेत्र के शिवसरया गांव निवासी शिवानंद कुशवाहा की पत्नी मतिरानी देवी के रूप में हुई।

मिली जानकारी के अनुसार मतिरानी देवी रक्षाबंधन के दिन गुरुवार की शाम अपने पोते के साथ फाजिलनगर थाना क्षेत्र के भेलया गांव स्थित अपने भाई बुधन कुशवाहा के घर पहुंची थीं। शुक्रवार की सुबह उन्होंने अपने भाइयों बुधन, सुगन और तुलसी को राखी बांधी। दिनभर भाई के घर रहने के बाद शुक्रवार की शाम वह अचानक बिना किसी को बताए घर से निकल गईं।

परिजनों को पहले लगा कि वह किसी दूसरे भाई के घर चली गई होंगी, लेकिन जब एक दिन बाद भी उनका कोई पता नहीं चला तो भाइयों ने उनके पति शिवानंद कुशवाहा से फोन पर जानकारी ली। वहां से भी मतिरानी के घर नहीं पहुंचने की जानकारी मिली तो परिवार में बेचैनी बढ़ गई। रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन महिला का कहीं सुराग नहीं मिला। आखिरकार परिजनों ने तुर्कपट्टी थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

सोमवार की शाम उस समय पूरे मामले ने दर्दनाक मोड़ ले लिया, जब डीह करमैनी गांव के कुछ लोग पोखरे के पास टहलने पहुंचे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में उतराते महिला के शव पर पड़ी। शव दिखाई देते ही आग के जैसे फैल गया। सूचना पर पटहेरवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोखरे से बाहर निकलवाया। खबर मिलते ही मृतका के भाई बुधन सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान मतिरानी देवी के रूप में की।पटहेरवा थानाध्यक्ष प्रविंद्र कुमार राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।वहीं मृतका के पति शिवानंद कुशवाहा ने बताया कि मतिरानी देवी का करीब डेढ़ वर्ष से मस्तिष्क संबंधी बीमारी का इलाज चल रहा था और उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। ऐसे में राखीबांधने केबाद अचानक घर से निकलना और तीन दिन बाद पोखरे में शव मिलना कई सवाल छोड़ गया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# एफएक्यू गुणवत्ता के आलू उत्पादन पर शासन दे रहा अनुदान

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

आलू उत्पादकों को प्रदेश सरकार द्वारा एफ. ए. कयू. गुणवत्ता के आलू ( 30 से 80 एम एम )उत्पादन पर लागत का 25 प्रतिशत अथवा उत्पादन लागत एवं बिक्री दर के अंतर की धनराशि जो कम हो सरकार द्वारा अधिकतम 35000 रुपए तक अनुदान दिया जाएगा। शासन द्वारा 1 जनवरी से 15 अप्रैल की अवधि के बीच आलू उत्पादन करने वाले किसानों को भामाशाह भाव स्थिरता कोष अंतर्गत आलू के मूल्य में गिरावट, बाजार में आलू उपज की अधिकता के कारण उत्पन्न होता है ऐसा होने से किसानों को होने वाले छति की भरपाई के लिए शासन द्वारा किसान द्वारा रोपित क्षेत्रफल पर प्रति हेक्टेयर 35000 रुपए सहयोग राशि के अनुसार सहयोग प्रदान किया जाना है।आलू रोपित क्षेत्रफल का निर्धारण निर्गत खसरा, खतौनी के आधार पर निश्चित होगा।किसान आईडी कार्ड धारक एवं एग्री स्टेट पोर्टल पर पंजीकृत आलू उत्पादक कृषक ही योजना अंतर्गत पात्र होंगे।जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी के अनुसार आलू उत्पादक कृषको द्वारा योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा।जिसके लिए फोटो युक्त वैध पहचान पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति,बैंक पासबुक,चेक बुक की छाया प्रति जिस पर खाता धारक का नाम, खाता संख्या,आईएफएससी कोड आदि अंकित हो। रोपित आलू क्षेत्रफल के लिए खसरा खतौनी आवश्यक होगा। ऑनलाइन पंजीकृत आवेदक कृषको द्वारा गेट पास एवं प्रपत्र -06 सहित निर्धारित अभिलेख की छाया प्रति भौतिक रूप से जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। जनपद स्तर पर ए.पी. आई के माध्यम से गेट पास एवं प्रपत्र- 06 की तात्कालिक सूचना /प्रगति हेतु विभागीय पोर्टल से संयोजन किया जाएगा।जनपद के आलू उत्पादक किसान यथाशीघ्र पंजीकरण करा कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी श्री रस्तोगी के अनुसार विस्तृत जानकारी के लिए जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से किसान संपर्क कर सकते हैं। कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार पाल मोबाइल नंबर- 9821 63 3206 पर संपर्क कर किसान योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# रुक रुक कर हो रही बारिश से धान की फसल को व्यापक लाभ

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**



कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश का दौर चल रहा है।जिससे धान की फसल को व्यापक लाभ मिल रहा है।श्रावण मास के दौरान लंबे अंतराल तक अच्छी बारिश की शुन्यता बनी हुई थी।और खंडवृष्टि के रूप में कुछ दिनों के अंतराल पर जहां-तहां बारिश हो रही थी।ऐसे में अवर्षण वाले क्षेत्र की धान की फसल का विकास थम गया था। तमाम किसान डीजल फूक कर सिंचाई करने में लगे थे। लेकिन तीन दिन से बारिश का क्रम रुक रुक कर बना है।जिससे धान की शंकर, मोटी एवं सुगंधित प्रजाति के धान की फसल को लाभ मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि धान की फसल के लिए कुछ दिनों के अंतराल पर अच्छी बारिश की आवश्यकता होती है। वर्तमान में कम अवधि की धान की पक रही फसल एवं रेडे की अवस्था में पहुंच चुकी धान की विभिन्न प्रजातियो की फसल को रुक-रुक कर हो रही बारिश से लाभ की स्थिति बनी है। किसानों के अनुसार कुछ दिनों पूर्व तक लगातार तेज धूप की स्थिति बनी हुई थी और बारिश नहीं हो रही थी जिसके फल स्वरुप कुछ प्रजाति की धान की फसल में झुलसा रोग का प्रकोप तेजी से फैल रहा था।ऐसे में बारिश से रोग पर नियंत्रण की स्थिति बन रही है।

# मौनी बाबा गंगा घाट पर नहाते समय दो किशोरियां डूबीं



**गाजीपुर।** करंडा थाना क्षेत्र के चोचकपुर स्थित मौनी बाबा गंगा घाट पर मंगलवार दोपहर करीब एक बजे स्नान करते समय दो किशोरियां गंगा में डूब गईं। घटना के बाद से दोनों की तलाश जारी है। नायब तहसीलदार दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बसंतपट्टी गांव निवासी स्वर्गीय मदनसेन सिंह की पुत्रियां माही सिंह (16) और महिमा सिंह (14) चोचकपुर स्थित मौनी बाबा गंगा घाट पर स्नान करने गई थीं। छोटी बहन डूबने लगी जिसपर बड़ी बहन ने बचाने का प्रयास किया लेकिन इस दौरान गहरे पानी होने से दोनों गंगा नदी में डूब गईं। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना एनडीआरएफ को दे दी गई है। दोनों किशोरियों की तलाश के लिए खोजबीन जारी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की आशंका, किसानों में छाई मायूसी

**समृद्धि न्यूज़, भांवरकोल/गाजीपुर।**



गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से क्षेत्र के विभिन्न गांवों पर अब बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मंगलवार को गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने के साथ ही पानी निचले इलाकों में फैलना शुरू हो गया है। इससे तटवर्ती क्षेत्र के किसान चिंतित और मायूस नजर आ रहे हैं।

गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण पानी अब रिहायशी और कृषि क्षेत्रों की ओर रुख करने लगा है। भांवरकोल क्षेत्र में वीरपुर भागड़ नाले के रास्ते गंगा का पानी शेरपुर होते हुए लालूपुर गांव तक पहुंच गया है। इससे शेरपुर-आमघाट मार्ग अवरुद्ध हो गया है। वहीं, फिरोजपुर होते हुए बाढ़ का पानी भागड़ नाले से आमघाट, नकटीकोल और रानीपुर होते हुए पखनपुरा एवं कुंडेसर तक पहुंच गया है। फिरोजपुर-धर्मपुरा पुल के ऊपर से बाढ़ का पानी बहने लगा है। ऐसे में इन गांवों का तहसील क्षेत्र से संपर्क टूटने की आशंका बढ़ गई है।

मैदानी और निचले इलाकों में बाढ़ का पानी भरने से स्थानीय लोगों के सामने पशुओं के चारे का भी गंभीर संकट खड़ा होने लगा है। वहीं, व्यावसायिक खेती के तहत क्षेत्र में इस समय बड़े पैमाने पर किसानों ने सैकड़ों हेक्टेयर खेतों में मिर्च, गोभी, टमाटर, लौकी और करैला समेत विभिन्न सब्जियों की खेती की है। खेतों में पानी फैलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष आई बाढ़ में हाईवे-31 से दक्षिण बांध क्षेत्र के शेरपुर सहित आसपास के कई गांवों में फसलें पूरी तरह तबाह हो गई थीं। यदि इस बार भी बाढ़ आई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा और उनकी कमर टूट जाएगी। गंगा के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

# अमर शहीद संजय यादव की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



अमर शहीद संजय यादव की 27 वीं पुण्य तिथि धनईपुर ग्राम मे धुमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आरम्भ मे कारगिल शहीद संजय यादव की धर्म पत्नी राधिका यादव, पुत्र गौरव यादव, भाई अजय यादव, सौरभ यादव, बाबा दुखरन यादव, कारगिल शहीद रामविलास यादव की धर्मपत्नी पुष्पा यादव, कारगिल शहीद शेषनाथ यादव की धर्मपत्नी सरोज यादव, संत घनश्यामाचार्य उर्फ बालक स्वामी, शौर्य सगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुब्बा यादव आदि लोगो ने प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके श्रद्धासुमन अर्पित किया।पूर्व सैनिकों द्वारा विशाल जलूस निकाला गया सभी लोग हाथ तिरंगा ध्वज लेकर नारे लगा रहे थे। संबोधित करते हुए शौर्य सैनिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुब्बा यादव ने कहा गाजीपुर की धरती अमर शहीदों की जन्म भूमि है। यहां के नौजवानों ने कारगिल युध्य मे अपने प्राणों की आहूति दे दी परन्तु भारत मां की गरिमा पर आंच नहीं आने दिया।अमर शहीद संजय यादव ने कुमाउं बटालियन के 13 वीं रेजीमेंट मे कार्यरत होते हुए कारगिल युध्द में 01सितम्बर सन 1999 को भारत मां की रक्षा मे अपने प्राणों की आहूति देकर पूरे देश मे रोशन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत घनश्यामाचार्य उर्फ बालक स्वामी ने कहा, वीर जवानों पर हमें गर्व है। वह माता पिता धन्य है जिन्होंने से वीर सपूतों को जन्म दिया। गाजीपुर जनपद क्रांतिकारियों की जन्म भूमि है। स्वत्रंतता आन्दोलन मे भी अग्रणी भूमिका का निर्बाह किया। पुण्य तिथि मे बिभीन्न राज्यों से करीब 300 सैनिक आये थे। इस अवसर पर कुमांयु रेजीमेंट 13 वीं बटालियन के श्रीराम यादव,देवी प्रसाद यादव, सुजीत यादव आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद

# जंगीपुर पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**गाज़ीपुर।** थाना जंगीपुर पुलिस द्वारा 1 अदद अवैध पिस्टल 0.32 बोर के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01.09.2026 को उ.नि. जमालुद्दीन मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त सुनील बिन्द पुत्र रामजीत बिन्द निवासी भुलन्दरपुर थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर को 01अदद अवैध पिस्टल 0.32 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना जंगीपुर पर मुअसं 188/26 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# सीडीओ, प्रशासक और प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के बीच संवाद कार्यक्रम संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, सादात/गाजीपुर।**



ब्लाक सभागार में मंगलवार को सीडीओ, प्रशासक और प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के बीच संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सीडीओ आलोक प्रसाद व डीडीओ राजन राय ने ब्लाक क्षेत्र के करीब दो दर्जन विद्यालयों में खराब हैंडपंप, शौचालय, साफ सफाई, टूटी चारदीवारी ,टाइलीकरण और खराब किचन की स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कायाकल्प के अधिकतर महत्वपूर्ण पैरामीटर पर कार्य अपूर्ण रहने या काम नहीं होने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। अधिकारी द्वय ने कहा कि अगर चिन्हित विद्यालय में तीन से चार दिनों में काम नहीं हुआ तो संबंधित सचिवों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा । सभी का वेतन इस पूरे वित्तीय वर्ष तक के लिए रोक दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने ए बीएस,ए ,बीडीओ, एडीओ पंचायत ,मनरेगा अधिकारी को भी चेतावनी देते हुए कहा कि हर हाल में अपूर्ण कार्यों को पूरा करें। इसमें तनिक लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ श्री प्रसाद ने कहा कि शासन द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है उन्हें ईमानदारी पूर्वक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने विद्यालयों में खेल का मैदान , ओपन जिम, वालीबाल, बैडमिंटन कोर्ट सहित अन्य खेलों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सचिवों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही फेमिली आईडी बनाने के लिए प्रेरित किया। मांडल तालाब के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर बीएसए उपासना रानी वर्मा, खंड विकास अधिकारी केके सिंह, एडीओ पंचायत मुहम्मद इरशाद जफर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बढ़नपुरा पुल के निर्माण कार्य को एनएचएआई ने दी स्वीकृति

**गाजीपुर।** परियोजना निदेशक एनएचएआई आजमगढ़ ने अवगत कराया है कि बढ़नपुरा क्षेत्र में यातायात की सुगमता एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा बढ़नपुरा पुल के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्वीकृत परियोजना के तहत 2-लेन + पेव्ड शोल्डर (2 Lane + Paved Shoulder) कॉन्फिगरेशन का नया पुल निर्मित किया जाएगा। इससे वर्तमान संकरे पुल के कारण उत्पन्न होने वाली यातायात संबंधी समस्याओं में कमी आएगी तथा वाहनों का आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। पुल का निर्माण कार्य मानसून की अवधि समाप्त (01 अक्टूबर 2026) होने के बाद प्रारंभ किया जाएगा।

# बाढ़ के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए सतर्कता एवं बचाव के निर्देश

- डीएम ने जनपदवासियों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जनपद में गंगा नदी सहित अन्य नदियों के जलस्तर में लगातार तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। बाढ़ की संभावित स्थिति के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखने तथा राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि बढ़ते जलस्तर को देखते हुए किसी भी प्रकार का जोखिम न लें तथा बाढ़ प्रभावित एवं संभावित बाढ़ वाले क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। किसी भी व्यक्ति को घबराने की आवश्यकता नहीं है, जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते हुए बाढ़ की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण करें तथा जलस्तर, प्रभावित गांवों, आवागमन की स्थिति एवं राहत



कार्यों की लगातार निगरानी करते रहें। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ की स्थिति में किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और प्रभावित लोगों तक प्रशासन की मदद शीघ्र पहुंचाई जाए। उन्होंने एनडीआरएफ/बचाव दल को भी लगातार सक्रिय एवं चक्रमणशील रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रेस्क्यू एवं राहत कार्य किया जा सके।

**बाढ़ प्रभावित लोगों तक पहुंचाई जा रही राहत सामग्री:** जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए खाने-पीने की सामग्री एवं आवश्यक राहत सामग्री लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में राहत सामग्री उपलब्ध रखी गई है, ताकि किसी भी प्रभावित परिवार को खाद्य सामग्री अथवा आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत सामग्री का वितरण आवश्यकता एवं प्राथमिकता के आधार पर निरंतर जारी रखा जाए तथा प्रभावित लोगों की आवश्यकताओं का नियमित रूप से आकलन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल, भोजन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर उसका तत्काल समाधान कराया जाए।

**डीएम की जनपदवासियों से अपील:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि बाढ़ के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी लोग पूरी सावधानी बरतें। प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। यदि किसी क्षेत्र में पानी तेजी से बढ़ रहा है तो तत्काल सुरक्षित स्थान पर चले जाएं और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे राहत एवं सुरक्षित आश्रय स्थलों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, एनडीआरएफ/बचाव दल एवं संबंधित विभागों की टीमें पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

**पुलिस एवं प्रशासनिक टीमें लगातार करें भ्रमण:** बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस विभाग एवं प्रशासनिक टीमों को लगातार भ्रमण और निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करते हुए लोगों को खतरनाक स्थानों पर जाने से रोका जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ते जलस्तर के बीच कुछ स्थानों पर बच्चों एवं युवाओं द्वारा बाढ़ के पानी अथवा नदी में नहाने का प्रयास किया जा रहा है, जो अत्यंत खतरनाक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां भी इस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं, वहां तत्काल बैरिकेडिंग/वेरीकेटिंग की व्यवस्था कराई जाए तथा पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के माध्यम से लोगों को नदी एवं बाढ़ के पानी के निकट जाने से रोका जाए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को बढ़ते जलस्तर के दौरान नदी, नहर, तालाब अथवा बाढ़ के पानी के आसपास न जाने दें। थोड़ी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।